आज का मौसम
24.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.50
सूर्यास्त 05.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष सप्तमी 05:01 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082


रविवार, 8 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 169, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये



■ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले- संघ सत्ता की इच्छा नहीं रखता - 12



■ इलेक्ट्रॉनिक्स आई पी के लिए अमेरिका के साथ काम कर रहा भारत : अश्विनी वैष्णव - 12



■ ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएगा अमेरिका - 13



■ डेविस कप क्वालीफायर में सुमित नागल पहले एकल मुकाबले में हारे - 14

# अमेरिका से व्यापार समझौता पूरा, भारत के लिए 30,000 अरब डॉलर का बाजार खुला

## ट्रंप ने रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी हटाया, अब सिर्फ 18 फीसदी टैरिफ

- भारत अगले 5 साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद विमान और कलपुर्जे आदि खरीदेगा

नई दिल्ली/वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार वार्ता शनिवार को पूरी हो गई। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाएंगे। वहीं, रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी अमेरिका ने हटा दिया है। अब भारतीय वस्तुओं पर मौजूदा शुल्क 50% से घटकर 18 प्रतिशत रह जाएगा।

समझौते के तहत भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं। दोनों देशों के एक संयुक्त बयान के मुताबिक, भारत ने अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान और विमान कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा जताया है। बयान के मुताबिक, अमेरिका और भारत को पारस्परिक और द्विपक्षीय रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के लिए रूपरेखा तैयार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से रूसी तेल की खरीद पर पिछले वर्ष अगस्त में भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क को हटा दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अंतरिम समझौते से भारतीय निर्यातकों, विशेषकर एमएसएमई, किसानों व मछुआरों के लिए 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर का बाजार खुलेगा। इसका कारण भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क पहले के 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। अमेरिका ने अगस्त, 2025 में रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया था। यह पहले से लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क के अलावा था। इस वजह से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया था। इससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ था, क्योंकि अमेरिका उनका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। शुल्क में कमी से वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर, जैविक रसायन, गृह सज्जा, हस्तशिल्प उत्पाद जैसे भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों और कुछ मशीनरी के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, जेनेरिक दवाइयों, रत्नों और हीरों, तथा विमान के कल-पुर्जों सहित कई प्रकार की वस्तुओं पर शुल्क शून्य हो जाएगा।




नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल।

### मेक इन इंडिया को मिलगी मजबूती : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर खोलकर मेक इन इंडिया को मजबूत करेगा तथा महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेगा। प्रधानमंत्री ने भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद भी दिया। मोदी ने कहा, भारत-अमेरिका के लिए बहुत अच्छी खबर। यह रूपरेखा भारत-अमेरिका साझेदारी की बढ़ती गहराई, भरोसे और गतिशीलता को दिखाता है।

### इन चीजों पर नहीं लगेगा कोई टैरिफ

चाय, मसाले, कॉफी, नारियल तेल, कोपरा, और वनस्पति मोम जैसे उत्पादों पर अमेरिका में कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा, केले, आम, अमरूद, एवोकाडो, कीवी, पपीता, अनानास, मशरूम, जड़ वाली सब्जियां, अनाज, जौ, बेकरी उत्पाद, कोको उत्पाद, तिल, खसखस और खट्टे फलों के रस जैसे कई फल, सब्जियां और कृषि उत्पाद भी बिना किसी शुल्क के अमेरिकी बाजार में पहुंचेंगे। भारत से करीब 13 अरब डॉलर के दवा निर्यात पर भी अमेरिका में शून्य-शुल्क लगेगा। रत्न और आभूषण निर्यात को भी शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, साथ ही कई अन्य उच्च-मूल्य वाले उत्पाद भी इसमें शामिल हैं।

### भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

अमेरिका 2021-25 के दौरान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका का हिस्सा 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत है। 2024-25 में, द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डॉलर (86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात) तक पहुंच गया। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 2024-25 में 41 अरब डॉलर था।

# बीडा क्षेत्र के विकास के लिए 23,590 एकड़ भूमि का अधिग्रहण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार का बड़ा कदम, कुल 56,662 एकड़ में किया जाएगा औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार
- बीईएमएल कंपनी का 600 करोड़ रुपये निवेश का प्रस्ताव, औद्योगिक गतिविधियों को मिलेगी गति

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र के विकास के लिए 23,590 एकड़ भूमि का अधिग्रहण अंतिम दौर में है। इसके साथ ही सरकार ने कुल 56,662 एकड़ भूमि को औद्योगिक विकास के लिए औपचारिक रूप से अनुमोदित कर दिया है। यह फैसला भूमि अधिग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि बुंदेलखंड के आर्थिक और सामाजिक कायाकल्प की नींव के रूप में देखा जा रहा है।

योगी सरकार का लक्ष्य है कि वर्षों से पिछड़े माने जाने वाले इस क्षेत्र को निवेश, रोजगार और औद्योगिक अवसरों का नया केंद्र बनाया जाए। इस औद्योगिक पहल का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) ने बीडा क्षेत्र में लगभग 600 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस परियोजना से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के असर मिलेंगे और पलायन पर प्रभावी रोक लगेगी। इसके तहत सड़क, बिजली, जलापूर्ति, औद्योगिक प्लॉट्स, वेयरहाउसिंग और कनेक्टिविटी जैसी आधारभूत संरचनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि निवेशकों को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का वास्तविक अनुभव मिल सके। बीडा परियोजना का लाभ बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं रहेगा। सरकार का फोकस एमएसएमई, स्टार्टअप्स और सहायक उद्योगों को भी इस औद्योगिक विस्तार से जोड़ने पर है।

### 100 एकड़ में बनेगा लॉजिस्टिक्स पार्क

बीडा क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के लिए 100 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किया जाएगा। इस परियोजना का निर्माण कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा। यह पार्क सड़क व रेल नेटवर्क को जोड़ते हुए माल परिवहन को सुगम बनाएगा, जिससे उद्योगों की लॉजिस्टिक लागत घटेगी, सप्लाई चेन मजबूत होगी और निर्यात क्षमता में भी इजाफा होगा।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, प्यार का उत्सव वेलेंटाइन डे व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### ऑपरेशन साइहॉक 3.0 के तहत 2500 से अधिक ठगों पर की गई कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन साइहॉक 3.0 के तहत खुफिया जानकारी के आधार पर कई राज्यों में साइबर ठगी नेटवर्क के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है, जिसमें 2,563 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और 627 करोड़ रुपये से अधिक के धोखाधड़ी मामलों को आपस में जोड़ा गया है। दिल्ली तथा असम, अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा और केरल समेत 10 से अधिक राज्यों में समन्वित ढंग से अभियान चलाया गया जिसमें 5,000 से अधिक पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

# मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने छह यात्रियों को रौंदा

मथुरा, एजेंसी

- बस से उतरकर सड़क किनारे खड़े थे यात्री, सभी के चेहरे कुचले, स्वेटर से पहचान
- जान गंवाने वालों में दो औरैया एक-एक कन्नौज, फिरोजाबाद बस्ती और दिल्ली के रहने वाले

यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कंटेनर ट्रक के बस से टकरा जाने से छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना मथुरा जिले के सुरीर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो बजकर 45 मिनट पर हुई। सुरीर पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अजय कुमार ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब नोएडा से कानपुर जा रही एक बस को बीच में एक यात्री के शौचालय जाने के कारण रोका गया था। उन्होंने बताया कि एक कंटेनर ने बस को बगल से टक्कर मार दी, जिससे बस से उतरकर सड़क पर खड़े छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। हादसे में यात्रियों के चेहरे कुचल जाने से उनकी पहचान स्वेटर से की गई।

जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि सभी मृतकों और घायलों के परिजनों को नियमानुसार सहायता मुहैया कराई जाएगी। इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान औरैया निवासी सोनू (32), बस्ती निवासी देवेश (32), कन्नौज निवासी असलम (27), दिल्ली निवासी संतोष (45), औरैया निवासी अनुराग (27) और फिरोजाबाद निवासी प्रमोद (35) शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान औरैया निवासी शिवकांत दुबे (46) के रूप में हुई है। जिलाधिकारी ने बताया शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद फरार हुए ट्रक चालक की तलाश जारी है। शेष यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजा जा रहा है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस।

# यूपी नीट पीजी काउंसिलिंग में 1533 सीटों पर मिलेगा प्रवेश

**लखनऊ।** यूपी नीट पीजी-2025 की तीसरी काउंसिलिंग में प्रदेश के सरकारी व निजी कुल 70 मेडिकल कॉलेजों की रिक्त 1533 पीजी सीटों को शामिल किया गया है। मेरिट सूची के आधार पर चिकित्सक अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा कॉलेजों के रिक्त सीटों की मेट्रिक्स सार्वजनिक कर दी गई है। जारी मेट्रिक्स के अनुसार 34 सरकारी समेत 70 मेडिकल कॉलेजों में एमडी-एमएस की 1458 सीटें और डीएनबी की 75 सीटों सार्वजनिक की गई हैं। इनमें एनेस्थिसिया, ईएनटी, मेडिसिन, माइक्रोबॉयोलॉजी, आर्थो, मानसिक रोग विभाग, रेडियोलॉजी और सर्जरी विभाग की सीटें शामिल हैं। अभ्यर्थियों को 11 फरवरी तक प्राथमिकताएं देनी होंगी, तत्पश्चात सीट आवंटन परिणाम घोषित किए जाएंगे। 17 फरवरी तक प्रवेश की प्रक्रिया कॉलेज स्तर पर संपन्न की जाएगी।

## मलेशिया पहुंचे पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को मलेशिया के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे, यहां उनकी अगवानी समकक्ष अनवर इब्राहिम ने की। मोदी ने कहा कि मलेशिया में भारतीय मूल के 30 लाख लोग रहते हैं, जो विश्व में भारतीय मूल के लोगों का दूसरा सबसे बड़ा समुदाय है। (खबर देश विदेश पेज पर)

# अमेरिका ने पीओके और अक्साई चिन को भारत का हिस्सा बताया

- ट्रेड डील के बाद भारतीय मानचित्र शेयर किया, पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा को बड़ा झटका

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने भारतीय मानचित्र शेयर किया। जिसमें पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है।

यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतर्राष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या 'डॉटेड लाइन्स' से दिखाया जाता है। इस बार ट्रंप प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है। इसे पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार और आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर ट्रंप की खुशामद में लगे हुए हैं। यहां तक कि शहबाज सरकार ने ट्रंप के गाजा पीस बोर्ड में भी शामिल होने का फैसला कर लिया, जिसका पाकिस्तान में ही विरोध हो रहा है।

# केरल में प्याज के ट्रक से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त

- 245 बक्से बरामद, जिलेटिन की 10,500 छड़ें और डेटोनेटर मिले

**मलप्पुरम।** केरल में मलप्पुरम के समीप चेम्माड में शनिवार को प्याज लदे एक ट्रक से जिलेटिन की 10,500 से अधिक छड़ें व डेटोनेटर जब्त किए गए। इस सिलसिले में पुलिस ने ट्रक की मालकिन को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार, ईंट के भट्ठे के पास खड़े इस ट्रक से लगभग 245 बक्से बरामद किए गए जिनमें जिलेटिन की छड़ें, डेटोनेटर और तार रखे थे। तिरुरंगडी थाने के अधिकारियों ने बताया कि प्याज से लदा यह ट्रक शुक्रवार देर रात ईंट के भट्ठे पर पहुंचा था।

एक गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद ट्रक से सामान उतार रहे लोग भाग गए। हिरासत में ली गई महिला पत्थर की एक खदान भी चलाती है।

# बच्चे से योगी बोले- हम भी तेरे दादा ही लगते हैं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उत्तराखंड के पैतृक गांव पंचूर में बच्चों के बीच उमड़ा 'महाराज' का बालप्रेम
- सीएम ने सुबह गांव में बड़े-बुजुर्गों से हालचाल पूछा, बच्चों को किया दुलार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम के बाद शनिवार सुबह गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान योगी का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। एक बच्चे से बातचीत में बोले कि 'हम भी तेरे दादा ही लगते हैं'।

योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की। इस दौरान, गांव के लोगों ने योगी के साथ सेल्फी भी ली। वे शनिवार को अपने परिजनों से भी मिले। योगी की विनम्रता, सरलता व सहजता देखकर स्थानीय लोग भी भाव-विभोर हो गए।



उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिलांतर्गत यमकेश्वर तहसील स्थित अपने गांव पंचुर में बच्चे को दुलारते मुख्यमंत्री योगी।

**हीलाहवाली** तीसरे-चौथे दर्जे के कर्मी सबसे आगे, ऑनलाइन ट्रैकिंग से बढ़ा डर, पहले फाइलों में दब जाते थे मामले

# संपत्ति घोषणा में चार गुना पीछे हैं आईएएस-पीसीएस अफसर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** आईएएस, आईपीएस और पीसीएस संवर्ग के अधिकारी ही संपत्ति घोषणा में सबसे पीछे खड़े नजर आ रहे हैं। प्रदेश में सभी कार्मिकों की चल-अचल संपत्ति की मानव संपदा पोर्टल पर घोषणा अनिवार्य किए जाने और वेतन तक रोकने के बावजूद पहले और दूसरे दर्जे के अफसरों की सुस्ती नहीं थमी है। जबकि तीसरे और चौथे दर्जे के कर्मी चार गुना आगे हैं।

इसके पीछे की वजह ऑनलाइन ट्रैकिंग से किसी की ओर शिकायत पर कार्रवाई का डर माना जा रहा है। पहले मामले फाइलों में दबे रह जाते थे। मुख्यमंत्री योगी की भ्रष्टाचार पर जीरो-टॉलरेंस नीति और मुख्य सचिव एसपी गोयल के सख्त निर्देशों के बावजूद संपत्ति विवरण देने में सर्वाधिक उदासीनता तो प्रशासन व पुलिस विभाग के अधिकारियों ने ही दिखाई है। आंकड़े बताते हैं कि जहां प्रथम श्रेणी (आईएएस-आईपीएस-पीसीएस) के केवल 83 प्रतिशत अधिकारियों ने मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का ब्योरा दर्ज किया, वहीं तृतीय श्रेणी के 96 प्रतिशत कर्मचारियों ने यह प्रक्रिया पूरी कर ली। 31 जनवरी की समय सीमा तक संपत्ति विवरण अपलोड न करने वाले 47 हजार राज्यकर्मियों पर अब अनुशासनात्मक कार्रवाई की तलवार लटक रही है। प्रदेश में 8.65 लाख कर्मचारियों में से यह संख्या भले प्रतिशत में कम लगे, लेकिन प्रशासनिक पदानुक्रम में इसका असर बड़ा है। संपत्ति न बताने वालों में 16.89 % प्रथम श्रेणी और 13.92% द्वितीय श्रेणी के अधिकारी शामिल हैं। जबकि तृतीय श्रेणी में यह आंकड़ा महज 4.03% और चतुर्थ श्रेणी में 7.34% है। यानी वरिष्ठ अधिकारी संपत्ति घोषणा में चार गुना तक पीछे दिख रहे हैं। ऐसे में तकनीकी दिक्कतों का बहाना भी बनाना अब मुश्किल होगा। जानकारों के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारियों की संपत्ति का स्वरूप अपेक्षाकृत जटिल होता है।

पुरानी खरीदी गई जमीनें, रिश्तेदारों के नाम संपत्ति, बिना अनुमति के किए गए निवेश। ऑनलाइन व्यवस्था में हर एंट्री का स्थायी डिजिटल रिकॉर्ड बन रहा है। पहले कागजी फाइलें दब जाती थीं, अब ट्रैक बनता है। यही डर कई अफसरों को असहज कर रहा है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, बेसिक-माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण, राजस्व, पंचायती राज, गृह, वित्त और सिंचाई जैसे बड़े विभागों में संपत्ति न बताने वालों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है।

### ब्योरा न देने वालों की हो सकती जांच

सूत्रों के मुताबिक एक से अधिक वर्षों तक संपत्ति विवरण न देने वाले अफसरों की अलग सूची तैयार हो रही है। वेतन रोकने से आगे बढ़कर विस्तृत जांच भी हो सकती है। यह मुख्यमंत्री योगी की बैठक में तय होगा, जो पिछले सप्ताह में टल गई थी। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट हो जाएगा कि यह सख्ती सिर्फ चेतावनी बनती है या वास्तव में प्रशासनिक संस्कृति में पारदर्शिता का स्थायी बदलाव लाती है।

### यह है कर्मचारी आचरण नियमावली

उप्र सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के अनुसार हर कर्मचारी को प्रत्येक वर्ष अपनी और आश्रितों की जमीन, मकान, फ्लैट, दुकान, वाहन, आभूषण, निवेश और बैंक जमा जैसी सभी चल-अचल संपत्तियों का विवरण देना अनिवार्य है। सेवा काल में कोई बड़ी संपत्ति खरीदने पर विभागीय अनुमति भी जरूरी है। नियम का मकसद आय और संपत्ति के बीच असंगति पकड़ना है।

## न्यूज ब्रीफ

### 31 मार्च तक चलेगा राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0

**अमृत विचार, लखनऊ :** न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 का संचालन 1 जनवरी से 31 मार्च तक किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों से अभियान में भाग लेकर मध्यस्थता का लाभ उठाने की अपील की है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सभी न्यायालयों, पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, वाणिज्यिक न्यायालय, उपभोक्ता फोरम सहित विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा। मालूम हो कि यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली तथा सर्वोच्च न्यायालय की मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी के तत्वावधान में पूरे देश में चल रहा है।

### 50 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने फरार चल रहे 50 हजार के इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त गिरफ्तारी से बचने के लिए हरियाणा में छिप कर रह रहा था। एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, गोंडा के थाना परसपुर में गैंगस्टर एक्ट के मामले में अभियुक्त रितिक सिंह उर्फ बिल्लू निवासी गांव कालीपुर पुरवा मधईपुर फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम घोषित था। एसटीएफ के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त रितिक ने बताया कि अपने साथी मलखान, जाकिर, रिजवान, सनी, योगेश और अंकित के साथ मिलकर लक्षनपुरवा डेहरास में बीयर की दुकान को काटकर चोरी की थी। इसके बाद धरमनगर स्थित बीयर की दुकान में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

### रेरा ने एजेंटों के लिए लागू की नई व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) प्रदेश में कार्यरत रियल एस्टेट एजेंटों के प्रशिक्षण एवं प्रमाणन के सम्बंध में नई संशोधित व्यवस्था लागू की है। फर्म, पार्टनरशिप, एलएलपी अथवा कंपनी के रूप में कार्य कर रहे डायरेक्टर या पार्टनर की जिम्मेदारी होगी कि एजेंट का प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कराएं। साथ ही सेल अथवा मार्केटिंग से जुड़े एक निश्चित संख्या में कार्मिकों को प्रशिक्षण प्राप्त कर मूल्यांकन प्रक्रिया में सफल होना होगा। उसके बाद ही प्रतिष्ठान द्वारा रेरा में एजेंट पंजीकरण के लिए आवेदन किया जा सकेगा। ऐसे पार्टनर और डायरेक्टर जो दैनिक कार्यों में शामिल नहीं रहते हैं, उन्हें प्रशिक्षण से छूट लेने का प्रावधान किया गया है। सभी सक्रिय निदेशकों, पार्टनर और कार्मिकों को प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा। पहले से पंजीकृत सभी रियल एस्टेट एजेंटों को 31 दिसम्बर 2026 तक प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा।

### रिपोर्ट दर्ज कराने को कांग्रेसियों ने थाना घेरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की कथित आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं करने पर कांग्रेसियों में खासा गुस्सा है। जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को लखनऊ के हुसैनगंज थाने का घेराव किया और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि बीते दिनों सरोजनी नगर के भाजपा समर्थित लोगों द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की अपमानजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की गई थी।

# गुजरात की तर्ज पर माननीयों का इस्तीफा लेकर बदले जा सकते मंत्री

## योगी मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार जल्द, बदले जा सकते डेढ़ दर्जन मंत्री, व्यापक फेरबदल की तैयारी अंतिम चरण में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर बड़े बदलाव की आहट तेज हो गई है। गुजरात मॉडल की तर्ज पर योगी सरकार 2.0 में दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार और व्यापक फेरबदल की तैयारी अंतिम चरण में मानी जा रही है। करीब डेढ़ दर्जन मंत्रियों को बदले जाने की संभावना है। इसके साथ ही भाजपा संगठन में भी बड़े स्तर पर बदलाव को लेकर दिल्ली में सहमति बन चुकी है। इसी के साथ भाजपा संगठन में भी भारी फेरबदल की तैयारी है। इसे लेकर दिल्ली में सहमति बन गई है।

गुजरात में 2022 विधानसभा चुनाव से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बड़ा दांव खेलते हुए 16 मंत्रियों से इस्तीफा लिया था और नए मंत्रिमंडल में 19 नए चेहरों को शामिल किया गया था। इसका सीधा असर चुनावी नतीजों में दिखा और भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

इसी मॉडल को यूपी में अपनाने की तैयारी मानी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में फिलहाल 54 मंत्री हैं, जबकि संवैधानिक रूप से 60 मंत्रियों की सीमा है। यानी छह पद पहले से खाली हैं। ऐसे में मंत्रिमंडल विस्तार तय माना जा रहा है, लेकिन इस बार संदेश साफ है, सिर्फ विस्तार नहीं बल्कि परफॉर्मेंस के आधार पर बदलाव। पार्टी और संगठन स्तर पर लंबे समय से यह फीडबैक मिल रहा है कि सरकार के कुछ मंत्रियों के कामकाज को लेकर असंतोष है। यह नाराजगी केवल जनता तक सीमित नहीं, बल्कि विधायकों, सांसदों और संगठन के पदाधिकारियों के जरिए भी शीर्ष नेतृत्व तक पहुंची है। आरएसएस और भाजपा के बीच हुई समन्वय बैठकों में भी मंत्रियों की सक्रियता, जनता से जुड़ाव और विभागीय प्रदर्शन को लेकर सवाल उठे हैं।

सूत्रों का कहना है कि जिन मंत्रियों के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही हैं, उन्हें संगठन या चुनावी मैदान में भेजा जा सकता है। वहीं उनकी जगह ऐसे नए चेहरों को मौका मिलेगा, जो जमीनी पकड़ रखते हों और 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति में फिट बैठते हों। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर दो टाइमलाइन पर विचार चल रहा है, पहली होली से पहले और दूसरी पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद। हालांकि पार्टी के भीतर यह भी संकेत हैं कि खाली पदों के साथ-साथ बड़े बदलाव एक साथ किए जा सकते हैं, ताकि बार-बार फेरबदल का संदेश न जाए।

### सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन पर जोर

मंत्रिमंडल विस्तार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन पर खास ध्यान दिया जाएगा। दलित, पिछड़े, ब्राह्मण और महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा पश्चिमी यूपी, बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई क्षेत्र से नए चेहरों को आगे लाने पर भी मंथन चल रहा है। कुछ ऐसे विधायक, जिन्होंने हाल के वर्षों में संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय दिखाया है, उन्हें मंत्री पद मिल सकता है।

### भाजपा संगठन में भी होगा बड़ा फेरबदल

केवल सरकार ही नहीं, भाजपा संगठन में भी बदलाव तय माने जा रहे हैं। जिलों से लेकर क्षेत्रीय स्तर तक कई पदों पर नए चेहरों को लाने की तैयारी है। सभी मोर्चे में कमान बदली जा सकती है। दिल्ली में हुई बैठकों में यह सहमति बनी है कि सरकार और संगठन दोनों में एक साथ बदलाव कर चुनावी मशीनरी को पूरी तरह सक्रिय किया जाए।

### आठ मेडिकल कॉलेजों में प्राचार्य की नियुक्त को मांगे आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में आठ कॉलेजों में प्राचार्य की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। यह आवेदन 6 मार्च 2026 तक, समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय में पंजीकृत डाक द्वारा उपलब्ध कराना होगा। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय के अपर निदेशक द्वारा कानपुर देहात, कुशीनगर, बिजनौर, सुल्तानपुर, सोनभ गोंडा, अमेठी और बुलंदशहर मेडिकल कॉलेजों में प्राचार्य की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदक अभ्यर्थियों की उम्र 50 साल से लेकर 62 साल के मध्य होनी चाहिए।

# आईबी अफसर बनकर गांठता था रौब, गिरफ्तार

## विभागों में अवैध कार्य कराने का बना रहा था दबाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ ने आईबी और एनएसए के फर्जी कार्ड किए बरामद

**अमृत विचार:** इंटेलीजेंस ब्यूरो (आईबी) के फर्जी डिप्टी डायरेक्टर को एसटीएफ ने बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से आईबी और एनएसए दिल्ली के फर्जी कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोप है कि गिरफ्तार अभियुक्त मनोज चौहान खुद को आईबी का अफसर बताकर पुलिस और प्रशासन के अफसरों पर अवैध कार्य कराने का दवाब बना रहा था।

एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, सूचना मिली कि पिछले कुछ दिनों से मनोज चौहान नामक व्यक्ति खुद को आईबी का डिप्टी डायरेक्टर बता कर बिजनौर में घूम रहा है। वह पुलिस, राजस्व और शिक्षा समेत अन्य विभागों के अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों तक को फोन कर



आरोपी मनोज चौहान

अवैध कार्य कराने का दबाव बनाता है। सभी से खुद को आईबी का डिप्टी डायरेक्टर बनाकर ही मुलाकात भी करता है। वह सफेद रंग की इंगनिस कार लेकर चलता है।

एसटीएफ ने दिल्ली स्थित इंटेलीजेंस विभाग में संपर्क किया तो पता चला कि बिजनौर में किसी भी अधिकारी की तैनाती नहीं की गई है। इसके बाद एसटीएफ के एडीशनल एसपी ब्रजेश कुमार सिंह ने टीम के साथ बिजनौर में डेरा डाल दिया। शुक्रवार की रात को उन्हें पता चला कि कथित आईबी अधिकारी बिजनौर के कस्बा धामपुर स्थित साकेत बिहार कालोनी में है। एसटीएफ ने जाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पहले तो उसने एसटीएफ को भी दबाव में लेने का प्रयास किया, लेकिन एक नहीं चली। उसके गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो वह टूट गया। उसने अपना नाम मनोज चौहान पुत्र नरेन्द्र सिंह चौहान निवासी त्रिलोकवाला, थाना नगीना बताया। मौजूदा समय में वह कस्बा धामपुर के मोहल्ला साकेत बिहार कालोनी में रह रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से दो मोबाइल, आईबी और एनएसए दिल्ली के दो फर्जी परिचय पत्र और एक कार यूपी 20 सीएच 6789 को बरामद किया है। एसटीएफ ने थाना धामपुर में मुकदमा कायम कर गिरफ्तार कर लिया।

### शीतलहर व विक्षोभ का असर खत्म

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मौसम ने करवट ले ली है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से हुई बारिश और तेज हवाओं के बाद अब प्रदेश में शीतलहर का प्रभाव लगभग समाप्त हो चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में मौसम सामान्य रहेगा और तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

शनिवार को प्रदेश के कई हिस्सों में पछुआ हवाएं चलती रहीं। धूप निकलने के बावजूद हवा में ठंडक बनी रही, लेकिन सुबह और शाम की गलन पहले के मुकाबले काफी कम महसूस की गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, प्रदेश में कोहरे का प्रभाव लगभग खत्म हो चुका है। उन्होंने बताया कि अगले दो से तीन दिनों तक प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं बन रहा है, जिससे तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी संभव है। रविवार को भी तेज हवाएं चलने के आसार हैं। हालांकि, मौसम शुष्क बना रहेगा और दिन में धूप खिली रहेगी। इससे दिन के तापमान में हल्की बढ़त देखने को मिलेगी।



लखनऊ : बसपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों का अभिवादन करतीं पार्टी प्रमुख मायावती, साथ में आकाश आनंद।

# भाजपा सरकार में अधिकांश वर्ग पीड़ित

- विधानसभा उप चुनाव को लेकर बसपा की प्रदेशस्तरीय बैठक को मायावती ने किया संबोधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में गिने-चुने लोगों को छोड़कर समाज का अधिकांश वर्ग, विशेषकर बहुजन समाज, उपेक्षा, असुरक्षा एवं महंगाई से पीड़ित है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी दल बसपा को कमजोर करने के लिए षड्यंत्र कर रहे हैं, लेकिन पार्टी गरीबों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और सर्वसमाज के हितों को केंद्र में रखकर पूरी मजबूती से चुनावी मैदान में उतरेगी।

बसपा प्रमुख शनिवार को पार्टी मुख्यालय में उप्र. राज्य के प्रदेश, जिला व विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों को संबोधित कर रही थी। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर बुलाई गयी अहम बैठक में उन्होंने कहा कि चुनावी तैयारियों को ध्यान में रखते हुए पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक संगठनात्मक फेरबदल किए जाएंगे। सरकार से आमजन के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के लिए समय बहुत कम बचा है। 'एसआईआर की वजह से पार्टी का काम प्रभावित हुआ है। अब उन कार्यों को पूरा किया जाएगा ताकि चुनाव को लेकर संगठन मजबूत और तय चुनावी रणनीति पर अमल किया जा सके।



पौड़ी गढ़वाल स्थित गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी।

### गुरु गोरखनाथ महाविद्यालय में किया पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ/पौड़ी गढ़वाल :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उत्तराखंड प्रवास के दूसरे दिन शनिवार को पौड़ी गढ़वाल जिले के बिथ्याणी (यमकेश्वर) स्थित गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर में आम का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और हरित भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। इस अवसर पर 127 गढ़वाल इन्फेंट्री बटालियन के जवानों ने 'भारत माता की जय' के नारों के साथ कार्यक्रम स्थल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। मुख्यमंत्री ने परिसर का निरीक्षण किया और शैक्षणिक व आधारभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

# बड़ी संख्या में पकड़े गए बिजली चोर, राहत लेने को तैयार नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश में ओटीएस योजना की सुस्त रफ्तार, 12 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने ही कराया पंजीकरण
- योजना का तीसरा चरण शुरू बकायेदारों से वसूली के लिए विभाग ने कसी कमर

**अमृत विचार:** प्रदेश में बिजली चोरी सहित बकायेदारों से बिल की वसूली के मामलों के निपटारे के लिए शुरू की गई एकमुश्त समाधान योजना पॉवर कॉरपोरेशन की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई है। करोड़ों रुपये की छूट और मुकदमेबाजी से राहत के बावजूद प्रदेश भर में बिजली चोरी में पकड़े गए उपभोक्ता योजना से दूरी बनाए हुए हैं। अब तक केवल 12 प्रतिशत पात्र उपभोक्ताओं ने ही ओटीएस के तहत पंजीकरण कराया है, जिससे बिजली विभाग की रणनीति पर सवाल खड़े हो गए हैं।

ऊर्जा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी-26 तक बिजली चोरी के कुल 6.26 लाख मामले ओटीएस के लिए पात्र थे। इन मामलों में करीब 26,367.23 करोड़ रुपये की आंकी गई देनदारी और 1,560.80 करोड़ रुपये के कंपाउंडिंग चार्ज शामिल हैं। वहीं योजना लागू होने के बाद अब तक सिर्फ 75,277 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया, जबकि 51,557 मामलों का ही पूर्ण निस्तारण हो सका है। योजना के तहत अब तक 188.38 करोड़ रुपये की वसूली की जा सकी है। इसमें 149.63 करोड़ रुपये बकाया राशि और 38.75 करोड़ रुपये कंपाउंडिंग चार्ज से प्राप्त हुए हैं। इसके बदले बिजली कंपनियों ने 108.35 करोड़ रुपये की राशि माफ की है। 3 जनवरी को एक दिन में सर्वाधिक 4.57 करोड़ रुपये की वसूली दर्ज की गई थी, लेकिन इसके बाद राजस्व वसूली की रफ्तार सुस्त पड़ गई। कॉरपोरेशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसे कम भागीदारी को गंभीर संरचनात्मक समस्या बताया। उनका कहना है कि यह स्थिति बताती है है कि विभाग की ओर से की जाने वाली कार्रवाई को उपभोक्ता गंभीरता से नहीं ले रहे है। या फिर बड़ी संख्या में उपभोक्ता अब भी औपचारिक बिलिंग व्यवस्था से बाहर हैं। वहीं यूपीपीसीएल के निदेशक (वाणिज्य) प्रशांत वर्मा ने कहा ने कहा कि बिजली चोरी में पकड़े गए उपभोक्ताओं की सीमित भागीदारी के कारणों का विश्लेषण किया जाएगा। फिलहाल हमारा फोकस सामान्य बकाया राशि की वसूली पर है।

### उपभोक्ताओं ने योजना से बनाई दूरी

ओटीएस योजना को लाखों बकायेदार उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली के उद्देश्य से तीन चरणों में लागू किया गया था। पहला और दूसरा चरण समाप्त हो चुका है, लेकिन अपेक्षित भागीदारी नहीं मिली। अब तीसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है, जिसके साथ ही विभाग ने रुख सख्त कर लिया है।

### डिस्कॉम-वार स्थिति

पंजीकरण के मामले में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम 24,773 से अधिक मामलों के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में 24,033 से ज्यादा पंजीकरण दर्ज हुए हैं। प्रतिशत के लिहाज से पूर्वांचल सबसे आगे है, जहां 15 .3 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया। वहीं कानपुर की केस्को में महज 8 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने ही पंजीकरण कराया।

### योजना के खत्म होने के बाद होगी कार्रवाई

बिजली चोरी जैसे गंभीर अपराध पर राहत देने के बावजूद उपभोक्ताओं की उदासीनता के चलते विभाग की ओर से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कम पंजीकरण को देखते हुए बिजली विभाग ने संबंधित अधिकारियों को कनेक्शन काटने, कुर्की और अन्य कड़ी कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं।

# होमगाड्र्स के मृतक आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति में राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होमगाड्र्स एवं अवैतनिक होमगाड्र्स अधिकारियों-कर्मियों के मृतक आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में बड़ी राहत दी गई है। अब ऐसे पात्र आश्रितों को शारीरिक अहर्ता (लंबाई) में दो सेंटीमीटर की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट पुलिस विभाग के समान लागू होगी।

राज्य सरकार ने यह निर्णय न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में लिया गया है। इसके तहत सेवाकाल में मृत्यु होने अथवा स्थायी रूप से दिव्यांग होने की स्थिति में पात्र आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के समय शारीरिक मानकों में यह विशेष छूट दी जाएगी। इस संबंध में होमगाड्र्स विभाग के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह ने महासमादेष्टा, होमगाड्र्स उत्तर प्रदेश को आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश जारी होने के बाद अब विभागीय स्तर पर अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े मामलों में यह छूट प्रभावी मानी जाएगी।

# मुठभेड़ : 127 दिनों में 19 बदमाश ढेर

## हत्या, लूट व फिरौती के लिए कुख्यात बदमाश रहे पुलिस-एसटीएफ के निशाने पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बीते दिनों लखनऊ, बिजनौर समेत कुछ जिलों में बदमाशों ने लूट की वारदातों को अंजाम देकर जमकर दहशत फैलाई, वहीं पुलिस और एसटीएफ भी बदमाशों को ढेर करने में पीछे नहीं रही। 3 फरवरी को एसटीएफ ने बनारस में एक लाख के इनामी बनारसी यादव और 6 फरवरी को पुलिस ने शामली में दिल्ली निवासी 50 हजार के इनामी बदमाश रिहान को ढेर कर दिया। यह दो मामले तो बानगी भर हैं। दरअसल पिछले 127 दिन में पुलिस ने बदमाशों की दहशतगर्दी के खात्मे के लिए ताबड़तोड़ एनकाउंटर किए। 28 सितंबर-2025 से छह फरवरी-2026 तक पुलिस और एसटीएफ ने मिलकर 19 बदमाशों को ढेर कर दिया। हालांकि इन मुठभेड़ों में दर्जन भर पुलिस के जवान भी घायल हुए।

प्रदेश में भाजपा सरकार आई तो क्राइम को लेकर जीरो टालरेंस की नीति पर पुलिस ने काम करना शुरू कर दिया। इसके लिए एनकाउंटर का एक चलन सा शुरू हो गया।



> एनकाउंटर को आम तौर पर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ को ही कहा जाता है। पूर्व में आईपीसी और अब बीएनएस में भी पुलिस को आत्मरक्षा का अधिकार है। कभी- कभी आत्मरक्षा करते समय ही बदमाश ढेर हो जाते हैं, वहीं पुलिस कर्मी भी हताहत होते हैं। जब एनकाउंटर में कोई बड़ा बदमाश ढेर होता है तो जनता में सुरक्षा का अहसास पैदा होता है। जनता पुलिस की हीरोज्म की छवि को पसंद करती है। हालांकि यह अलग बात है कि इसके कानूनी पहलू कुछ भी हो सकते हैं।
>
> **-सुनील कुमार गुप्ता, पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक, यूपी**

हालांकि एनकाउंटर के खिलाफ विपक्षी दल आवाज उठाते रहे हैं। बीते दिनों एक संवैधानिक संस्था ने भी इसके खिलाफ तल्ख टिप्पणी कर डाली। इससे एक बारगी लगा कि एनकाउंटर को लेकर पुलिस बैकफुट पर आ सकती है। लेकिन हुआ इसके ठीक विपरीत। पुलिस और एसटीएफ का एनकाउंटर अभियान जारी रहा। तीन फरवरी को एक लाख के इनामी कथित सुपारी किलर बनारसी यादव को ढेर कर दिया, वहीं छह फरवरी को दिल्ली से सटे यूपी के शामली में भी पुलिस ने 50 हजार के इनामी बदमाश रिहान को भी मौत की नींद सुला दिया। बनारसी यादव अन्य जघन्य मुकद्मों के साथ ही कोलोनाइजर महेन्द्र गौतम की हत्या का अभियुक्त था, जबकि रिहान के खिलाफ 80 मुकदमे दर्ज थे। हालांकि यह दो मामले तो बानगी भर हैं। पुलिस और एसटीएफ का रिकार्ड खंगाले तो पिछले 127 दिनों में 19 कुख्यात अपराधियों को एनकाउंटर ढेर किया गया है।

### इनके हुए एनकाउंटर

28 सितंबर-25 को मुजफ्फरनगर में नईम कुरैशी और तीन अक्टूबर को मेहताब को ढेर कर दिया गया। इसी तरह पांच अक्टूबर को फिरोजाबाद में नरेश पंडित और सहारनपुर में इमरान को पुलिस ने मौत की नींद सुला दिया था। नौ अक्टूबर को बरेली में कुख्यात बदमाश शैतान का एनकाउंटर कर दिया, वहीं 12 अक्टूबर लखनऊ पुलिस ने एक लाख के इनामी मोहम्मद नफीस और 13 अक्टूबर को मेरठ पुलिस ने शहजाद उर्फ निक्की को ढेर कर दिया। शामली में 18 अक्टूबर एक लाख के इनामी नफीस को, जबकि 23 अक्टूबर को शामली में ही फैसल को मौत की नींद सुला दिया। 12 दिसंबर को शामली पुलिस ने समयदीन और दो दिसंबर को बाबरिया गिरोह के सरगना मिथुन एनकाउंटर में मारे गए। 21 दिसंबर को बुलंदशहर में जुबैर और सहारनपुर में एक लाख के इनामी सिराज को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। पांच जनवरी 26 को सुल्तानपुर में एक लाख का इनामी तालिब को मार गिराया गया, वहीं 23 जनवरी को चित्रकूट में कारोबारी बेटे की 40 लाख की फिरौती के लिए हत्या करने वाले बदमाश कल्लू को ढेर कर दिया। तीन फरवरी को एक लाख के इनामी कुख्यात बनारसी यादव और छह फरवरी को शामली में रिहान के अलावा दो बदमाशों को भी पुलिस ने अन्य मुठभेड़ में मार गिराया।

**उपलब्धि** | बिजली उपलब्धता से निवेश, एमएसएमई व रोजगार सृजन को बढ़ावा

# बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार का दावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आरडीएसएस व स्मार्ट मीटरिंग से डिस्कॉम की कार्यक्षमता में हुई बढ़ोतरी

**अमृत विचार:** यूपीपीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की दरों में 30 फीसद तक की वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। जबकि सरकार का दावा है कि प्रदेश में बिजली संकट अब बीते दौर की बात हो गई है।

योगी सरकार का मानना है कि बेहतर बिजली आपूर्ति के चलते प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है, एमएसएमई सेक्टर को संबल मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में प्रदेश की बिजली की कुल आवश्यकता 1 लाख 44 हजार 251 मिलियन यूनिट थी। योगी सरकार ने बिजली की मांग व आपूर्ति के अंतर को समाप्त करने के लिए नीतियों और प्रबंधन सुधारों का जो प्रयास किया, उसका असर दिखने लगा। वित्त वर्ष 2023-24 में आपूर्ति 1 लाख 48 हजार 287 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1 लाख 64 हजार 786 मिलियन यूनिट हो गई। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ। इस अवधि में बिजली की कमी व्यावहारिक रूप से लगभग खत्म हो गई है। योगी सरकार ने बिजली उत्पादन और आपूर्ति के साथ-साथ पारेषण व वितरण व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया।

### आयोग की मंजूरी से तय होगी दरों में बढ़ोतरी

यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने बढ़ते राजस्व घाटे का हवाला देते हुए बिजली दरों में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। हालांकि अंतिम दरों का निर्णय यूपी विद्युत नियामक आयोग की मंजूरी के बाद ही होगा। यूपीपीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की दरों में 30% तक की वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। यह बढ़ोतरी पिछले 5 वर्षों से नहीं हुई है, जिसके कारण राजस्व घाटा बढ़ गया है। प्रस्ताव के मंजूर होने पर, ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरें 13 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच सकती हैं, जिसमें फिक्स चार्ज में भी वृद्धि शामिल है। यूपी में अप्रैल 2025 से ही 1.24% का एक नया फ्यूल सरचार्ज जोड़ा जा रहा है, जिससे बिजली बिल पहले ही थोड़े बढ़ चुके हैं। यदि राज्य विद्युत नियामक आयोग इस प्रस्ताव को मंजूरी देता है, तो उपभोक्ताओं की जेब पर बड़ा बोझ पड़ सकता है।

### न्यूज ब्रीफ

## ट्रांसफार्मर से तार तेल व उपकरण चोरी

**शिवराजपुर।** पकरा गांव में शुक्रवार की रात चोर खेत में लगा ट्रांसफार्मर गिराकर तांबे का तार, तेल व अन्य उपकरण चोरी कर ले गए। शिवराजपुर जेई विद्युत विमलेश दुबे ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि पकरा गांव शुक्रवार की रात में चोर लगे ट्रांसफार्मर को गिराकर तांबे का तार, तेल व अन्य उपकरण चोरी कर ले गए। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने सूचना दी तब उन्हें घटना की जानकारी हो सकी। थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जायेगा। आगे से ऐसा न हो इसके लिये गश्त बढाई जायेगी।

## बिल्हौर में आई 84 शिकायतों में 4 का हुआ निस्तारण

**बिल्हौर।** शनिवार को आयोजित हुए बिल्हौर विकासखंड के ब्लॉक सभागार में समाधान दिवस के दौरान 84 शिकायतों का पंजीकरण किया गया। इनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जा सका। कानपुर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन और एडीएम न्यायिक अगुवाई में शिकायत को चुना गया, जिसमें ज्यादातर राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतें थीं। मौके पर चार शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका।

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं मेहनत ही रास्ता : मंडलायुक्त

### अटल आवासीय विद्यालय रामपुर नरुवा में छात्रों से कहा मेहनत करें सफलता मिलेगी

**दिये मंत्र**

संवाददाता, शिवराजपुर



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन।

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन और मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन शनिवार को रामपुर नरुवा स्थित अटल आवासीय विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके सरस्वती वंदना के साथ हुई। सर्वप्रथम अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों से संवाद कर उन्हें सफलता के गुर बताए। मंडलायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता मेहनत ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है। इसलिये छात्रों को बिना विचलित हुए मेहनत करते रहना चाहिये।

अटल आवासीय विद्यालय पहुंचे मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बच्चों को संबोधित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र प्रगति के लिए घर की याद से ऊपर उठकर लक्ष्य पर केंद्रित रहना सीखें और निरंतर अध्ययन का अभ्यास करें। मंडलायुक्त ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि बड़ी से बड़ी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मजबूत बुनियाद और नियमित अभ्यास से प्राप्त होती है। उन्होंने आवासीय वातावरण को अवसर बताते हुए अनुशासन और समय प्रबंधन को अपनाने पर बल दिया। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने कहा कि फाउंडेशन स्तर से मिल रहा यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए व्यवस्थित और संरचित आधार प्रदान कर रहा है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अवधारणात्मक स्पष्टता और निरंतर मूल्यांकन को सफलता की कुंजी बताया। विद्यालय में

- अटल आवासीय विद्यालय में दी जा रही है आईआईटी और नीट की कोचिंग

कक्षा 8, 9 एवं 10 के विद्यार्थियों के लिए आईआईटी और नीट की तैयारी हेतु फाउंडेशन कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इनका संचालन मैथआईआईटी, त्रिवेंद्रम के सहयोग से किया जा रहा है, जिससे लगभग 330 विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है।

मैथिट आईआईटी के एमडी अजीत दुबे ने तैयारी से जुड़ी बारीकियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि अटल आवासीय विद्यालय में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को आवासीय सुविधा सहित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। फाउंडेशन कक्षाओं के संचालन से इन विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की दिशा में सुदृढ़ शैक्षणिक आधार मिल रहा है। कार्यक्रम में एनयूपीपीएल के सीईओ एस. दुरई कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

## बिल्हौर तहसील पहुंचे मंडलायुक्त

**बिल्हौर।** कानपुर मंडल के कमिश्नर के. विजयेन्द्र पांडियन ने शनिवार को बिल्हौर तहसील परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल राजस्व संबंधी पत्रावलियों की जांच की, बल्कि 'विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान' के अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की फाइलें खंगालीं। उन्होंने निर्देशित किया कि आम जनता से जुड़े राजस्व के मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुराने राजस्व वादों को समय सीमा के भीतर निपटाया जाये। साथ ही राजस्व रिकॉर्ड के रखरखाव और डिजिटल प्रविष्टियों की शुद्धता पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने मतदाता सूची पर्यवेक्षक के तौर पर चुनावी कामकाज का पूरा ब्योरा लिया। उन्होंने उप जिलाधिकारी से जानकारी मांगी कि चुनावी ड्यूटी और अभियानों के कारण सामान्य राजस्व कार्य प्रभावित तो नहीं हो रहे हैं। इस दौरान कमिश्नर ने एसडीएम बिल्हौर संजीव दीक्षित, तहसीलदार अनुभव चंद्र को निर्देशित किया कि वे क्षेत्रीय लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों के कार्यों की नियमित निगरानी करें ताकि सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक बिना किसी बाधा के पहुंच सके।



बिल्हौर विकास खंड का निरीक्षण करतीं सीडीओ दीक्षा जैन। अमृत विचार

# बिल्हौर ब्लॉक में सीडीओ ने 9 कर्मियों का वेतन रोका

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर दीक्षा जैन द्वारा शनिवार को विकासखंड बिल्हौर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में भारी अव्यवस्था और कर्मचारियों की अनुपस्थिति मिलने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों का वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कार्यालय के अभिलेखों की जांच की, जिसमें जीपीएफ पासबुक और सेवा पुस्तिकाएं अपडेट नहीं पाई गईं। सीडीओ ने इन दस्तावेजों को तत्काल अद्यतन (अपडेट) करने के निर्देश दिए और संबंधित पटल सहायक की इस लापरवाही पर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया। वहीं कार्यालय में तैनात 16 नियमित और 10 संविदा कार्मिकों की समीक्षा में पाया गया कि जेई आरईडी राजकुमार माह फरवरी में लगातार बिना किसी सूचना के अनुपस्थित चल रहे हैं। इस पर सीडीओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिशाषी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिए कि उनका फरवरी माह का वेतन आहरित न किया जाए।

### अनुपस्थित मिले ये 9 अधिकारी व कर्मचारी

औचक निरीक्षण के दौरान कई कर्मी ड्यूटी से नदारद या विलंब से आए पाए गए : ये रहे अनुपस्थित : देवेंद्र कुमार शर्मा (लेखाकार), सलिल अवस्थी (कनिष्ठ सहायक), गोपाल कृष्ण दास (बोरिंग टेक्नीशियन), गोमती देवी (पत्रवाहक), इंद्र कुमार, बलवीर सिंह व सत्येंद्र कुमार (तीनों तकनीकी सहायक मनरेगा) और रवि कुमार (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर)। विलंब से उपस्थिति : प्रीति अग्निहोत्री (अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी) कार्यालय देरी से पहुंचीं। सीडीओ ने इन सभी का एक दिन का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश बीडीओ बिल्हौर को दिए गए हैं।

**पेंशन के मामले में बीडीओ को फटकार:** 'जीरो पॉवर्टी' अभियान की समीक्षा के दौरान सीडीओ ने पाया कि वृद्धावस्था पेंशन के 62 पात्र लाभार्थियों को अब तक योजना का लाभ नहीं मिल सका है। इस घोर लापरवाही पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी को कठोर निर्देश दिए कि तीन कार्यदिवस के भीतर सभी पात्रों के आवेदन अग्रसारित कर उन्हें सूचित करें। बीते दिनों मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार के बाद भी बिल्हौर ब्लॉक की हालत में सुधार नहीं हो रहा है। बीडीओ की जवाब देही भी बेहतर नहीं है। इसके चलते सीडीओ ने बीडीओ नेमचंद्र को फटकार लगाई।



कथा पंडाल में आरती करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# विद्यालय में बच्चों से कार्य कराए जाने का वीडियो वायरल

संवाददाता, चौबेपुर



विद्यालय में ईंट लेकर जाते बच्चे।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रमेशपुर में शनिवार सुबह बच्चों से ईंट ढुलवाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। हांलाकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। जानकारी पाकर विद्यालय पहुंचे अभिभावकों ने बच्चों से कार्य कराये जाने को लेकर नाराजगी जताई। मामले में खंड शिक्षा अधिकारी ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रमेशपुर में कुछ निर्माण कार्य चल रहा है। शनिवार सुबह विद्यालय शिक्षिका की मौजूदगी में ईंट ढोते बच्चों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मामले की जानकारी पर बच्चों के अभिभावक विद्यालय पहुंचे और पढ़ाई की जगह इस तरह कार्य कराने का आरोप लगा नाराजगी व्यक्त की। गौरतलब है कि कुछ समय पहले भी विद्यालय में मिड डे मील वितरण को लेकर अभिभावकों ने हंगामा काटा था। वहीं इस बाबत जानकारी पर खंड शिक्षा अधिकारी कुँवर आनंद पटेल ने बताया कि मामले की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से हुई है। मौके पर मौजूद शिक्षिका ने बच्चों से काम करवाए जाने से इनकार किया है। मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# अध्यात्म के बिना मानव का जीवन अधूरा : आचार्य संतोष

संवाददाता, चौबेपुर



कथा सुनाते आचार्य संतोष जी।

**अमृत विचार।** अध्यात्म के बिना मानव जीवन अधूरा है। जीवन का आरंभ संस्कारों से होता है और संस्कार हमें अध्यात्म से ही मिलते हैं। उक्त धार्मिक बातें शनिवार को कस्बे के हनुमान मंदिर में चल रही श्री राम कथा के तीसरे दिन आचार्य संतोष जी महाराज ने भक्तों को बताईं। इस दौरान उन्होंने शिव-पार्वती विवाह का रोचक वर्णन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

कस्बा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में चल रही श्री राम कथा में शनिवार को आचार्य संतोष जी महाराज ने शिव- पार्वती के विवाह का वर्णन करते हुए सुनाया कि शिवजी की पहली पत्नी सती के देह त्याग के बाद हिमांचल( हिमालय राज) के घर जन्मी पार्वती ने बचपन से ही शिव को पति के रूप में पाने का निश्चय कर लिया था। लेकिन सती के शोक में डूबे शिवजी को मना पाना बेहद मुश्किल था। देवताओं के तमाम प्रयास व पार्वती की अटूट भक्ति देखकर अंततः शिवजी प्रसन्न हुए। विवाह के लिए शिव जी जब बारात लेकर निकले,तो उसमें भूत प्रेत, पिशाच,देवता व ऋषि मुनि सब शामिल थे। विभिन्न वैवाहिक रस्मों के साथ पार्वती ने शिव को अपने पति के रूप में स्वीकार किया।

इस दौरान सज रहे भोलेबाबा, आज भोलेनाथ की शादी है, अरि सखी मंगल गाओ री,शिव पार्वती के संग पड़न लगी भांवरिया आदि भजनों के साथ प्रस्तुत की गई शिव पार्वती की झांकी देख दर्शक भाव विभोर हो गए। वहीं रात्रि में वृंदावन के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई श्री कृष्ण लीला देखने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक पं राजेश त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी , त्रिपाठी, ओम नारायण गुप्ता व अज्जू गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




अभिवादन स्वीकार करतीं विधायक सरोज कुरील। अमृत विचार

# चौपाल लगाकर ग्रामीणों को दी बजट की जानकारी

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** केंद्रीय बजट 2026 को लेकर घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कटरी में एक चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची विधायक सरोज कुरील ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान जनसंवाद के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं आमजन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके समाधान हेतु सकारात्मक आश्वासन दिया गया। घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने शनिवार को कटरी गांव में आयोजित चौपाल में भारत सरकार के द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को लेकर सरकार की सराहना करते हुए ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बजट में गरीबों एवं मध्यम वर्ग के लोगों का विशेष ध्यान रखा है। बजट के माध्यम से रोज प्रयोग होने वाली वस्तुओं को सस्ता किया गया है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी, पहलाद सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**आयोजन** हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में मौजूद रहे विधायक राहुल बच्चा सोनकर

# मेधावी बच्चों को विधायक ने किया पुरस्कृत

संवाददाता, बिल्हौर



मेधावी बच्चों के साथ मौजूद विधायक राहुल बच्चा सोनकर व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड ककवन के ब्लॉक संसाधन केंद्र प्रांगण में 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राहुल बच्चा सोनकर ने अपने संबोधन में कहा कि विगत वर्षों में विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति में आमूलचूल परिवर्तन आया है। शासन स्तर पर शिक्षा और बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए मैं एक जनप्रतिनिधि के रूप में हर संभव प्रयास करने हेतु प्रतिबद्ध हूँ। इस दौरान उन्होंने न्याय पंचायत स्तर से आए 20 बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (इन ई पी) 2020 के तहत प्री-प्राइमरी शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए शिक्षा के बुनियादी ढांचे में सुधार की जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन नोडल संकुल शिक्षक अनुराग पाण्डेय ने किया तथा आभार प्रदर्शन एआरपी ब्रजेश प्रताप द्वारा किया गया। इस अवसर पर अमित सिंह, हितेश, शुभम, आरती कटियार, अमित बाजपेई, तुषमूल मिश्र, मोहित, शशांक, संजय स्वरूप, आशुतोष और मुंशीलाल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### अकबरपुर ब्लाक में हुआ शिविर का आयोजन

कानपुर देहात। जनपद में 22 फरवरी को मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके सफल आयोजन हेतु अकबरपुर ब्लॉक में प्री मेगा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रचलित मेडिएशन फॉर द नेशन 2.0 कैंपेन के अंतर्गत मध्यस्थता केंद्र में कुल 12 वादों का निस्तारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कानून समानता, गरीब महिलाओं, बुजुर्ग व बच्चों के कल्याण के लिये विभिन्न विभागों जैसे बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, न्यायिक विभाग, महिला कल्याण विभाग, ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, कृषि विभाग के संबन्ध में जानकारी दी गई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी, अकबरपुर, खण्ड विकास अधिकारी, सिकन्दरा एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### राज्यमंत्री ने डिग्री कॉलेज में लगाया जनता दरबार

कानपुर देहात। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने शनिवार को रामजानकी महाविद्यालय, बैरी असई में जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और राजस्व, सड़क, कानून-व्यवस्था, पेयजल व विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय गुप्ता एवं ग्राम पंचायत सचिव अक्षय की मिलीभगत से अपात्र लोगों को धन लेकर आवास आवंटित किए गए, जबकि पात्र लाभार्थी योजना से वंचित रह गए। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने तत्काल जिले के मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल से फोन पर वार्ता कर निष्पक्ष जांच हेतु समिति गठित करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में राजस्व संबंधी मामलों में भूमि विवाद, पैमाइश व नामांतरण की समस्याएं प्रमुख रहीं। वहीं ग्रामीणों ने जर्जर सड़कों, नालियों की बदहाल स्थिति, पेयजल संकट और अनियमित विद्युत आपूर्ति की भी शिकायतें कीं। मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से मौके पर ही फोन पर संवाद कर सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### तय होने के बाद शादी तोड़ देने पर रिपोर्ट दर्ज

रसूलाबाद। कमलपुर पोस्ट रतनपुर थाना रसूलाबाद निवासी एक व्यक्ति ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर तय हुई शादी तोड़ देने की रिपोर्ट मक्का पुरवा थाना सहायल जिला औरैया निवासी हाल मुकाम देवकी नगर कानपुर महानगर वर एवं उनके माता-पिता के विरुद्ध दर्ज कराई है। शिवम कुमार ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बहन प्रिया की शादी मक्का पुरवा थाना सहायल जिला औरैया हाल मुकाम देवकी नगर कानपुर महानगर निवासी हिमांशु पुत्र राजेश यादव के साथ तय हो गई थी। शादी तय होने के बाद हिमांशु और उनके माता-पिता द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग की गई जिसमें असमर्थता जताने पर उन्होंने शादी से मना कर दिया। तब वह इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने थाने आया। पुलिस ने हिमांशु उनके पिता राजेश यादव व मां सरिता देवी पर रिपोर्ट दर्ज की। थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# दो छात्राओं की मौत के बाद जागा प्रशासन, साफ कराया अतिक्रमण

संवाददाता, रनियां


शनिवार को सड़क किनारे से हटाया गया अतिक्रमण। अमृत विचार

**अमृत विचारः** नबीपुर-गजनेर मार्ग पर कौसम गांव के सामने सड़क किनारे अतिक्रमण पर शनिवार को पुलिस का डंडा चला। इंस्पेक्टर गजनेर के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने बुलडोजर चला कर अतिक्रमण साफ कराया। कुछ लोगों ने विरोध किया, लेकिन पुलिस के तेवर देख वे बैकफुट पर नजर आए।

कौसम गांव के सामने सड़क किनारे लगभग पांच सौ मीटर के दायरे में लगभग एक दर्जन लोगों ने अतिक्रमण कर सड़क किनारे जगह संकुचित कर रखी थी। मोड़ पर सड़क किनारे फुटपाथ पर कब्जा होने से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। वाहनों की रफ्तार व जगह कम होने से यहां दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

शुक्रवार को भी एक बार फिर इस दुर्घटना बाहुल्य बन चुकी जगह पर एक तेज रफ्तार डीसीएम ने आटो में टक्कर मार दी थी। घटना में आटो के परखच्चे उड़ गए थे और इंटर की दो छात्राओं रितु व खुशी की दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि दो अन्य छात्र छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस को यहां लोगों का गुस्सा झेलना पड़ा था और उच्चाधिकारियों ने शनिवार को अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया था। इस संबंध में इंस्पेक्टर गजनेर जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर सड़क किनारे का अतिक्रमण हटवाया गया है और लोगों को भविष्य में अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई है।

# विपिनचंद्र अध्यक्ष, बृजेश पाल बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- अकबरपुर अधिवक्ता समिति के हुए चुनाव


निर्वाचन के बाद पदाधिकारियों का हुआ स्वागत। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विपिन चंद्र दीक्षित अकबरपुर अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। बेहद प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमित कुमार श्रीवास्तव को 94 वोटों से शिकस्त दी। युवा अधिवक्ता बृजेश पाल ने महामंत्री के पद पर 123 वोटों के बड़े अंतर से चुनाव जीता। उन्होंने श्रीओम कठेरिया को हराया है। पुस्तकालयाध्यक्ष पद के लिए मो. अयूब का निर्वाचन हुआ।

निर्वाचित पदाधिकारियों का अधिवक्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कई रोज से चुनाव प्रचार चल रहा था। बाकी पदों के लिए पहले निर्विरोध निर्वाचन हो चुका था। अध्यक्ष, महामंत्री और पुस्तकालयाध्यक्ष पद के लिए शनिवार को मतदान कराया गया। 245 मतदाताओं वाली अधिवक्ता समिति में एक को छोड़, सभी 244 अधिवक्ताओं ने वोट डाले। एल्डर कमेटी के सदस्य मोहम्मद शफीक कुरेशी, राम राज सिंह, रोशन लाल, भगवती प्रसाद, नत्थू सिंह गौर, गोपाल श्रीवास्तव, सत्य नरेश श्रीवास्तव और महेश कांत श्रीवास्तव की देखरेख में वोटिंग प्रक्रिया प्रारंभ हुई। दोपहर बाद तीन बजकर 30 मिनट पर मतदान समाप्ति की घोषणा हुई। मोहम्मद शफीक कुरेशी ने बताया कि अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विपिन चंद्र दीक्षित को 169 वोट मिले। वह निर्वाचित घोषित किए गए। प्रतिद्वंद्वी अमित कुमार श्रीवास्तव को सिर्फ 75 वोट हासिल हुए। इसी तरह, महामंत्री पद के लिए बृजेश पाल को 182 वोट मिले। वह 123 वोटों से विजयी हुए। तीन वोट अवैध रहे। पुस्तकालयाध्यक्ष पद के लिए 155 वोट पाकर मो अयूब निर्वाचित हुए। अजीत कुमार राठौर को 89 वोटों पर संतोष करना पड़ा।

# परिजनों ने सड़क पर रखा टेंट कर्मी का शव, किया हंगामा

## राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, सीओ व एसडीएम के समझाने पर माने परिजन

संवाददाता, शिवली



शिवली कानपुर रोड पर लगा जाम, मौके पर जातीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रतापपुर गांव में शादी समारोह में शुक्रवार को टेंट लगाते समय टेंट के पाइप में करंट आने से हुई एक टेंट कर्मी की मौत के मामले में परिजनों के बीच आक्रोश बढ़ गया। शनिवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव वापस घर आया तो हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर टेंट कारोबारी की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग को लेकर जाम लगा दिया। पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला भी पहुंची। टेंट हाउस के मालिक पर रिपोर्ट दर्ज होने पर लोग शांत हुए।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के प्रतापपुर उदैत गांव निवासी राजन लाल राठौर की पुत्री के शादी समारोह के लिए शुक्रवार को कस्बा शिवली निवासी नीरज कश्यप का टेंट लगने के लिए गया था। टेंट हाउस में काम करने वाले निराला नगर शिवली के रहने वाले कर्मी अंकुर एवं कार्तिक टेंट लगा रहे थे। टेंट लगाते समय लोहे का पाइप ऊपर से गुजरी हाई टेंशन विद्युत लाइन से टकरा गया था जिससे पाइप में करंट उतर आया और करंट की चपेट में आकर अंकुर एवं कार्तिक उर्फ राघवेंद्र समेत गांव के दो युवक सचिन एवं आदित्य झुलस गए थे। ग्रामीणों ने चारों घायलों को उपचार के लिए शिवली सीएचसी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां से कस्बा शिवली निवासी टेंट हाउस के मजदूरों अंकुर एवं कार्तिक को गंभीर हालत में हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया था। रास्ते में निराला नगर निवासी टेंट कर्मी 25 वर्षीय राघवेंद्र उर्फ कार्तिक की मौत हो गई थी। शनिवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव वापस आते ही आक्रोशित परिजन शव को टेंट हाउस मालिक के दरवाजे पर ले जाने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने रोका। इस पर परिजनों ने शव सड़क पर रखकर टेंट कारोबारी की गिरफ्तारी करने एवं मुआवजे की मांग कर सड़क पर बैठ गए। जाम लगाए जाने की जानकारी मिलने पर सीओ रसूलाबाद आलोक कुमार एवं एसडीएम राजकुमार पांडेय मौके पर पहुंच गए और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन परिजन अपनी मांग पर अड़े रहे। इसी बीच मौके पर पहुंची राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला व कस्बे के समाजसेवी वतनराज अग्निहोत्री के परिजनों को समझाने पर जाम खुल गया। राज्य मंत्री द्वारा न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। कोतवाल प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## दोनों ओर कटान होने से किसी भी वाहन का बेकाबू होना संभव

**रसूलाबादः** शुक्रवार दोपहर निचली रामगंगा नहर में कार के अनियंत्रित होकर गिरने से दो सगे भाइयों सहित तीन लोगों की हुई दुःखद मौत की घटना के पीछे ग्रामीणों द्वारा नहर रोड के दुर्दशाग्रस्त होने की वजह बताई जा रही। बताया गया कि इस कटान के कारण यहां पिछले दिनों एक ई-रिक्शा भी पलट गया था। इसके साथ ही बाइक सवारों के और घायल हो जाने की भी घटनाएं होती रहती हैं। इन स्थितियों के बावजूद इस नहर रोड का रखरखाव सही नहीं किया जाता है। इस नहर रोड से आसपास के दर्जनों गांव के किसान न केवल अपनी उपज निकट की गल्ला मंडियों तक ले जाते हैं वरन घर गृहस्थी का आवश्यक सामान लाने ले जाने के लिए भी इसी नहर रोड का प्रयोग करते हैं। घटनास्थल पर पुल के आगे सिंचाई के लिए रखे हुए कुलावा के दोनों और सड़क पर कटान हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो इसके साथ ही घटनास्थल के समीप ही हरी निवादा के लिए रोड जाता है वहां हल्का मोड़ है। इस हलके मोड पर कार चालक से कुछ ज्यादा कार मुड़ गई जिससे वह नहर में जा गिरी।

## डेरापुर में शिकायतों का अंबार, 212 मामलों में सिर्फ छह का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** शनिवार को डेरापुर तहसील के सभागार में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी कपिल सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। यहां कुल 212 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसमें छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जा सका। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता, संतुष्टि एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करने, छोटे-छोटे मामलों को भी गंभीरता से लेने के निर्देश दिए।

**रसूलाबाद संवाददाता के अनुसार :** रसूलाबाद तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 95 फरियादी आए जिनमें 3 की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया।

### आवास विहीन दिव्यांग महिला सीडीओ को नहीं सुना पाई फरियाद

शिवली : मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल की अध्यक्षता में तहसील मैथा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। यहां पर टोडरपुर गांव की दोनो पैरों से दिव्यांग विधवा महिला वंदना देवी आवास न मिलने का दुखड़ा रोने की फरियाद लेकर पहुंची थी। मुख्य विकास अधिकारी के जल्दी चले जाने पर एसडीएम राजकुमार पांडेय ने समस्या सुनी। और बीडीओ संजू सिंह को निस्तारण के आदेश दिए। जब कि बीडीओ ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि सामान्य वर्ग के आवास का कोटा खत्म हो गया है। दिव्यांग महिला ने कहा कि झोपड़ी में गुजर बसर कर रही है। योगी सरकार में भी दिव्यांगो की नही सुनी जा रही है। अधिकारियों ने 45 लोगों की शिकायतें सुनी। 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में 23 राजस्व विभाग से संबंधित थी। इसके अतिरिक्त, विधुत विभाग 11, खंड विकास अधिकारी स्तर पर 5 राशन आपूर्ति 1 व अन्य 05 शिकायतें आईं।

# सिर्फ अपमान नहीं, व्यक्ति का विनाश भी कराता अहंकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- गौरियापुर आश्रम में पंचकुंडीय महायज्ञ के छठे दिन हुए कार्यक्रम




गौरियापुर आश्रम में हुई महाभारत की संगीतमयी प्रस्तुति में मौजूद लोग व प्रस्तुति देते पं शिवनंदन तिवारी।

**अमृत विचारः** धार्मिक आस्था का केंद्र गौरियापुर आश्रम में पंचकुंडीय महायज्ञ का कार्यक्रम जारी है। छठवें दिन शनिवार को यज्ञ, भागवत कथा, प्रवचन आदि हुए। कुढ़ावल निवासी महाभारत के प्रसिद्ध प्रवक्ता पं शिवनंदन तिवारी ने संगीत के माध्यम से महाभारत का प्रस्तुतिकरण किया। इसे सुन उपस्थित लोग मंत्र मुग्ध हो गए। खूब तालियां बजीं। यज्ञ के दौरान विधि-विधान के साथ बालकों का उपनयन संस्कार भी कराया गया।

शनिवार की कथा में व्यास जी ने कहा कि भगवान कृष्ण ने पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत धारण किया। अहंकारी इंद्र का मान मर्दन किया। अपने इस कृत्य से शिक्षा दी कि हमें कभी भी अहंकार के साथ संसार में नहीं रहना चाहिए। अहंकार न केवल स्वयं का विनाश करवाता है बल्कि अपमानित भी होता है। अयोध्या के वरिष्ठ संत श्रीराम देवदास जी उपस्थित भक्तों को धर्म के रास्ते पर निरंतर चलने को प्रेरित किया। महायज्ञ में भाग लेने को गंगोत्री धाम, उत्तराखंड से पधारी डॉ.मीनाक्षी शास्त्री ने गौरियापुर आश्रम की तपोभूमि को अपनी काव्य रचनाओं से नमन-वंदन किया।

मानस वक्त रूरा निवासी आलोक पांडेय ने भगवान श्रीराम से जुड़ीं मनोहर कथाएं सुना कर लोगों को आनंद विभोर कर दिया। सत्यम शुक्ला, कन्हैया शुक्ला, आदि वक्ताओं ने प्रवचन मंच से अपने अपने विचार प्रकट किए। भागवत मंच से पंडित प्रमोद और राजेश मिश्रा ने गोवर्धन पर्वत धारण की लीला को रोचक ढंग से जनसमुदाय के समक्ष प्रस्तुत किया। यज्ञ संयोजक और आश्रम के महन्त श्रीदेवनारायण दास ने बताया कि जिन बालकों के जनेऊ संस्कार गत दिवस नहीं हो पाए थे, उन अवशेष लोगों के आज भी उपनयन संस्कार यज्ञमंडप में संपूर्ण विधि सहित संपन्न हुए। उमाशंकर पांडेय, नारायण अवस्थी, बाबा रामकृष्ण दासजी, बलवंत आदि लोग उपस्थित रहे।

## जीव और ब्रह्म के मिलन को ही कहते महारास

**रसूलाबादः** शरीर नश्वर है इसलिए इसे विभिन्न रूपों में भगवद्भजन के कार्य में ही लगाना उत्तम प्रवृत्ति है। भागवत भजन के जरिए हम सत्य स्वरूप परमात्मा का ध्यान करते हैं। कथावाचक ने मन, वासना और कर्म के महत्व से श्रद्धालुओं का परिचय कराया। यह बात ग्राम बारापुर स्थित जखई बाबा देवस्थान परिसर में श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर कथावाचक आचार्य सोनू शास्त्री ने कही। रासलीला कथा प्रसंग में उन्होंने बताया कि जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है। आज के समय में अज्ञानतावश लोग इसका अनुचित अर्थ लगाते हैं। महारास में भगवान ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का मिलन हुआ।

**न्यायालय -माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (ADJ-22), कानपुर नगर**

**फौजदारी वाद संख्या - 534/2019**
**सत्र परीक्षण संख्या - 400/2018**
**धाराएँ - 363, 366, 120-ठ भा.दं. सं. एवं 3/4 पाक्सो अधिनियम**
**वाद -राज्य बनाम अजीत कुमार कठेरिया**

जहाँ यह न्यायालय के संज्ञान में आया है कि अभियुक्त अजीत कुमार कठेरिया, निवासी- सिंहपुर, थाना बिठूर, जनपद कानपुर नगर, उपरोक्त वाद में वांछित है तथा न्यायालय द्वारा जारी आदेशों/वारंट के बावजूद उपस्थित नहीं हो रहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि अभियुक्त जानबूझकर न्यायिक कार्यवाही से बच रहा है।

अतः दण्ड प्रक्रिया के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत यह उद्घोषणा प्रकाशित की जाती है कि अभियुक्त उपरोक्त दिनांक 07/03/2026 को इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो।

यदि अभियुक्त नियत तिथि पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसके विरुद्ध विधि अनुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

कार्यक्रम | जीजीआईसी सिमरामऊ में हुआ प्रथम वार्षिकोत्सव तरंग

# छात्राओं के एकल और सामूहिक नृत्य ने मोहा मन

संवाददाता, रसूलाबाद


मां सरस्वती वंदना गीत व नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रसूलाबाद विकासखंड के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सिमरामऊ में प्रथम वार्षिकोत्सव तरंग हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि डीआईओएस द्वारा मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन एवं उनके माल्यार्पण के साथ शुरू हुए इस महोत्सव में छात्राओं ने मां सरस्वती वंदना का मधुर गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में छात्राओं रश्मि, स्वाती, मुस्कान, नेहा व अनुष्का द्वारा प्रस्तुत किए गए सरस्वती वंदना के मधुर गीत की सभी ने सराहना की। इसके उपरांत मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक बृजभूषण चौधरी ने मां सरस्वती के दीप को प्रज्वलित कर उन पर माल्यार्पण किया। उनके स्वागत हेतु छात्राओं रश्मि, स्वामी नेहा व प्रियांशी ने स्वागत गान गाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। जब कि विद्यालय की प्रधानाचार्य उपासना आर्या ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। इसके उपरांत प्रियांशी, दीक्षा, स्वाती, आमृषी, रश्मि व नेहा ने मनमोहक सामूहिक नृत्य पेश कर सभी को मुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर खुशी, प्रतीक्षा, प्रिया व सन्नी ने आकर्षक एकल नृत्य प्रस्तुत किया। कविता व भाषण प्रतियोगिताओं में वैष्णवी त्रिवेदी ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में खुशी को द्वितीय एवं सन्नी को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा। वही एजुकेशनल थीम डांस में राधा, प्रिया, अंजली, स्नेहा, खुशी व कविता ने बाजी मारी। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि डीआईओएस बृजभूषण चौधरी ने विजई प्रतिभागियो को मेडल एवं शील्ड देकर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर अन्य उपस्थित जनों में राजकीय छात्र विद्यालय चंपतपुर मंगलपुर बचीत पुरवा के प्रधानाचार्य मौजूद रहे। इसके साथ ही उर्मिला सिंह, लक्ष्मी देवी, प्रीति सिंह, वरिष्ठ सहायक महेश सिंह, सत्येंद्र सिंह स्मारक इंटर कॉलेज सिमरामऊ के प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

### राजकीय हाईस्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव

कानपुर देहात। राजकीय हाई स्कूल करसा में शनिवार को समग्र शिक्षा के तत्वावधान में विद्यालय के वार्षिक उत्सव एवं विद्यालय स्तरीय विभिन्न स्पर्धा का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्रतिनिधि ग्राम प्रधान करसा अवध नारायण ने किया। प्रथम सत्र में विभिन्न स्तर पर छात्र एवं छात्राओं की 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता हुई। द्वितीय सत्र में सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत का कार्यक्रम शुरू हुआ।

# तहसील के कार्यालयों का डीएम ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी कपिल सिंह ने तहसील डेरापुर का निरीक्षण किया। परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों का अवलोकन करते हुए अभिलेखों एवं पत्रावलियों के रखरखाव की स्थिति की गहन समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों से अलमारियां खुलवाकर पत्रावलियों एवं अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रेणीबद्ध तरीके से रखने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर अभिलेख आसानी से उपलब्ध हो सकें। साथ ही उन्होंने रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए वहां साफ-सफाई, अभिलेखों के वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण एवं व्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नजारत शाखा एवं संग्रह अनुभाग का निरीक्षण करते हुए राजकीय अभिलेखों एवं सामग्रियों के रखरखाव की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लंबित पत्रावलियों के शीघ्र एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए तथा कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, रजिस्ट्री कक्ष, मतदाता पंजीकरण कक्ष, अभिलेखागार तथा एसआईआर (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) से संबंधित कार्यों का भी निरीक्षण किया।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं सिपाही शिव कुमार पुत्र श्री जगदीश सिंह भारतीय सेना में तैनात हु। मेरा सेना रिकार्ड में मेरे पिता की जन्मतिथि 01.01.1971 गलती से दर्ज हो गई थी, जबकि पिता के सभी प्रपत्रों में जन्मतिथि 01.01.1964 है। अब मैं अपने पिता की सेना आधिकारिक रिकार्ड में पिता की सही जन्मतिथि 01.01.1964 दर्ज कराना चाहता हु। **शिव कुमार पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम अलीपुर पो० असालताबाद, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

**सूचना**

मैं **सुगम कुमार पुत्र कृष्णकान्त, निवासी- मुह0 नवीननगर बाबरपुर तहसील अजीतमल जिला औरैया।** मेरे बचत खाता सं0 2771645558 में मेरा नाम कृष्णकान्त दर्ज हैं। जबकि आधार कार्ड व अन्य कागजातों में मेरा नाम सुगम कुमार दर्ज है। मेरे खाता सम्बन्धी समस्त कागजातों में मेरा नाम कृष्णकान्त की जगह सुगम कुमार संशोधित कर संशोधित पासबुक जारी किया जाय।

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि, मैं PHURBA TAMANG S/O BAM BAHADUR TAMANG R/O LOWER LINGSEBONG- DARJEELING BANS BOTEY WEST BANGAL 734201- मेरे पुत्र ARMY NO JC6357 O9y- RANK SUB. UNIT-11 GRRC के सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम एवं D.O.B FURBA TAMANG -DOB 14/Nov/1945 हो गया है। जब कि मेरा सही व वास्तविक जन्मतिथि PHURBA TAMANG-D.I.O.B 17/MAR/1954 है।

**सूचना**

मेरा नाम नीलम कुमारी था, विवाह के बाद श्रीमती नीलम सिंह परिहार हो गया है अब हमें श्रीमती नीलम सिंह परिहार के नाम से जाना वह पहचान जाए। **पत्नी श्री रजत परिहार, पुत्री श्री चंद्रपाल सिंह निवासी एल आई जी, 115 0- आवाज -विकास-3 कल्याणपुर कानपुर नगर**

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर महानगर

कानपुर, रविवार,8 फरवरी 2026


सुविचार




कर्म, ज्ञान और भक्ति- ये तीनों जहाँ मिलते हैं वहीं सर्वश्रेष्ठ पुरुषार्थ जन्म लेता है।

- श्री अरविंद


कानपुर के प्रमुख समाचार

- मंधना, शुक्लागंज व गुमटी में अवैध निर्माण किए गए सील-II
- निर्यात ऑर्डर रिलीज, नए टैरिफ पर ट्रेड डील शुरू-III
- गणित ने उलझाया, भाषा में समय गंवाया-IV







# चावला मार्केट से हमीरपुर रोड तक चौड़ी होगी सड़क

## सड़क चौड़ीकरण के लिए 12.49 करोड़ रुपये का बजट मंजूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोविंद नगर से परमपुरवा होते हुए जूही पहुंचने में होगी आसानी
- दिसंबर 2025 में पीडब्ल्यूडी ने शासन को भेजा था प्रस्ताव

**अमृत विचार।** चावला मार्केट चौराहा पर लगने वाले जाम से लोगों को अब जल्द ही निजात मिलेगी। चौराहा से लोग परमपुरवा होते हुए हमीरपुर मार्ग पर आसानी से आवागमन कर सकेंगे। बीच में जाम में भी फंसना नहीं पड़ेगा। जल्द ही चावला मार्केट चौराहा से परमपुरवा होते हुए हमीरपुर रोड तक सड़क का चौड़ीकरण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। मार्ग के चौड़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग को शासन से अनुमति मिल गई है।

चावला मार्केट चौराहा से परमपुरवा होते हुए हमीरपुर रोड पर प्रतिदिन एक लाख से अधिक वाहन आवागमन करते हैं, जिनमें बाइक, कार, टेंपो, ऑटो, ई-रिक्शा, लोडर, डीसीएम व ट्रक भी शामिल रहते हैं। चावला मार्केट में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग खरीदारी के लिए भी आते है। इस वजह से चावला मार्केट से परमपुरवा तक दिनभर जाम के हालात रहते हैं। कई बार तो वाहन सवार लोगों को जाम से बचने के लिए काफी घूमकर आना व जाना भी पड़ता है। यातायात पुलिस कर्मी भी कभी-कभी जाम को खुलवाने में पसीने छोड़ देते हैं। लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने चावला मार्केट चौराहा से परमपुरवा होते हुए हमीरपुर रोड तक सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को दिसंबर 2025 में भेजा था। चौड़ीकरण के संबंध में सर्वे भी कराया गया। विभाग के इस प्रस्ताव को संज्ञान में लेते हुए शासन ने 12 करोड़ 49 लाख 43 हजार रुपये से चावला मार्केट चौराहा से परमपुरवा होते हुए हमीरपुर मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### शासन से पहली किश्त अवमुक्त

- शासन ने निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में एक करोड़ 22 लाख 76 हजार रुपये भी लोक निर्माण विभाग को जारी कर दिए हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि लगभग ढ़ाई किलोमीटर तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। चौड़ीकरण के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। टेंडर प्रक्रिया के बाद चौड़ीकरण का कार्य शुरू होगा।

### चौड़ीकरण से होगी सहूलियत



चावला मार्केट चौराहा पर दिन भर जाम के हालात बने रहते हैं। जूही व अफीमकोठी की ओर जाने वाले वाहन कई बार परमपुरवा में फंस जाते है। ऐसे में पुलिस चौकी के कर्मी व क्षेत्र के लोग जाम खुलवाते हैं।

–विनोद कुमार, परमपुरवा



चावला मार्केट से परमपुरवा होते हुए हमीरपुर मार्ग पर हजारों की संख्या वाहन गुजरते है, जिनमे ट्रक व डंपर भी शामिल होते है, इस वजह से परमपुरवा चौकी के पास भी जाम काफी लगता है।

–संजय प्रजापति, फल व्यापारी



यह सड़क चौड़ी होने से आम लोगों न सिर्फ जाम से छुटकारा मिल सकता है, बल्कि दुकानों पर सामान भी आसनी व समय पर पहुंच सकता है। इससे व्यापारियों को भी दिक्कत नहीं होगी।

–राजेश गुप्ता, व्यापारी



चावला मार्केट चौराहे पर जाम लगने की वजह से समय पर पहुंचने के लिए कई बार वाहन सवार गलियों का सहारा लेते है। गलियों में खेल रहे बच्चे वाहन की गिरफ्त में न आ जाए, इसका भी डर रहता है।

–दीनू केसरवानी, जूही

# मल्लो सहज्यौरा कर्बला सड़क निर्माण में खेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 12 लाख रुपये के बजट से कराया गया सीसी रोड का निर्माण
- गिट्टी की परत 2 सेंटीमीटर कम सीमेंट के मिश्रण में भी गड़बड़ी

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए गुणवक्तापूर्वक निर्माण व मरम्मत कार्य के निर्देश दिए हैं, लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री के इस आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। हां, भ्रष्टाचार को बढ़ावा जरूर दिया जा रहा है। सड़क निर्माण में सीमेंट सिर्फ नाम मात्र की मिलाई जा रही है। मानक के तहत सड़क की मोटाई पर भी निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

लोक निर्माण विभाग ने जनवरी में चौबेपुर ब्लाक में बेला रोड से सहज्योरा-कर्बला तक तीन मीटर चौड़ी 600 मीटर लंबी सीसी रोड निर्माण का टेंडर जारी किया था। लोक निर्माण विभाग की प्रक्रिया के बाद टेंडर स्वास्तिक फर्म को मिला। फर्म ने 12 लाख रुपये से सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया तो ग्रामीणों ने निर्माण कार्यों की गुणवक्ता पर सवाल उठाते हुए शिकायत करनी शुरू कर दी थी। आरोप था कि निर्माण में मानकों का ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

शिकायत का संज्ञान लेते हुए हाल में ही लोक निर्माण विभाग की टीम ने मौके पर जाकर निर्माण कार्यों की गुणवक्ता की जांच की और तय मानक देखे तो पूरी हकीकत सामने आ गई। जांच में पता चला कि सड़क के नीचे की परत गिट्टी से पांच सेमीमीटर निर्धारित की गई थी, लेकिन जांच में वह दो सेंटीमीटर कम मिली। इसके साथ ही सीसी रोड निर्माण में सीमेंट भी तय मानक से कम पाई गई।

इस पर जांच टीम ने रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजी। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप कुमार मिश्रा के मुताबिक टीम द्वारा जांच करने पर सड़क की मोटाई दो सेंटीमीटर कम मिली है। इसके साथ ही सीसी रोड की गुणवत्ता में सीमेंट भी मानक से काफी पाई गई। इसलिए कार्यदायी संस्था स्वास्तिक फर्म पर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई है।

## सिटी ब्रीफ

### दूसरी शादी कर पहली को घर से निकला

**कल्याणपुर।** अंबेडकरपुरम निवासी युवती के अनुसार 2017 में सफीपुर उन्नाव निवासी आशीष चौरसिया ने आर्य समाज मंदिर में शादी की। फिर किराए पर कमरा लेकर साथ रहने लगे। उसने एक निजी कॉलेज में नर्सिंग कोर्स के लिए प्रवेश लिया। वह कल्याणपुर के अंबेडकरपुरम में किराए पर रहने लगी। उसने आशीष के मोबाइल में एक महिला की फोटो देखी। पता चला कि महिला उसकी पहली पत्नी है। उसने विरोध किया तो आशीष ने मारपीट कर घर से भगा दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पत्नी को जबरन डाई पिलाई, हालत गंभीर

**कल्याणपुर।** गंगागंज निवासी धनीराम प्राइवेट कर्मी हैं। परिवार में पत्नी रितु, बेटी नैना, बेटा नयन व ऋषभ हैं। नैना ने बताया कि पापा शराब पीकर मां से मारपीट करते हैं। शनिवार दोपहर पापा शराब नशे में आए। विरोध पर पापा ने उनके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पर तीनों भाई-बहनों को कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद मां को डाई पिला दी। मां की हालत बिगड़ने पर पापा भाग निकले। पड़ोसियों की मदद से मां को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने महिला के बयान लेकर मायके पक्ष को जानकारी दी है। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूटी से टक्कर मार चेन लूट का आरोप

**कानपुर।** रामादेवी चौराहा पर महिला ने आरोप लगाया है कि स्कूटी सवारों ने उनकी स्कूटी में टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद गले में झपट्टा मारकर चेन लूट ले गए। पुलिस लूट के आरोप की जांच कर रही है।

सनिगवां के गणेशपुर की रेखा राजपूत के अनुसार शनिवार दोपहर वह देवर अभिषेक राजपूत के साथ स्कूटी से कचहरी गई थी। करीब 2:30 बजे लौटते समय रामादेवी चौराहा पर पीछे से आए स्कूटी सवार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। सड़क पर गिरते ही आरोपी ने उनके गले में झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़ ली। इसके बाद स्कूटी लेकर भाग निकले। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि लूट के आरोप पर सीसीटीवी खंगाला जा रहा है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।













## सिटी ब्रीफ

### तमंचा लेकर रील बनाने वाला धरा गया

कानपुर। चकेरी में तमंचा लेकर रील बनाने वाले नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद किया है। कृष्णानगर चौकी प्रभारी सत्येंद्र सिंह चौहान ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया पर तमंचा लेकर रील बनाई थी। रील के आधार पर उसकी पहचान की गई। शुक्रवार रात उसे कृष्णापुरम स्थित अल्लू हाते के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की उम्र 15 वर्ष है। शिवकटरा मलिन बस्ती का रहने वाला है। पूछताछ में बताया कि उसने शौक के लिए तमंचा खरीदा था। फेमस होने के लिए रील बनाई थी। आरोपी को आर्म्स एक्ट में बाल सुधार गृह भेजा गया है।

### नशेबाजी का विरोध करने पर पीटा, रिपोर्ट

कानपुर। जाजमऊ के तिवारीपुर निवासी सत्यम तिवारी उर्फ उज्जवल कुमार के अनुसार 26 जनवरी की देर शाम उनके घर के पास इलाके के अरमान, दिलीप उर्फ माइकल, करन आदि शराब पी रहे थे। आपस में गाली-गलौज करने पर उन्होंने नशेबाजी का विरोध किया तो गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद उसे मारापीटा। इलाके के लोगों के आने पर आरोपी धमकी देते भाग निकले। पीड़ित ने थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

### गांजा समेत महिला तस्कर गिरफ्तार

कानपुर। चकेरी पुलिस ने महिला तस्कर को गिरफ्तार कर 1.150 किग्रा गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि शनिवार सुबह लालबंगला में चेकिंग के दौरान बोरी लिए महिला को रोका गया तो बोरी में एक किलो डेढ़ सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। महिला की पहचान काजीखेड़ा लालबंगला निवासी रूबी गुप्ता के रूप में हुई है। उसके पति विजय की मौत हो चुकी है। वह उन्नाव से गांजा खरीदकर लाती है। थाना प्रभारी के बताया कि जेल भेजा गया है।

### साइबर शातिरों ने ठगा एफआईआर दर्ज

कानपुर। अनवरगंज के इफ्तिखाराबाद निवासी मो. हारिस ने बताया कि 25 जनवरी को उनके टेलीग्राम अकाउंट पर एक लिंक आया, जिसे खोलने पर क्रिप्टो करेंसी में एक, तीन व सात हजार रुपये लगाए। उन्हें लाभ के रूप में 1500-1500 रुपये दो बार मिले। इसके बाद विभिन्न नंबरों से कॉल आई और यूपीआई व आईएमपीएस के माध्यम से 5,14,000 रुपये ले लिए गए। जब उन्होंने पैसों के बारे में लाभ मांगा तो छह लाख रुपयों की और मांग की गई। इस पर उन्हें अपने साथ ठगी का अहसास हुआ। 1930 पर शिकायत की। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

### पड़ोसी पर ब्लैकमेल करने का आरोप

कानपुर। नवाबगंज में महिला ने पड़ोसी पर बेटी का अपहरण करने व ब्लैकमेल कर 9 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो कोर्ट की शरण ली। महिला के अनुसार 17 वर्षीय बेटी जुलाई से लापता है। तलाशने पर पता चला कि पड़ोसी हर्ष आनंद उसे ले गया है। घर से 30 हजार रुपये व पांच लाख के जेवर भी गायब थे। इसके बाद आरोपी व उसके परिजनों ने बेटी को ब्लैकमेल कर उनके खाते से 4.40 लाख रुपये ट्रांसफर कराए। परिजनों से जानकारी का प्रयास किया तो धमकी दी। थानाप्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

# मंधना, शुक्लागंज व गुमटी में अवैध निर्माण किए गए सील

## शुक्लागंज क्षेत्र में अवैध निर्माण पर प्रवर्तन व भूमि बैंक अनुभाग की टीम गठित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंधना से लेकर शुक्लागंज व दर्शनपुरवा में हुए अवैध, अनाधिकृत निर्माण व विकास कार्य के खिलाफ केडीए की नजर टेढ़ी हो गई। केडीए की टीम ने शुक्रवार को तीन परिसरों में निरीक्षण किया और मानक पूरे नहीं मिलने पर तीनों पर सीलिंग की कार्यवाही की। वहीं, कुछ जगहों को सीलिंग के लिए टीम ने चिन्हित किया, जहां गलत तरीके से निर्माण हुए हैं।



केडीए की ओर से सील की गई निमार्णाधीन इमारत। अमृत विचार

केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश में शुक्रवार को प्रवर्तन जोन-1बी के विशेष कार्याधिकारी व उपजिलाधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह टीम के साथ शुक्लागंल व मंधना क्षेत्र में पहुंचे। डॉ. रवि प्रताप सिंह के मुताबिक राजधानी मार्ग शुक्लागंज पीटर इंग्लैण्ड शोरूम के बगल में व जोगा भोगा के पास शुक्लागंज में अंकित मिश्रा व अन्य द्वारा करीब 200 वर्ग मीटर पर मानकों के विपरीत अवैध निर्माण किया जा रहा था, जिनको विकास कार्य रोकने के लिए नोटिस जारी किया गया था।

पुलिस की ओर से पत्र देने के बावजूद यह चोरी-छिपे निर्माण कार्य कर रहे थे, इसलिए यहां पर सीलिंग की कार्यवाही की गई। वहीं, बैकुण्डपुर मन्धना में जितेन्द्र सिंह भदौरिया व अन्य द्वारा लगभग चार बीघा क्षेत्रफल में बिना प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये व अनुज्ञा प्राप्त किये प्लाटिंग विकसित की जा रही थी, जिसपर टीम ने सीलिंग की कार्यवाही की। दोनों सील परिसरों को पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया है।

डॉ. रवि प्रताप सिंह के मुताबिक शुक्लागंज क्षेत्र में अवैध, अनाधिकृत निर्माण व विकास कार्य पर अंकुश लगाये जाने के लिए प्रवर्तन व भूमि बैंक अनुभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुए एक पक्ष में सर्वे कर आख्या देने के निर्देश दिए है। सर्वे के बाद अवैध,अनाधिकृत निर्माण व विकास कार्य के खिलाफ उत्तर प्रदेश नगर योजना व विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओं में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। वहीं, मंधना व कल्यानपुर क्षेत्र में की गई अवैध प्लॉटिंग चिन्हित की गई, जल्द ही कार्यवाही की जाएगी। वहीं, दर्शनपुरवा में जोन- 2बी के अंतर्गत भूखंड संख्या -415 पर मुकेश गुप्ता द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य को केडीए टीम ने सील किया।



कर्मियों को प्रशिक्षण देते केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन। अमृत विचार

# स्मार्ट मीटर लगाने से पहले बताएंगे लाभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने कार्यदायी संस्था के कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** निराला नगर, रेलवे ग्राउंड में शुक्रवार को केस्को के प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें उन्होंने एएमआईएसपी योजना के तहत वितरण ट्रांसफार्मर व उपभोक्तओं के परिसर पर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के कार्य को तय समय पर पूरा करने के उद्देश्य से कार्यदायी संस्था में कार्य कर रहे कर्मियों की संख्या के सत्यापन के लिए एकत्रित कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल ने कहा कि उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर स्थापना से पहले उसके लाभ जरूर बताने और स्मार्ट मीटर स्थापना के बाद सीलिंग सर्टिफिकेट सही से भरते हुये हस्ताक्षरित (पूर्णनाम सहित) प्रतिलिपि उपभोक्ता को उपलब्ध कराने को कहा। स्मार्ट मीटर स्थापना से लेकर प्रथम बिल के साथ ही प्रथम रिचार्ज तक उपभोक्ता का मार्गदर्शन करना सुनिश्चित करे। मीटर स्थापना के साथ ही ओटीपी वेरिफिकेशन का कार्य करने के साथ ही यह भी ध्यान रखा जाए कि उपभोक्ता के मोबाइल पर यूपीपीसीएल स्मार्ट एप जरूर इंस्टॉल कराएं। ताकि उपभोक्ता अपने प्रतिदिन की विद्युत ऊर्जा खपत के साथ ऐप पर उपलब्ध अन्य जानकारी का लाभ प्राप्त कर सके। कार्यदायी संस्था के किसी भी कार्मिक द्वारा यदि उपभोक्ता के उत्पीड़न की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान केस्को के निदेशक तकनीकी, निदेशक वाणिज्य सहित योजना से सम्बन्धित केस्को के सभी अधिकारी व कार्यदायी संस्था मेसर्स जीनस के सभी अधिकारी और 267 कर्मचारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# ब्लैकमेलिंग में छात्र गया बाल सुधार गृह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेट्रो काकादेव में दसवीं के छात्र की आत्महत्या का मामला
- आईपैड के कवर में दो पर्चियों में लिखा मिला सुसाइड नोट

**अमृत विचार।** काकादेव में 10वीं के छात्र के आत्महत्या मामले में नौवी के छात्र को इटावा बाल सुधार गृह भेजा गया है। आत्महत्या करने से पहले छात्र ने सुसाइड में किशोर पर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया था।

शास्त्रीनगर निवासी प्राइवेट कर्मी अनिल सैनी का 17 वर्षीय बेटा अनिकेत उर्फ समीर 10वीं का छात्र था। हाईस्कूल की परीक्षा के तैयारी के लिए बुधवार रात को वह कोचिंग पढ़ने के बात कहकर घर से निकला था। रात को कोचिंग संचालक ने फोन कर छात्र के नहीं पहुंचने की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन ने छात्र की तलाश शुरू की तो उसके आईपैड के कवर में दो पर्चियां में सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसने इलाके में रहने वाले 9वीं के छात्र पर ब्लैकमेलिंग व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। तलाश के दौरान परिजनों को छात्र के पनकी स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की खबर मिली। पोस्टमार्टम पर छात्र के शव की शिनाख्त की। काकादेव थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया कि आरोपी छात्र को जिला बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया था। जहां से उसे बाल सुधार गृह भेजा गया है।

# पीड़ित को पता नहीं और हो गया समझौता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेट्रो मार्शल से मारपीट और कार चढ़ाने के प्रयास का मामला
- आईजीआरएस व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत से आई तेजी

**अमृत विचार।** बर्रा में ड्यूटी पर मौजूद मेट्रो के मार्शल से मारपीट व कार चढ़ाने के मामले में कोई कार्रवाई तो नहीं हुई। लेकिन जब पीड़ित ने पुलिस से प्रगति पूछी तो पता चला कि दोनों पक्षों में सगझौता हो गया। इस पर पीड़ित अवाक रह गया। मेट्रो मार्शल का कहना है कि उन्हें पता ही नहीं और समझौता भी हो गया। वह तो कार्रवाई के लिए थाने के चक्कर लगा रहे थे। फिर आईजीआरएस व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने पर अब मामले में तेजी आई है।

नौबस्ता के आवास विकास हंसपुरम निवासी अनमोल गुप्ता मेट्रो परियोजना में मार्शल के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि बीती 30 जनवरी की रात में वह शास्त्रीचौक के पास ड्यूटी पर थे। निर्माण कार्य के कारण बर्रा की ओर जाने वाले वाहनों को रोका जा रहा था। इसी बीच रात करीब साढ़े बारह बजे कार में सवार चार युवक आए। उन्हें भी रोका गया तो वह नशे में धुत युवक बैरिकेडिंग हटाने को कहने लगे। रूट डाइवर्जन की जानकारी दी, इस पर युवक गाली-गलौज करने लगे।

आरोप है कि गालियां देते हुए दो युवक कार से उतरे बैरिकेडिंग हटाने लगे। विरोध पर युवकों ने उनके साथ मारपीट कर दी। गार्ड ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो कार में बैठे युवक भी उतरे। साथी के साथ मिलकर उन्हें वह गार्ड को भी पीटा। गार्ड मारपीट का वीडियो बनाने लगा तो उसका मोबाइल छीनकर पटक दिया। जिससे मोबाइल टूट गया। इसके बाद आरोपियों ने उन पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। युवकों को नशे में देखकर मार्शल व गार्ड ने किसी तरह खुद को बचाया।

पीड़ित मार्शल का आरोप है कि वह मारपीट की घटना के बाद कार्रवाई के लिए थाने और चौकी के चक्कर लग रहे हैं। कोई सुनवाई नहीं हुई। पुलिस का रवैया देखकर उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल व एक्स पर शिकायत पोस्ट की। जबाव में पुलिस ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। एसीपी नौबस्ता चित्रांशु गौतम ने बर्रा थाना प्रभारी रवींद्र कुमार श्रीवास्तव से मामला पूछा तो बताया कि पीड़ित थाने ही नहीं आया। अगर तहरीर दी तो कार्रवाई की जाएगी।

# महिला सिपाही समेत तीन पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

संवाददाता, कल्याणपुर

**अमृत विचार।** उन्नाव में तैनात महिला सिपाही व उसके पति समेत तीन लोगों पर प्लाट के नाम पर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट कल्याणपुर में एक बुजुर्ग ने दर्ज कराई है।

विनायकपुर निवासी ओम प्रकाश के अनुसार उन्हें अंबेडकरपुरम निवासी बलबीर सिंह ने आरजी संख्या 872 पर 35 लाख रुपये का एक प्लाट दिखाया था। पसंद आने पर उन्होंने आरटीजीएस के जरिए 11 हजार रुपये बयाना जमीन मालिक सुधीर प्रकाश को दिलाया। कुछ दिन बाद सुधीर ने अपनी पत्नी की तबीयत खराब होने की बात कहकर और रुपये मांगे। इस पर उन्होंने गोल्ड लोन लेकर आठ लाख रुपये दिए। आरोप है कि इसके बाद ब्रोकर बलवीर ने प्लाट उन्नाव के महिला थाना में तैनात महिला सिपाही को दिला दिया। जिसका पता चलने पर उन्होंने अपनी रकम मांगी तो सुधीर ने कहा कि पैसे महिला सिपाही देगी। महिला सिपाही टालमटोल करने लगी। इस पर कल्याणपुर थाने में शिकायत की। महिला सिपाही ने रकम लौटाने का भरोसा देकर स्टांप पर लिखापढ़ी की, लेकिन बाद में मुकर गई। फिर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि महिला सिपाही, उसके पति, ब्रोकर व भू स्वामी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पुलिस से आहत युवक ने पेट्रोल डालकर लगाई आग, जांच शुरू

**पुलिस पर सवाल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 25 दिन से पुलिस की कार्रवाई से परेशान चल रहा था युवक
- बुलेट की तेज आवाज पर एतराज जताने पर हुआ था हमला

**अमृत विचार:** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में पुलिस कार्रवाई से आहत एक युवक ने शनिवार रात पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से झुलसे युवक को पहले निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कला गांव निवासी अनुराग दीक्षित बीते करीब 25 दिनों से एक पुराने विवाद को लेकर पुलिस की कार्रवाई से नाराज चल रहा था। 11 जनवरी को पड़ोसी शुभम की बुलेट की तेज आवाज पर टोका-टोकी के बाद हुए विवाद में शुभम और उसके साथियों ने अनुराग के भाई राहुल दीक्षित की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। बीच-बचाव में आई मां पर भी हमला किया गया था, जिन्हें गंभीर हालत में करीब 15 दिन तक आईसीयू में भर्ती रहना पड़ा था।

घटना के बाद पुलिस ने शुभम समेत नौ नामजद और 19 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन पीड़ित पक्ष का आरोप है कि प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। न्याय की मांग पर तत्कालीन चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर निलंबित किया गया था और आरोपितों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई थी। अनुराग लगातार धाराएं बढ़ाने और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा था। इसी बीच शनिवार रात अनुराग ने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। भाई अभिषेक दीक्षित ने आरोप लगाया कि पुलिस फर्जी मारपीट के मामले में अनुराग को पकड़ने आई थी, जिससे मानसिक रूप से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। उन्होंने पुलिस पर लगातार प्रताड़ित करने के भी आरोप लगाए हैं। डीसीपी पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दूसरी मंजिल से गिरे युवक की गई जान

कानपुर। बजरिया में दूसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत हो गई। पड़ोसियों ने गंभीर हालत में हैलट पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक शराब का लती था। लड़खड़ाकर गिरने की आशंका जताई है।

जवाहरनगर का मंजीत (47) प्राइवेट नौकरी करता था। पत्नी सुमन, दो बेटियां व बेटा क्रिश है। क्रिश ने बताया कि पिता शराब के लती थे। आएदिन कलह होने पर वह परिजनों से अलग किराए पर रहने लगे थे। शुक्रवार रात पिता शराब पीकर घर आए थे। कुछ देर कमरे में रुकने के बाद रात करीब 11 बजे मकान की दूसरी मंजिल पर टहलने चले गए। कुछ देर में चीखने व छत से गिरने की आवाज सुनकर पहुंचे पड़ोसी तत्काल उन्हें हैलट ले गए, जहां देर रात इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई।

# सांड़ ने दौड़ाकर बुजुर्ग को पटका, थमी सांस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सिर व शरीर पर आई गंभीर चोटों से हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** किदवईनगर में शनिवार बाजार सब्जी लेने जा रहे बुजुर्ग पर सांड़ ने हमला कर दिया। दौड़ाकर सड़क पर पटक दिया और सींग से घसीटा। आसपास के लोगों ने सांड़ पर पानी व पत्थर फेंककर किसी तरह भगाया। परिजन समीप के अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार बुजुर्ग के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं थी। जिससे उनकी जान गई।

जूही के बारादेवी नटवन टोला निवासी 82 वर्षीय प्रकाश नारायण तिवारी परचून दुकान किए थे। परिवार में पत्नी उमा और दो बेटे आशुतोष व अरविंद हैं। अरविंद ने बताया कि शनिवार सुबह उनके पिता सब्जी लेने बाजार के लिए निकले थे। वह घर के समीप कूड़ाघर के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आए सांड ने उनपर हमला कर दिया। सांड़ ने पिता को उठाकर पटक दिया। इसके बाद सींग से उन्हें सड़क पर घसीटा। पिता की चींख सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। सांड़ पर दूर से पानी व पत्थर फेंककर भगाने का प्रयास किया। शोर मचाने पर सांड़ भागा तब पिता को बचाकर लोगों ने परिजनों को हादसे की खबर दी। मौके पर पहुंचे घरवाले उन्हें तत्काल समीप के अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान पिता ने दम तोड़ दिया। बेटों ने बताया कि पिता के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आई थीं। जिससे पिता की मौत हुई। परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना को लेकर नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किदवईनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने हादसे की जानकारी होने से मना किया है।

# घर में अकेले युवक ने फंदा लगा दी जान

कानपुर। बर्रा में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। बड़े भाई ने शव लटका देखा तो चीख पड़ा। युवक हॉस्पिटल में कैंटीन चलाने के साथ पॉलिटेक्निक की तैयारी कर रहा था।

बर्रा विश्व बैंक निवासी संजय अग्रवाल प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार में पत्नी रेनू, बड़ा बेटा सागर और 22 वर्षीय कार्तिकेय था। पिता ने बताया सागर काम पर गया था। पत्नी बाजार गई थीं। घर में कार्तिकेय अकेला था। उसने कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे के कुंडे से चादर बांधकर फांसी लगा ली। शाम करीब 5 बजे बड़ा बेटा घर पहुंचा तो कमरे का दरवाजा बंद था। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद जब नहीं खुला तो खिड़की से झांककर देखा। छोटा बेटा फंदे से लटका मिला। सागर ने परिजनों के साथ डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर निकाला। फॉरेंसिक ने साक्ष्य एकत्र किए। थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वजह स्पष्ट नहीं है।

**सात दिन में होगा समाधान** | मर्चेंट चेंबर ऑफ कॉमर्स में संपूर्ण समाधान दिवस, दिव्यांगजनों के प्रमाणपत्र-खतौनियां ठीक कराई गईं

# 153 शिकायतों में से 17 का मौके पर निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 153 शिकायतें दर्ज हुईं जिसमें 17 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सात दिन का समय दिया गया।

शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मर्चेंट चेंबर ऑफ कॉमर्स में सदर तहसील के अंतर्गत संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 17 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को त्वरित राहत दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस औपचारिकता नहीं है। प्रत्येक शिकायत का ऐसा निस्तारण हो कि फरियादी संतुष्ट हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित प्रकरणों की समीक्षा वे स्वयं करेंगे और लापरवाही पाए जाने पर जवाबदेही तय की जाएगी।



प्रमाणपत्र देते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

शिकायतों में सर्वाधिक 69 मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे। पुलिस विभाग से 26, नगर निगम से 19, केडीए से 17 तथा जिला आपूर्ति विभाग, जलकर और केस्को से चार-चार प्रकरण सामने आए। अन्य शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित थीं। संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएएम संतोष कुमार राय, एसडीएम अनुभव सिंह, सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी, अपर नगर आयुक्त आवेश खान सहित सभी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

**इन पीड़ितों की समस्याओं का समाधान**

- नौबस्ता निवासी अंश सिंह का दिव्यांगता प्रमाण पत्र मौके पर ही संचालित विशेष मेडिकल कैंप के माध्यम से जारी कराया गया।
- कर्नलगंज निवासी वहीदउद्दीन अहमद के नाम संशोधन प्रकरण में राजस्व अभिलेखों में दर्ज त्रुटि को तुरंत दुरुस्त कराया गया।
- पनकी निवासी राजबहादुर कमल के मामले में पिता के नाम और स्वयं के नाम में दर्ज त्रुटियों को राजस्व निरीक्षक की आख्या के आधार पर संशोधित कराया गया।
- ग्राम बिधनू और कटरी ख्यौरा से आए भूमि अंश और नाम संशोधन संबंधी मामलों में भी मौके पर निर्देश देकर खतौनी प्रविष्टियां सही कराई गईं।
- ग्राम दहेली उजागर निवासी राम किशोर मिश्रा के अंश निर्धारण संबंधी आवेदन पर राजस्व निरीक्षक को तत्काल निर्देशित कर अभिलेख संशोधित कराए गए।
- किदवईनगर निवासी अमन शुक्ला के प्रकरण में पूर्व वाद के अनुपालन को अभिलेखों में दर्ज कर निस्तारण सुनिश्चित कराया गया।
- फजलगंज निवासी हिमांशु शुक्ला के पिता के निधन के बाद शस्त्र लाइसेंस जमा कराने की प्रक्रिया तत्काल पूरी कराई गई, जिससे प्रार्थी को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिली।
- प्रीती यादव के राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ प्रकरण में औपचारिकताएं पूर्ण कराई गईं।
- हिरौंदा के विधवा पेंशन प्रकरण में आधार पंजीकरण पूर्ण कर अगली किस्त के साथ भुगतान सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई।



**मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी (2025-26)कानपुर नगर**



मा. श्री राकेश सचान जी
कैबिनेट मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग

(अवधि - 09/02/2026 से 18/02/2026)

उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कानपुर नगर के द्वारा मण्डल स्तरीय खादी तथा ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 09.02.2026 से 18.02.2026 तक बृजेन्द्र स्वरूप पार्क लॉन नं0-2 में किया जा रहा है जिसमें मण्डल / उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों से खादी तथा ग्रामोद्योगी इकाईयों के साथ-साथ अन्य सरकारी विभागों द्वारा चलायी जा रही रोजगारपरक योजनाओ में लाभान्वित / पंजीकृत उद्यमियों द्वारा अपने-अपने उत्पादों का प्रचार-प्रसार एंव बिक्री के उद्देश्य से प्रदर्शनी में प्रतिभागिता करेगें ।उद्यमियों / प्रतिभागियों हेतु प्रदर्शनी में 100 स्टाल निर्मित करा कर आवंटित किये जायेगें ।प्रदर्शनी में खादी के कपड़े रेडीमेड वस्त्रो/ ऊनी वस्त्रों के साथ-साथ मुरादाबाद के पीतल के सामान, मिट्टी के बर्तन, प्रतापगढ़ के ऑवला के उत्पाद एवं गुड़ सहारनपुर के फर्नीचर, चर्म उत्पाद, बांस-बेत, बनारस की साड़ी इत्यादि प्रदर्शनी में प्रदर्शन / बिकी हेतु उपलब्ध रहेगें । प्रदर्शनी का उद्घाटन मा0 श्री राकेश सचान, कैबिनेट मंत्री जी (सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन / खादी एवं ग्रामोद्योग तथा हथकरघा एंव वस्त्रोद्योग / रेशम विभाग) उ0प्र0 सरकार के साथ-साथ जनपद के मा0 सांसदगण/मा0 विधायकगण / मा0 विधानपरिषद सदस्य / अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 09.02.2026 को सांयकाल 5.00 बजे उद्घाटन किया जायेगा ।आम जन-मानस से सादर अनुरोध है कि खादी तथा ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में अपने परिवार के साथ आकर खादी वस्त्र एंव उत्पादों की खरीददारी करें जिससे शिल्पियों / रोजगार में लगे ग्रामीण परिवेश के व्यक्तियों को लाभमिलें जिससे उनके जीवन यापन में खुशहाली आ सके ।

(अशोक कुमार शर्मा)
परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी
कानपुर मण्डल, कानपुर

## सिटी ब्रीफ

### लखनऊ में किसान कॉल सेंटर स्थापित

**कानपुर।** उप कृषि निदेशक डॉ. आरएस वर्मा ने बताया कि कृषि निदेशालय के निर्देशानुसार कृषि भवन लखनऊ स्थित ज्ञान विनिमय केन्द्र में किसान कॉल सेन्टर की स्थापना की गई है। फसल, बीज, उर्वरक, कीट एवं रोग प्रबन्धन आदि जानकारी के लिए किसान फोन नंबर 0511-2317003 पर संपर्क कर सकते हैं और समाधान हासिल कर सकते हैं।

### प्रशिक्षण के लिए आवेदन करें

**कानपुर।** उप्र कौशल विकास मिशन के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में ऑटोमोटिव वेल्डिंग मशीन सहायक, ऑटोमोटिव असेंबली ऑपरेटर जॉब रोल में 360 घंटे के नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए 10 वीं उत्तीर्ण और न्यूनतम आयु 15 वर्ष के बच्चे अपने प्रमाणपत्र के साथ ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं।

### कदीमी मीलाद-ए-हुसैनी 14 को

**कानपुर।** अंजुमन जुल्फिकार हैदरी की ओर से 14 फरवरी को करबला आजम अली कर्नलगंज में कदीमी हुसैनी मीलाद-ए-हुसैनी 14 फरवरी 2026 को आयोजित होगा जिसमे देशभर के उलेमा एवं वक्ता शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम के सरपरस्ती आसिफ अब्बास करेंगे।

### 13 फरवरी को आएंगे अखिलेश यादव

**कानपुर। सपा** महानगर अध्यक्ष फजल महमूद के बेटे के विवाह के उपलक्ष्य में 13 फरवरी को वर-वधु को आशीर्वाद देने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शहर आएंगे। सपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने बताया कि 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे सिविल लाइंस स्थित होटल लैंड मार्क के पीछे ख्वाजा मंजिल पहुंचेंगे। यहां पर वह करीब साढ़े 12 बजे तक रूकेंगे। इसके बाद वह कार से लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

### नाम काटने के लिए बीएलओ पर दबाव

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा ग्रामीण कार्यालय में मासिक बैठक हुई, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला ने कहा कि एसआईआर का समय एक माह बढ़ गया है। सभी कार्यकर्ता सतर्क रहकर अपने बूथों पर पूरी निगरानी रखें। साथ ही भाजपा के लोगों द्वारा फार्म संख्या सात के माध्यम से वैध मतदाताओं के नाम काटे जाने के लिए बीएलओ पर दबाव बनाए जाने की मिल रही सूचनाओं पर चिंता जताई। कहा कि नौ फरवरी को एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मुलाकात करेगा। इस दौरान महासचिव जितेंद्र कटियार, पूर्व सांसद राजाराम पाल, पूर्व विधायक सतीश निगम, मगन सिंह भदौरिया, रघुनाथ सिंह यादव, किशन लाल गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

## कानपुर सेंट्रल से प्रयागराज के लिए चली एग्जाम स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 (सीटीईटी) में भाग लेने आए अभ्यार्थियों की सुविधा के लिए कानपुर सेंट्रल स्टेशन से प्रयागराज जंक्शन के लिए परीक्षा विशेष गाड़ी का संचालन किया गया। इस विशेष गाड़ी का उद्देश्य परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यार्थी सुरक्षित एवं सुगमता से यात्रा कर सकें।

शनिवार को उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह के दिशा निर्देशन में कानपुर सेंट्रल से प्रयागराज के लिए एग्जाम स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 6 से चलाई गई। इस विशेष गाड़ी में कुल 15 कोच लगाए गए ताकि अधिक संख्या में अभ्यार्थियों को यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इस विशेष गाड़ी की व्यवस्था से भीड़ प्रबंधन में सहायता मिली और अभ्यार्थियों को आरामदायक यात्रा का मौका मिला। सेंट्रल स्टेशन पर अभ्यार्थियों की सुविधा, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। स्टेशन परिसर में भीड़ नियंत्रण, मार्गदर्शन, स्वच्छता तथा आवश्यक सहायता के लिए संबंधित विभागों को सतर्क किया गया। अभ्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे कर्मियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। इस विशेष ट्रेन को संचालित करने का मकसद परीक्षार्थी तनावमुक्त परीक्षा में शामिल हों।

# शहर की घनी बाजारों में पार्किंग की दरकार

**उम्मीद**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश के बजट में इस बार व्यापारियों ने शहर में पार्किंग की सुविधा मांगी है। व्यापारियों का कहना है कि शहर की कई बाजारों में पार्किंग के लिए सर्वे हो चुके हैं। इस बार यह उम्मीद है कि उन सर्वे के अनुसार शहर में बाजार या फिर उसके आस-पास पार्किंग की सुविधा को योजना का रूप दिया जाएगा।

शहर में घनी बाजारों में पार्किंग न होने की समस्या का समाधान इस बार व्यापारी बजट में तलाश रहे हैं। उनका कहना है कि पार्किंग न होने से खरीदारों को बाजारों में तकलीफ उठानी पड़ती है। इस स्थिति में इस बार पार्किंग के लिए कई योजनाओं का प्रावधान बजट में हो सकता है। इसके अलावा ऐसा भी संभव है कि ऐसी योजनाएं बजट में हो सकती है जिसे बाजार तक आने में खरीदारों को किसी तरह की परेशानी न हो।

बाजार में इस वक्त खरीदारों का आना बहुत जरूरी है। आज स्थिति यह है कि हर खरीदार के पास वाहन है। ऐसे में वह वाहन लेकर ही बाजार आएगा। इस स्थिति में पुरानी बाजारों में पार्किंग का होना बहुत जरूरी है। पार्किंग होने से बाजार में खरीदारों की संख्या में बढोतरी होगी।




-मोहित टंडन, व्यापारी

पार्किंग न होने से खरीदार बाजार आने से बच रहा है। यही जजह है कि वह ऑनलाइन खरीदारी अधिक कर रहा है। यदि बाजार में पार्किंग की सुविधा शुरू हो जाए तो ऑनलाइन कारोबार मे कमी हो जाए। इससे आम व्यापारियों को सबसे अधिक सहूलियत मिलेगी।




-रवींद्र अवस्थी, व्यापारी

आज बाजारों में सबसे जरूरी चुनौती यह है कि खरीदार घरों से निकल कर बाजार तक पहुंचे। इसके लिए बाजार में खरीदारों को सहूलियत दिया जाना बहुत जरूरी है। कई ऐसी सहूलियत है जो हम लोग योजनाओं के जरिए इस बार बजट से उम्मीद कर रहे हैं।



-धर्मेंद्र कालरा, व्यापारी

शहर की कई बाजारों में पूर्व में पार्किंग के लिए सर्वे किया जा चुका है। इस बार उम्मीद है कि उन सर्वे के आधार पर योजनाओं के लिए बजट जरूर पास हो सकता है। जिससे सर्वे के आगे का काम शुरू किया जा सके। शहर में कई पुरानी बाजारे हैं इन बाजारों मे पार्किंग की सुविधा जरूर होनी चाहिए।



-अनुराग बलूजा, व्यापारी

### शहर की निर्यातक इकाइयों में लौटा उत्साह, 2500 करोड़ का होता कारोबार

# निर्यात ऑर्डर रिलीज, नए टैरिफ पर ट्रेड डील शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका की ओर से ट्रेड डील खोल दी गई है। अब शहर से अमेरिका के रुके उत्पादों का निर्यात शुरू हो गया है। हाल ही में अमेरिका की ओर से टैरिफ घटाए जाने के बाद निर्यातकों की ओर से खरीदारों के साथ बातचीत शुरू हो चुकी है। डील खुलने के बाद शहर से लगभग 5 सौ करोड़ रुपये के ऑर्डर अगले तीन महीनों मे अमेरिका पहुंचने शुरू हो जाएंगे।

शहर से अमेरिका को सबसे अधिक लेदर, लेदर के उत्पाद, गारमेंट्स, होजरी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी सहित अन्य उत्पादों का निर्यात होता है। यह निर्यात कारोबार लगभग 25 सौ करोड रुपये के आस-पास है। अमेरिका की ओर से टैरिफ लगाए जाने के बाद शहर का निर्यात कारोबार लगभग बंद हो गया था।

अब अमेरिका की ओर से टैरिफ घटाए जाने के बाद डील खोलने पर अब एक या दो दिन में रुके हुए ऑर्डर सबसे पहले रिलीज हो सकेंगे। यह वह ऑर्डर है जो टैरिफ लगने के बाद तुरंत ही अधिक टैक्स की वजह से रुक गए थे। शहर के निर्यात कारोबार पर फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑग्रनाईजेशन के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया गया कि टैरिफ घटाए जाने के बाद डील की शर्तें भी जारी हो गई है। इस तरह से अब शहर से अमेरिका के लिए रुका हुआ निर्यात कारोबार दोबारा शुय हो सकेगा।

**कारीगरों के चेहरे पर मुस्कान :** अमेरिका की ओर से टैरिफ में दी गई छूट के बाद मंगलवार को लेदर सेक्टर में खास उत्साह रहा। 6 महीने से अमेरिका का निर्यात कारोबार कम होने से सबसे अधिक परेशानी इस सेक्टर में काम करने वाले कारीगरों को रही थी। उत्पादन कम होने की वजह से लगातार इन कारीगरों के पास काम काम आ रहा था। अब औद्योगिक क्षेत्र में इन कारीगरों के पास जल्द ही दोबारा काम आने की संभावना काफी बढ़ गई है। इनमें खास तौर पर लीटर सेक्टर में काम करने वाले ऐसे कारीगर जो मशीन के बजाय हाथ से लेदर पर मोटी सिलाई और डिजाइन बनाने का काम करते हैं उनमें सबसे अधिक रहता है।

**80%** लेदर सेक्टर का कारोबार हुआ था प्रभावित

**60%** अमेरिका को वापस शुरू हो सकता है निर्यात

**10** हजार करोड़ का शहर से होता है कुल निर्यात

**65** सौ करोड़ का लेदर सेक्टर से होता निर्यात

**25** सौ करोड़ रुपये का अमेरिका को होता था निर्यात

**129** छोटे निर्यातक बुरी तरह हुए थे प्रभावित

### बढ़ सकता है कारोबार

- अमेरिका की ओर से टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत का कई बड़े देशों के साथ व्यापारिक करार हो चुका है। इनमें यूरोपीय संघ के साथ हुए करार को ''''मदर ऑफ एफटीए'''' माना जा रहा है। इस स्थिति में नया बाजार तलाश रहे निर्यातकों को अमेरिका की ओर से लगाए जाने वाले टैरिफ के पहले की स्थिति से बेहतर स्थिति फिलहाल बाजार के रूप में हासिल हुई है। ऐसे मैं निर्यात विशेषज्ञ यह मानकर चल रहे हैं कि आने वाले समय में शहर का निर्यात कारोबार लगभग 10 हजार करोड रुपए से बढ़ेगा। इनमें भारत की ओर से हाल ही में किए गए व्यापारिक समझौता की बड़ी भूमिका होगी।

### प्रतियोगिता में प्रोडक्ट

- अमेरिका की ओर से 18 परसेंट टैरिफ किए जाने के बाद शहर के उत्पाद कई देशों के मुकाबले अमेरिका में सस्ते होंगे। ऐसी स्थिति में निर्यातकों को अमेरिका की बाजार में ब्रेक के बाद उतारने में अन्य देशों के निर्यातकों के मुकाबले सहूलियत होगी। फिलहाल निर्यातक नए टैरिफ का उत्पादन पर पड़ने वाले असर को देखते हुए बाजार हाल समझ रहे हैं। माना जा रहा है कि इससे नए ऑर्डर हासिल करने के लिए निर्यातकों को अन्य देशों के निर्यातकों के मुकाबले सहूलिया हासिल होगी।

### केंद्रीय बजट का भी रहेगा खास असर

- अमेरिका की ओर से टैरिफ पर छूट केंद्रीय बजट के तुरंत बाद हासिल हुई है। ऐसी स्थिति में निर्यात विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार केंद्रीय बजट में भी निर्यातकों को कई छूट हासिल हुई है। बजट से मिली सहूलियत का भी असर निर्यात किए जाने वाले उत्पादों की कीमतों पर पड़ेगा। इस तरह से शहर के निर्यातकों को ग्लोबल मार्केट में और खास तौर से अमेरिका में गला काट टैक्स के बीच अपने उत्पादों को सस्ती कीमत पर ऑफर करने की सहूलियत हासिल हो सकेगी।

## एसआईआर में गड़बड़ी चुनाव आयोग की गलती

**कानपुर।** शनिवार को कांग्रेसी सांसद उप नेता, विरोधी दल, राज्य सभा प्रमोद तिवारी ने आरोप लगाया है कि एसआईआर चुनाव आयोग की गलतियों का नतीजा है, इतना बड़े काम के लिए कम से कम 5 साल का समय चाहिए। ये बयान आने के बाद कानपुर महानगर कांग्रेस कमेटी ने भी मामला उठाया है कि कानपुर नगर में हजारों लोगों के नाम मतदाता सूची में अभी तक नहीं जुड़ पाए हैं जिससे वे परेशान हैं।

- शहर में हजारों लोगों के नाम अभी भी मतदाता सूची में नहीं जुड़े

शनिवार को कानपुर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने अपने बयान में कहा है कि चुनाव आयोग गलतियों पर गलतियां कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सरकार को ये सुझाव दिया कि एसआईआर की प्रक्रिया इतने कम समय में पूरा करना संभव नहीं है। इसके लिए कम से कम 4 से 5 वर्ष का टाइम चाहिए क्योंकि जल्दबाजी में करोड़ों लोगों को नाम मतदाता सूची से कट गये लेकिन अहंकार में डूबी भाजपा के इशारे पर इतने कम समय में निर्वाचन आयोग एसआईआर की प्रकिया को पूरी कराने पर अमादा रहा और अब उसे कई चरणों में अपने शिड्यूल को बढ़ाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि काश! निर्वाचन आयोग ने विपक्ष की मांग और सच्चाई पर ध्यान दिया होता तो बार- बार जल्दबाजी में यह निर्णय उसे नहीं लेना पड़ता।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें



मेगा एमएसएमई ऋण आउटरीच कार्यक्रम में भाग लेते अधिकारी। अमृत विचार

## मेगा एमएसएमई ऋण आउटरीच कार्यक्रम

**कानपुर।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय प्रमुख अनुपम अवधवाल की अध्यक्षता में 'मेगा एमएसएमई ऋण आउटरीच कार्यक्रम' हुआ। मुख्य अतिथि उपायुक्त उद्योग अंजनीश प्रताप सिंह ने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि पीआईए के स्टेट प्रेसीडेंट मनोज बंका एवं एसोशिएट ऑफिस बियरर सदस्य मिथलेश गुप्ता, बृजेश अवस्थी, विनय अग्निहोत्री, सूर्यभान पटेल व आदर्श अग्रवाल भी मौजूद रहे। उपायुक्त उद्योग अंजनीश प्रताप सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न सरकारी ऋण योजनाओं की जानकारी दी। स्टेट प्रेसीडेंट, पीआईए मनोज बंका ने सेन्ट्रल बैंक की योजनाओं एवं ग्राहक सेवा की प्रशंसा की। इस दौरान बैंक के मुख्यप्रबंधक चरनमीत सिंह एवं स्थानीय शाखा प्रमुख और अधिकारी उपस्थित रहे।



लाजपत नगर में बैठक के दौरान चर्चा करते व्यापारी। अमृत विचार

## बजट में व्यापारियों के लिए कुछ भी नहीं

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की बैठक लाजपत नगर स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में व्यापारिक समस्याओं पर व व्यापार मंडल को कैसे गतिशील बनाया जाए इस पर चर्चा हुई। इसके अलावा व्यापारियों को आ रही समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि केंद्रीय बजट में छोटे एवं मध्यवर्गीय व्यापारियों के लिए कोई भी सुविधा नहीं दी गई। व्यापारियों को लोन लेने के लिए चक्कर लगाने पड़ते हैं। सरकारी बैंक इतनी फॉर्मेलिटी मांग लेते हैं कि व्यापारी उनका निदान करने में सक्षम नहीं रहता। बैठक में व्यापारियों ने शस्त्र लाइसेंस न दिए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई गई। जिस पर जिलाधिकारी से इस संदर्भ में वार्ता करने को कहा गया है। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश प्रभारी एवं अध्यक्ष कपिल सभरवाल, संयोजक अजय सराफ, महामंत्री रंजीत सिंह बिल्लू, युवा अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सलाहकार रंजीत सिंह बब्बू, उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह भाटिया, सरदार अवनीत सिंह मौजूद रहे।

## कल शुरू होगी खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 9 से 18 फरवरी तक चलेगी। बृजेन्द्र स्वरूप पार्क में लगने वाली प्रदर्शनी में इस बार सौ स्टॉल लागाए जाएंगे। इनमें 10 महिला शिल्पकारों के स्टॉल हैं।

परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी कानपुर मंडल अशोक कुमार शर्मा, ग्रामोद्योग महासंघ के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता व अभय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रदर्शनी की शुरुआत मंत्री राकेश सचान करेंगे। प्रदर्शनी में खादी के वस्त्र, रेडीमेड परिधान, ऊनी वस्त्रों के साथ मुरादाबाद के पीतल उत्पाद, मिट्टी के बर्तन, प्रतापगढ़ के अर्वेला उत्पाद, सहारनपुर का फर्नीचर, गुड़, चर्म उत्पाद, बांस-बेत के सामान, बनारस की साड़ियां आदि उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगी।



प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारही। अमृत विचार

## गोविंदपुरी, अनवरगंज, पनकीधाम रेलवे स्टेशन बनेंगे टर्मिनल प्वाइंट

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेनों एवं यात्रियों का बोझ कम करने के लिए शहर के 3 रेलवे स्टेशनों को टर्मिनल प्वाइंट बनाने की कवायद चल रही है। इनमें गोविंदपुरी, पनकीधाम स्टेशन और अनवरगंज स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों को अमृत भारत योजना के अंतर्गत संवारने का काम चल रहा है।

पनकीधाम स्टेशन पर अभी तीन प्लेटफार्म हैं, ऐसे में यहां चार नई रेलवे लाइन बिछाने की तैयारी है। यहां दो प्लेटफार्म भी बढ़ाने पर मंथन चल रहा है। इटावा, टूंडला, आगरा से कानपुर तक आने वाली ट्रेनों को पनकीधाम से ही चलाने पर विचार किया जा रहा है। इसी प्रकार गोविंदपुरी स्टेशन पर झांसी, उरई, बांदा, चित्रकूट की ओर से कानपुर तक आने वाली ट्रेनों को चलाने की कवायद चल रही है। कुल मिलाकर कानपुर सेंट्रल स्टेशन से लगभग 100 ट्रेनों का बोझ कम हो जाएगा। अभी कानपुर सेंट्रल स्टेशन से लगभग 300 ट्रेनों का आवागमन है, इन ट्रेनों से प्रतिदिन सवा लाख से डेढ़ लाख यात्रियों का प्रतिदिन आवागमन है।

**बजट एवं आर्थिक विमर्श**

मर्चेंट चेंबर में इनकम टैक्स बार एसोसिएशन व कानपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एसोसिएशन की ओर से सेमिनार

# इक्कीसवीं सदी में मानव संसाधन महत्वपूर्ण : अग्रवाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उन्नीसवीं सदी के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था का स्वरूप पूंजी आधारित हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप पूंजीवाद और मार्क्सवाद जैसी विचारधाराएं उभरीं, परंतु इक्कीसवीं सदी में यह स्पष्ट है कि प्राकृतिक और पूंजीगत संसाधनों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण मानव संसाधन है।

यह विचार सीए (डॉ.) डीआर अग्रवाल ने व्यक्त किए। मर्चेंट चेंबर ऑफ़ उत्तर प्रदेश इनकम टैक्स बार एसोसिएशन व कानपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एसोसिएशन के सेमिनार में बजट एवं आर्थिक विमर्श हुआ। उन्होंने आईपीसीसी की रिपोर्टों का उल्लेख करते हुए कहा कि औद्योगीकरण के बाद प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से वैश्विक तापवृद्धि जैसी समस्याएं आईं। 20वीं सदी के उत्तरार्द्ध और 21वीं सदी में विज्ञान, तकनीक, नवाचार और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का उदय हुआ है, जहां मानव मस्तिष्क ही सबसे बड़ा पूंजीगत संसाधन बन चुका है। आज शीर्ष वैश्विक कंपनियां मशीन या सामग्री आधारित नहीं, बल्कि ज्ञान, तकनीक और इनोवेशन आधारित हैं। गूगल, एप्पल, फेसबुक आदि इस परिवर्तन का प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल, संजय शुक्ला, शरद सिंघल, नितिन ओमर, मनीष श्रीवास्तव, दीप कुमार मिश्र, मनु अग्रवाल, महेंद्र नाथ, शरद शेखर श्रीवास्तव, राजीव गुप्ता, आशीष जौहरी, विमल बाजपेई, अंशुल श्रीवास्तव, अवधेश मिश्र, अतुल मेहरोत्रा, शैलेश शर्मा, केशव बाजपेई, सिद्धार्थ मौजूद रहे।






मर्चेंट चेम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश द्वारा बजट पर परिचर्चा को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि, वक्ता सीए डॉ. डीआर अग्रवाल। अमृत विचार



अमृत विचार



## सिटी ब्रीफ

### भावना दीक्षित रहीं प्रथम

**कानपुर।** पीपीएन महाविद्यालय में युवा महोत्सव के तहत प्रतियोगिता हुई। नृत्य नाटिका में अविरल दोहरे प्रथम रहे। कथक नृत्य में अंकोलिता सिंह प्रथम रहीं। लोक नृत्य में जाह्नवी गुप्ता ने प्रथम, पारुल शर्मा ने द्वितीय एवं अमोली सिंह ने तृतीय स्थान पाया। सेमी क्लासिकल में भावना दीक्षित ने प्रथम ,मुस्कान गुप्ता ने द्वितीय एवं अंजलि गुप्ता ने तृतीय स्थान पाया। भाषण में आयुषी त्रिवेदी प्रथम स्थान, आस्था अवस्थी एवं ज़ोया आमिर को द्वितीय, भावना दिक्षित, मुस्कान वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक समिति की संयोजिका प्रोफेसर मीना गुप्ता एवं प्रो. वन्दना द्विवेदी मौजूद रहे।

### व्याख्यान आयोजित

**कानपुर।** वीएसएसडी कॉलेज के अंग्रेज़ी विभाग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से मूट कोर्ट हॉल में 'लर्न, लॉन्च एंड लीड: रिमेनिंग एजूकेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड एम्प्लॉयमेंट' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंग्रेज़ी विभाग के राजेश कुमार यादव द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में शिलांग विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रो. प्रभा शंकर शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने उद्यमिता, नेतृत्व एवं रोजगार के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा पर पुनर्विचार की आवश्यकता पर बल दिया। संचालन डॉ. फ़ातिमा अशना द्वारा किया गया।

### तीन जगह पकड़ी चोरी

**कानपुर।** केस्को की विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को साइकिल मार्केट उपकेंद्र में हाई लाइन लॉस फीडरों को कम के लिए चलाए जा रहे अभियान व प्राप्त शिकायतों के आधार पर तीन जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक नाजिर बाग में मो.नईम, कंघी मोहाल में मो.असलम व बेकनगंज में नसरीन पर टीम ने बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई।

### दानपात्र से चोरी

**कानपुर।** चमनगंज के आनंद बाग में शुक्रवार देर रात पिकेट प्वाइंट से चंद कदम दूर हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर चोर दानपात्र से नकदी ले गए। संगीत टॉकीज चौराहा के सामने पिकेट प्वाइंट है। चंद कदम दूर श्री हनुमान मंदिर में चोरों ने पहले मंदिर की खिड़की तोड़ी। फिर नोट और फुटकर पैसे उठाए। दानपात्र का भी ताला तोड़ 15-16 हजार नकदी भी पार कर दी। बुढ़वा मंगल की तैयारी के लिए चंदा एकत्र कर दानपात्र में रख रहे थे। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि इससे पहले भी चोरों ने तीन महीने पहले पीतल का बड़ा घंटा और दानपात्र को निशाना बनाया था। चमनगंज पुलिस ने आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ की। चमनगंज थाना प्रभारी संजय राय के अनुसार चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# एकजुट होकर लड़ना होगा कैंसर की लड़ाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विश्व कैंसर दिवस पर डॉक्टरों की विशेष वैज्ञानिक संगोष्ठी
- इलाज और देखभाल हर व्यक्ति के अनुसार होनी चाहिए



वैज्ञानिक संगोष्ठी में मौजूद डॉक्टर्स। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हर्ष नगर स्थित एक होटल में शनिवार को विश्व कैंसर दिवस पर कानपुर मेनोपॉज सोसाइटी व कानपुर ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसाइटी ने एक विशेष वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया। इसका उद्देश्य महिलाओं में कैंसर से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कैंसर सर्वाइवर्स व अन्य के लिए मेनोपॉज संबंधी आधुनिक व साक्ष्य आधारित उपचार विकल्पों पर चर्चा रही।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में प्रोफेसर व सचिव डॉ. शैली अग्रवाल ने बताया कि इस बार विश्व कैंसर दिवस की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक्यू हैं, जिसका मतलब है कि हर कैंसर मरीज की कहानी, जरूरत और अनुभव अलग-अलग होते है, लेकिन हम सब मिलकर उनके साथ खड़े हैं। यह थीम हमें याद दिलाती है कि इलाज और देखभाल हर व्यक्ति के अनुसार होनी चाहिए। डॉक्टरों के साथ ही समाज व परिवार सभी को एकजुट होकर कैंसर के खिलाफ लड़ाई लड़नी चाहिए। तभी कैंसर से जंग आसान हो सकेगी।

कानपुर मेनोपॉज सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ.किरन पाण्डेय ने कैंसर सर्वाइवर्स के विशेष संदर्भ में मेनोपॉजल हार्मोन थेरेपी की प्रिस्क्रिप्शन राइटिंग पर चर्चा की। कहा कि व्यक्तिगत चिकित्सा इतिहास, जोखिम (स्तन कैंसर, स्ट्रोक, रक्त के थक्के) और लाभों का आकलन करके ही थेरेपी शुरू की जानी चाहिए। डॉ.दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य, विशेषकर कैंसर के प्रति जागरूकता और सही उपचार पद्धतियों को अपनाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। इस दौरान संरक्षक डॉ.मीरा अग्निहोत्री, सचिव डॉ.शैली अग्रवाल, केओजीएस अध्यक्ष डॉ. कल्पना दीक्षित, डॉ.प्रतिमा वर्मा, डॉ. नीलम मिश्रा, डॉ. रीता मित्तल, डॉ. संगीता सारस्वत, डॉ. नीना गुप्ता, डॉ. सीमा द्विवेदी समेत 75 स्त्री रोग विशेषज्ञ शामिल हुए।

### इस तरह कम हो सकता गर्भाशय का कैंसर

■ जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ.रेनू गुप्ता ने बताया कि मेनोपॉजल हार्मोन थेरेपी का प्रिस्क्रिप्शन मुख्य रूप से मेनोपॉज के लक्षणों जैसे हॉट फ्लैशेस और रात में पसीना आने के इलाज के लिए दिया जाता है। यह 60 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं या रजोनिवृत्ति के 10 वर्षों के भीतर प्रभावी है। गर्भाशय वाली महिलाओं के लिए एस्ट्रोजन के साथ प्रोजेस्टोजेन (प्रोजेस्टिन) का उपयोग अनिवार्य है, ताकि गर्भाशय के कैंसर के खतरे को कम किया जा सके। संगोष्ठी में कई वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किया।




परशुराम वाटिका में जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

## तंबाकू, सिगरेट व शराब का प्रयोग नहीं

**कानपुर।** परशुराम वाटिका में शनिवार को विश्व कैंसर सप्ताह के तहत आरोग्यधाम चिकित्सकों ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। वरिष्ठ होम्योपैथिक फिजिशियन डॉ. हेमंत मोहन, डॉ. आरती मोहन व संस्थापिका पुष्पा मोहन ने तीन सौ से अधिक पीएसजीएम मेमोरियल स्कूल आर्य नगर के बच्चों को शराब, मैनपुरी व गुटका के दुष्प्रभाव की जानकारी दी। इनसे होने वाले कैंसर की जानकारी दी।

पार्क में बच्चों के साथ रैली निकालकर एंटीबायोटिक दवों के दुष्प्रभाव के साथ पर्यावरण पर मंथन किया। तंबाकू, सिगरेट व शराब का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई। मेडिकल क्विज में कैंसर से संबंधित सही जवाब देने वाले बच्चे मुक्ता, आरुषि, अनन्या, राधिका व ऋषिका के साथ तंबाकू रूपी राक्षस का रोल प्ले करने वाले अरुण गौतम को सम्मानित किया। इस दौरान आरोग्यधाम चिकित्सकों के अलावा, भारतीय रक्षक पार्टी के अमित शुक्ला, अरविंद कुमार, मनोज तोमर, राजकुमार मिश्रा, दिनेश मिश्रा, कोचिंग सेंटर के संचालक महेश मिश्रा, श्रुति शर्मा, अमित मिश्रा समेत स्कूल की शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# गणित ने उलझाया, भाषा में माथा चकराया

## शहर भर के 46 केंद्रों में आयोजित हुई केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा, 37,876 परीक्षार्थी हुए शामिल, चेकिंग के बाद मिला प्रवेश



सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में एकत्र लोग अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परीक्षा केंद्र पर ही मोबाइल, वाहन की चॉबी जमा कराई गई

**अमृत विचार।** शहर में शनिवार को 46 परीक्षा केंद्रों में सीटीईटी आयोजित हुई। इस दौरान 37876 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी गणित के प्रश्नों से परेशान हुए। इसी तरह भाषा के प्रश्नों ने भी परीक्षार्थियों को उलझाया। परीक्षार्थियों की केंद्र में प्रवेश के दौरान तलाशी भी हुई।

शहर में दो पालियों में सीटीईटी आयोजित हुई। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के दौरान परीक्षार्थियों को तलाशी देकर गुजरना पड़ा। सुरक्षा उपायो की वजह से केंद्र पर ही मोबाइल, वाहन की चाबी सहित अन्य सामग्री जमा कराए गए। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों ने सवालों को औसत बताया। कहा कि गणित के सवाल तो आसान रहे लेकिन उसके उत्तर निकालने की प्रक्रिया काफी कठिन रही। इससे प्रश्न पत्र के सवालों को हल करने के लिए काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा।

इसी तरह भाषा के प्रश्नों को भी परीक्षार्थियों ने उलझाऊ बताया। कहा कि उसे समझने में परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे उन्हें काफी समय गंवाना पड़ा। उधर पहली पाली में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में कुछ परीक्षार्थियों को परेशानी उठानी पड़ी। परीक्षार्थियों ने अपने वाहनों की चाबी सेंटर पर ही जमा कर दी थी। मांगने पर सुरक्षा कर्मियों ने एक साथ सबकी चाबियां दिए जाने की बात कही। इससे परीक्षार्थियों व उनके साथ आए लोगों ने सुरक्षा कर्मियों से बहस भी की।

### भाभी की जगह परीक्षा देते पकड़ी गई ननद

**कानपुर।** बर्रा के परीक्षा केंद्र में भाभी की जगह पेपर देने पहुंची ननद को बायोमैट्रिक जांच के दौरान पकड़ लिया गया। पहचान मेल न खाने पर स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। पता चला कि पकड़ी गई अभ्यर्थी पहली पॉली में चकेरी में अपना पेपर देकर आई थी। पकड़ी गई युवती कन्नौज के घना पूर्वा लाख निवासी अजब सिंह की पुत्री संध्या है। वह अपनी भाभी शिवानी देवी की जगह पर परीक्षा देने केंद्र पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि प्रवेश पत्र पर दर्ज विवरण व बायोमैट्रिक रिकार्ड में अंतर था। जिसके बाद उसे परीक्षा कक्ष से बाहर कर दिया गया। सूचना पर पुलिस ने युवती से पूछताछ की। डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि स्कूल प्रशासन की ओर से तहरीर मिलने पर ननद और भाभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। युवती से पूछताछ की जा रही है।



पकड़ी गई संध्या।

## शहर में धड़ाम रही यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- टाटमिल, झकरकटी बस अड्डा, हृदय रोग संस्थान समेत कई जगह जाम
- सीटीईटी के लिए 78 हजार परीक्षार्थियों का उमड़ा हुजूम



शहर में इसी तरह कई जगह लगा रहा भीषण जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को सीटीईटी परीक्षा देने के लिए 78 हजार परीक्षार्थियों का हुजूम शहर में आया जिससे महानगर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गयी। सबसे ज्यादा मुख्य मार्गों एवं परीक्षा केंद्रों के आसपास लोग परेशान रहे।

शनिवार को 48 परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही आने का सिलसिला शुरू हो गया। स्थिति यह रही कि कल्याणपुर रेलवे क्रासिंग के पास का जाम कल्याणपुर थाने तक लगा रहा। जरीब चौकी, गुमटी नंबर पांच के यू टर्न के पास, फजलगंज चौराहा, रावतपुर गीता नगर क्रासिंग से हृदयरोग संस्थान तक सैकड़ों वाहन फंसे रहे। इसी प्रकार अफीमकोठी चौराहा जाम में फंसा रहा।

शहर के विभिन्न स्कूलों जैसे डीपीएस बर्रा, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर श्याम नगर, सर पदमपत सिंघानिया एजुकेशन, डीपीएस आजाद नगर, गुरु नानक मॉडर्न स्कूल, करम देवी मेमोरियल एकेडमी, गुरु नानक पब्लिक स्कूल, मूलचंद विद्या निकेतन, श्री ओमर वैश्य विद्यापीठ, सुभाष सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ऑक्सफोर्ड मॉडल स्कूल, श्रीराम एजुकेशन सेंटर पनकी, केंद्रीय विद्यालय कैंट, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म स्कूल, आदि प्रमुख परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के कारण आसपास भीषण जाम लगा रहा।

## मुंशी, मौलवी, आलिम की परीक्षाएं कल से

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद ने मुंशी, मौलवी, आलिम की परीक्षा तिथि घोषित कर दी है। ये परीक्षाएं 9 फरवरी से दो पालियों में होगी, जिसके लिए 6 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। परीक्षा कड़ी निगरानी में आयोजित होगी। इस परीक्षा में जनपद के 2187 परीक्षार्थी होंगे, जिसमें 1248 छात्र एवं 939 छात्राएं शामिल हैं।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी (सेकेंडरी फारसी एवं अरबी) आलिम (सीनियर सेकंडरी फारसी) परीक्षा वर्ष 2026 की परीक्षाएं 9 फरवरी से जनपद के 6 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में होगी। ये परीक्षा दो पालियों में होगी। ये परीक्षा प्रथम पाली प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक एवं दूसरी पाली अपराह्न 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगी। उन्होंनेने बताया कि मदरसा बोर्ड परीक्षा वर्ष-2026 को नकल विहीन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए डीएम ने 4 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 6 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए है। सह जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की अध्यक्षता में 2 सचल दल टीमों का गठन किया गया है।



कथा और यात्रा के बारे में जानकारी देते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

## आज निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**कानपुर।** श्री बांके बिहारी जी परिवार समिति की ओर से 8 से 15 फरवरी तक मोतीझील में भागवत कथा होगी। आयोजन के पहले दिन पोथी यात्रा निकाली जाएगी। इस पोथी यात्रा में 151 महिलाएं राजस्थानी परिवेश में कलश धारण कर यात्रा को भव्य बनाएंगी। यह जानकारी शनिवार को समिति के संजय गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, पंकज बंका, राम किशन अग्राल ने दी। बताया गया कि कथा के दौरान पंडाल को विदेशी फूलों से सजाया गया है। विशेष थीम पर सजा मंच सभी के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। वार्ता क दौरान बताया गया कि पहले दिन पोथी यात्रा मलिक रेजिडेंसी 80 फिट रोड से शुरू होगी। कथा के दौरान मृदुल कृष्ण गोस्वामी कथा का रसपान कराएंगे।

# स्थापना दिवस पर युवाओं ने दिखाई प्रतिभा, विशेषज्ञों ने दी राय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू में सप्ताह के पहले दिन हुए विभिन्न आयोजन



स्थापना दिवस के कार्यक्रम में भाग लेते छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में शनिवार से स्थापना दिवस सप्ताह की शुरुआत हुई। इस दौरान विभिन्न आयोजनों के जरिए विशेषज्ञों ने युवाओं को विभिन्न शैक्षणिक सुझाव भी दिए। इस दौरान तकनीकी पर विशेष फोकस किया गया। इन समारोह के दौरान युवाओं ने भी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सीएसजेएमयू में विभिन्न विभागों में हुए आयोजनों में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा एक विशेष व्याख्यान हुआ। इसमें मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार गौरव ललित ने 'डिजिटल मीडिया में डीपफेक' (डीपफेक इन सोशल मीडिया) रहा। यह आयोजन विभाग के लेक्चर हॉल मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि 2026 के इस दौर में पत्रकारिता के सामने सबसे बड़ी चुनौती सूचना की सत्यता को बनाए रखना है। विभागाध्यक्ष डॉ. दिवाकर अवस्थी ने व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए कहा कि एआई के बाद सोचने की समझ हम सबकी कम हुई हैं।

वरिष्ठ शिक्षक डॉ.जीतेंद्र डबराल, डॉ.ओम शंकर गुप्त,डॉ. योगेंद्र पांण्डेय,डॉ.रश्मि गौतम,डॉ. हरिओम कुमार,प्रेम किशोर शुक्ल,सागर कनौजिया सहित अन्य मौजूद रहे। स्कूल ऑफ आर्ट्स, ह्यूमैनिटीज़ एंड सोशल साइंसेज ने 'गौरवशाली अतीत एवं उज्जवल भविष्य' विषय पर हुई संगोष्ठी में विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, संस्थागत उपलब्धियों तथा भावी योजनाओं को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्कूल की ई-बुकलेट का लोकार्पण एवं स्कूल वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें लोगों को संस्थान की विकास यात्रा से अवगत कराया।

उधर विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिष्ठित प्राध्यापकों और शोधार्थियों को उनके उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य, अकादमिक उपलब्धियों और शोध उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सीएसजेएमयू रिसर्च बुलेटिन के चौथे संस्करण का विमोचन था, जिसे अब विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। अन्य आयोजनों में स्वर्ण जयंती पुरुष छात्रावास द्वारा एक विशेष फिल्म स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। रानी लक्ष्मीबाई ऑडिटोरियम में सिनेमाई कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। सिद्धार्थ गुप्ता की ओर से निर्देशित 'द लास्ट डांस' की विशेष स्क्रीनिंग हुई। फिल्म में शिवम पाल ने सह-निर्देशन की भूमिका निभाई, जबकि अभय प्रताप सिंह और जानवी तिवारी ने मुख्य भूमिकाओं में अपनी बेहतरीन अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों का दिल जीत लिया। श्रेष्ठ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। अचीवर्स अवार्ड के लिए प्रतिज्ञा मिश्रा को चयनित किया।

**कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी** — ग्रीन पार्क स्टेडियम में दूसरा दिन यूपी टीम के नाम रहा

# यूपी ने पहली पारी में 260 रन बनाए, 90 की बढ़त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दूसरी पारी में चंडीगढ़ के चार विकेट पर 78 रन, 12 रन पीछे



कैच लपकने की कोशिश करता फील्डर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियन में खेले जा रहे कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी मुकाबले में दूसरा दिन यूपी टीम के नाम रहा। खिलाड़ियों ने पहली पारी में 260 रन बनाकर चंडीगढ़ पर 90 रन की बढ़त हासिल की। वहीं दूसरी पारी में चंडीगढ़ के चार विकेट मात्र 78 रन पर गिरे। यूपी की पहली पारी से चंडीगढ़ अभी भी 12 रन पीछे है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चंडीगढ़ के ईवराज तीन व आरुष भंडारी पांच रन बनाकर क्रीज पर हैं। यूपी से अक्षु ने दो, शुभम व विजय कुमार ने एक-एक विकेट लिए।

कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी मुकाबले में दूसरे दिन यूपी ने पहले दिन का स्कोर तीन विकेट पर 46 से आगे खेलना शुरू किया। काव्य और शुभम मिश्रा ने पारी को संभाला, लेकिन शुभम मिश्रा 10 रन बनाकर निशुंक की गेंद पर बोल्ड हुए। इसके बाद अली जफर मोहसिन 15 रन पर निशुंक की गेंद पर आउट हुए। अब तक यूपी का स्कोर 93 रन था। इस बीच काव्य ने अपना अर्द्धशतक पूरा किया। जबकि दूसरे छोर पर अर्जुन कुमार को दो रन व कार्तिकेय को एक रन पर निशुंक ने चलता किया। इस तरह यूपी को छठवां व सातवें विकेट पर झटका मिला।

संकट में घिरती टीम को अक्षु ने काव्य के साथ मिलकर थामा। अक्षु ने अपना अर्द्धशतक पूरा किया। दोनों सधी बल्लेबाजी करते हुए टीम को 200 रनों के पार पहुंचाया। इस जोड़ी को निशुंक ने 99 रन पर काव्य को एलबीडब्ल्यु करके तोड़ा। काव्य अपने शतक से चूके। इसके बाद 255 रन के योग पर यूपी का नौवां विकेट अक्षु के रूप में 91 रन पर गिरा। निशुंक की गेंद पर जसकीरत ने उनका कैच पकड़ा। 260 रन पर यूपी को आखिरी झटका विजय कुमार के रूप में एक रन पर लगा।

इस प्रकार यूपी ने चंडीगढ़ पर 90 रन की बढ़त बनाई। दूसरी पारी में चंडीगढ़ की शुरुआत खराब रही और अरनव बंसल को पांच रन पर विजय कुमार ने आउट किया। इसके बाद दुष्यंत 45 और राघव वर्मा 13 रन बनाकर संघर्ष किया। दोनों खिलाड़ी अक्षु व शुभम की गेंदबाजी के आगे ज्यादा टिक नहीं सके। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक चंडीगढ़ ने 30 ओवर में चार विकेट पर 78 रन बनाए। यूपी की कोशिश होगी कि तीसरे दिन जल्दी विकेट झटककर चंडीगढ़ को एक पारी से मात देकर बोनस अंक के हकदार बने।

## पोथी के स्वागत का आनंद



श्री सालासर बालाजी महिला मण्डल द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा की शनिवार को शुरुआत हुई। पहले दिन कलश पोथी यात्रा निकली। यह यात्रा विभिन्न रास्तों से होते हुए कथा स्थल पहुंची। रास्ते में कई जगह यात्रा का स्वागत हुआ। इस दौरान वृन्दावन से आए कथा वाचक का व्यास पूजन संतोष सीनी ने किया। कृष्णचंद्र शास्त्री ठाकुर महाराज को फूलों से सजी बग्गी मे विराजमान कराया गया। भक्तों के जयकारों के बीच माहौल भव्य हो गया। ● अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### क्रिकेट टीमों का कल किया जाएगा गठन

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली अंडर-19 रजनीन्द्र दीक्षित जनपदीय क्रिकेट लीग हेतु टीमों का गठन 9 फरवरी को राजा शंकर सहाय इंटर कॉलेज में दोपहर 2 बजे से होगा। सभी पंजीकृत खिलाड़ी जिन्होंने स्पर्धा हेतु अपना पंजीकरण कराया है वह समय से पहुंचकर टीमों की चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

### मगरायर गांव के बाहर मिला युवक का शव

**उन्नाव, अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के मगरायर गांव निवासी सुरेंद्र दीक्षित (35) पुत्र हरी बाबू कानपुर के जाजमऊ स्थित फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में उसका शव बीघापुर-पुरवा मार्ग पर गांव के बाहर सड़क के किनारे मिलने से लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पिता ने पुलिस को बताया कि बेटा बीते 3 दिन से काम पर नहीं गया था। शुक्रवार शाम वह घर से निकला था। उसके माथे पर एक चोट का निशान था। सीओ मधुपनाथ मिश्रा ने भी मौके की जांच की।

### कुत्तों के हमले में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिंडोखा गांव में कुत्तों के हमले से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। इसकी जानकारी पर ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। बताया जा रहा है कि गांव के पास खेतों की ओर गए मोर पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया और मौके पर दम तोड़ दिया।

# जनसुनवाई में लापरवाही सहन नहीं

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं समस्याएं, 89 शिकायतों में 11 का निस्तारण


संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनते डीएम व अन्य अधिकारी।


तहसील में अभिलेख देखते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी जय प्रकाश सिंह ने पुरवा तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इसमें आई 89 शिकायतों में 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। जनसुनवाई से पूर्व जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया और विभिन्न विभागों के कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े स्टालों का अवलोकन भी किया।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस में विद्युत विभाग, पूर्ति कार्यालय, क्रीड़ाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व खाद्य सुरक्षा अधिकारी से जुड़े मामलों में असंतुष्ट फीडबैक पर नाराज़गी जताई। उन्होंने अधिकारियों को आईजीआरएस को प्राथमिकता देने, कंप्यूटर ऑपरेटर के भरोसे न रहकर खुद शिकायतकर्ता से फीडबैक लेकर ही टिप्पणी अपलोड करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई व आईजीआरएस मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में है। इसमें लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने तहसील की राजस्व संबंधी जानकारी से युक्त 'राजस्व दर्शन' पुस्तिका के छठे अंक का विमोचन किया। इसके बाद उन्होंने पुरवा तहसील का भी निरीक्षण किया। जहां अभिलेखों का रखरखाव सही न होने व अन्य खामियां मिलने पर अफसरों को फटकार लगाई। इसके अलावा तहसील बांगरमऊ, हसनगंज, बांगरमऊ व बीघापुर में भी संबंधित अफसरों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के निर्देश मातहतों को दिये। अधिकारी ने कहा कि काम में लापरवाही किसी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी।

### जीवित वृद्धा को मृत दिखाकर बंद की पेंशन, सचिव निलंबित

**उन्नाव, अमृत विचार।** तहसील पुरवा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उस समय हड़कंप मच गया जब एक वृद्ध महिला डीएम के सामने फूट-फूटकर रो पड़ी। तहसील क्षेत्र के हिलौली ब्लॉक के पतयोला दासी गांव निवासी महाराना पत्नी बिंदा प्रसाद ने डीएम को बताया कि उसे फरवरी-2025 में ब्लॉक अधिकारियों ने सत्यापन के दौरान कागज़ों में मृत दिखाकर वृद्धावस्था पेंशन बंद कर दी। इससे उसके सामने जीवन यापन की समस्या आ गई है। वृद्धा की बात सुन जिलाधिकारी गौरांग राठी का पारा चढ़ गया। मामले को गंभीर मान उन्होंने एडीओ पंचायत को तलब किया और जांच के आदेश दिए। डीएम ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन सचिव रंजीत को निलंबित करने के निर्देश दिए और अफसरों को आदेश दिए कि 15 दिन में वृद्धा की पेंशन बहाल कर उसे दिलाएं।

### सफीपुर में एडीएम व एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, एसडीएम शिवेंद्र वर्मा की उपस्थिति में तहसील सफीपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फ़रियादियों की जन सुनवाई की गई। इस अवसर पर एडीएम ने फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर गंभीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने ने आईजीआरएस में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसमें विभिन्न विभागों की 74 शिकायतें आईं। जिनमें 3 का निस्तारण मौके पर हुआ। शेष को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान प्रभारी तहसीलदार देवेंद्र यादव, बीडीओ श्वेता तिवारी, एसडीओ विद्युत एजाज अहमद आदि तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिसकर्मियों का जांचा स्वास्थ्य

संवाददाता उन्नाव


शिविर में लोगों की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वामा सारथी उप्र पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वामा वेलनेस होम्योपैथिक कैंप व टाटा वन एमजी मेडिकल कैंप का आयोजन हुआ। वामा सारथी अध्यक्ष नीतू सिंह व एसएसपी जयप्रकाश सिंह के निर्देश में हुए मेडिकल कैंप में पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों, पुलिस परिवार की महिलाओं व बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व उपचार किया गया। टाटा वन एमजी के चिकित्सकों द्वारा थायराइड, कोलेस्ट्रॉल, टीएसएच, एलएफटी, कैल्शियम समेत अन्य जरूरी जांचें की गईं और जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएं दी गईं। इसमें एएसपी अखिलेश सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा, सीओ सफीपुर सोनम सिंह, सीओ सिटी विनी सिंह, आरआई सचिन राय, पुलिस वेलफेयर शाखा से दरोगा विमलेश शुक्ला, आरक्षी अजय कुमार, वामा सारथी टीम से समन्वयक डॉ. आशीष श्रीवास्तव, महिला आरक्षी संयोगिता शुक्ला, कोमल शर्मा सहित वामा सारथी वालंटियर्स आशा, शिवांगी, अंजु, कल्पना, सुनीता, अनीता, मीरा कस्तूरी, संगीता, वंदना, आरती, वैष्णवी, प्रिया, सुषमा आदि का योगदान रहा।

### केंद्र व्यवस्थापकों की कल होगी बैठक

**उन्नाव, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारंभ होनी हैं। इसके लिए जिले के सभी 122 परीक्षा केंद्रों के व्यवस्थापकों/प्रधानाचार्यों की बैठक अटल बिहारी इंटर कॉलेज में 9 फरवरी को दोपहर 1 बजे से आयोजित की गई है। जानकारी देते हुए डीआईओएस सुनील दत्त ने बताया कि सभी केंद्र व्यवस्थापक अपने परीक्षा केंद्र के मूलभूत सुविधाओं जैसे सीसीटीवी कैमरा, शौचालय, अलमारी, जरूरी फर्नीचर व प्रकाश व्यवस्थाआदि की व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी लेकर उपस्थित हों। समीक्षा डीआईओएस करेंगे। बैठक में वह स्वयं उपस्थित होंगे प्रतिनिधि को न भेजा जाए।

### अनुरक्षण कार्य के चलते 7 घंटे बत्ती गुल


गोकुल बाबा सब स्टेशन में होता कार्य। अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गोकुल बाबा में शनिवार को अनुक्रषण कार्य के चलते शुक्लागंज क्षेत्र के फीडर-1 की आपूर्ति करीब 7 घंटे बाधित रही। सुबह 10 बजे से शाम तक बिजली गुल रहने से हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग द्वारा उपकेंद्र पर स्थापित पावर ट्रांसफॉर्मर, ब्रेकर व पैनलों के परीक्षण के साथ यार्ड में मेंटेनेंस कार्य किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह से ही संबंधित फीडर की आपूर्ति बंद कर दी गई थी। बिजली कटौती के कारण घरों व दुकानों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद रहे। पानी की मोटर न चलने से लोगों को पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ा। हालांकि विभाग ने पूर्व सूचना जारी की थी, फिर भी लंबे समय तक बिजली न आने से लोगों में नाराजगी देखी गई। शाम को अनुरक्षण कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति बहाल की गई, जिसके बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली।

### भागवत कथा में शुकदेव जन्म किया वर्णन


कथा का बखान करते व्यास। अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** कंचन नगर-ए मोहल्ला स्थित मां वैष्णो जूनियर हाईस्कूल परिसर में श्री ममतामयी मंडल परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास श्री वृंदावन धाम से पधारे वल्लभचरणाश्रित केशव देव भक्तमाली महाराज ने श्री शुकदेव जन्म, कपिल भगवान चरित्र, ध्रुव चरित्र एवं सृष्टि की उत्पत्ति का विस्तार से वर्णन किया। महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सत्य, भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि दृढ़ संकल्प और अटूट भक्ति से असंभव भी संभव हो जाता है। वहीं कपिल भगवान के उपदेशों का उल्लेख करते हुए आत्मज्ञान और वैराग्य का महत्व समझाया। कथा के दौरान वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया और श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे। आयोजन में मंडल परिवार के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



तिथि भोज कार्यक्रम में भोजन ग्रहण करते बच्चे। अमृत विचार

### उप्राविं पिथईखेड़ा में तिथि भोज का हुआ आयोजन

**उन्नाव, अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में ग्रामीणों द्वारा शुभ अवसरों पर बच्चों को स्वास्थ्य वर्धक भोजन कराने हेतु संचालित तिथिभोज कार्यक्रम के तहत शनिवार को विकास खंड बीघापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय पिथईखेड़ा में तिथिभोज का आयोजन किया गया। संयोजक शिक्षक जितेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि यह तिथिभोज ग्रामीण शिव वर्मा व शैलेंद्र पटेल के सौजन्य से संपन्न हुआ। जिनके सहयोग से बच्चों को पौष्टिक व संतुलित आहार दिया गया। खंड शिक्षाधिकारी बीघापुर शुचि गुप्ता ने आयोजकों का आभार जताते हुए ग्रामीणों से बच्चों को रोज विद्यालय भेजने का आह्वान किया। इसमें एआरपी दुर्गेश शुक्ला, महेंद्र सिंह, संजीव मिश्र, संदीप शुक्ला, पंकज दीक्षित, गणेश शंकर गुप्ता, अनिल कुमार, उमेश कुमार आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भारतीय रिजर्व बैंक परिवार की बैठक में होली मिलन समारोह की रूपरेखा तय

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** भारतीय रिजर्व बैंक परिवार शुक्लागंज की मासिक बैठक शनिवार को राजमार्ग स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हर्षोल्लास व सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई। इसमें परिवार के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी होली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने अपने सुझाव प्रस्तुत कर कार्यक्रम को तन-मन-धन से सफल बनाने का संकल्प लिया। निर्णय लिया गया कि यह समारोह 14 मार्च 2026, शनिवार दोपहर 2 बजे से स्थानीय शशि विला गेस्ट हाउस पोनी रोड शुक्लागंज में आयोजित होगा। इसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने वाले व हाईस्कूल, इंटर व स्नातक स्तर पर विशेष योग्यता हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

## फॉलोअप: मृतक के बेटे की तहरीर पर लोडर चालक पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**गंगा एक्सप्रेस-वे हादसा**

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** आसीवन थानांतर्गत निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे पर बीती 5 फरवरी को मजदूरों से भरी पिकअप पलटने से हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

हरदोई जिला के थाना सांडी क्षेत्र के हसनापुर गांव निवासी शुभम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता अमर सिंह (50) पुत्र स्व छोटे गंगा एक्सप्रेस-वे के ठेकेदार अचल कुमार पुत्र सुशील निवासी नगवा गगलापुर (हरदोई) के अधीन बीते 5 वर्षों से कार्यरत थे। बताया कि 5 फरवरी को दोपहर वे अन्य मजदूरों के साथ पिकअप से एक्सप्रेस-वे पर काम के लिए जा रहे थे। आरोप है कि पिकअप चालक तेज व लापरवाही से वाहन चला रहा था। इससे थानाक्षेत्र के परसौरा गांव के पास निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे के किमी संख्या- 391 के पास लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई थी और अन्य मजदूर गंभीर घायल हुए थे। शुभम ने बताया कि अंतिम संस्कार व अन्य औपचारिकताओं में व्यस्त होने से वह पहले तहरीर नहीं दे सका था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।


छात्रों के साथ जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने लैपटॉप और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिले में कोड योगी एआई संस्था द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में करियर की संभावना को देखते हुए जिले के उत्कृष्ट 8 छात्रों को लैपटॉप व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिन्हें कोडयोगी द्वारा आयोजित ऑनलाइन टेस्ट में प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है उन छात्रों को जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा अपने कैंप कार्यालय में 8 छात्र आमंत्रित किए गए। जिनमें 2 छात्रों को जिलाधिकारी ने लैपटॉप दिये व 6 छात्रों को प्रमाण पत्र भी दिये। कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, डीआईओएस सुनील दत्त, कोड योगी संस्था से वृद्धि व बच्चों के अभिभावकों संग विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षक रहे।

# मां की हत्या में वांछित आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**फॉलोअप**

- **शराब के पैसे न देने पर किया था वार, पूछताछ में बोला-गलती हो गई, मां को नहीं मारना चाहिए था**

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


पुलिस की गिरफ्त में आलाकत्ल के साथ खड़ा मां की हत्या करने वाला आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने अपनी ही मां की हत्या के वांछित बेटे को 24 घंटे में गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड (पाइप) भी बरामद की है। कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

मजरा पीपरखेड़ा के कंजा खेड़ा निवासी शांति देवी पत्नी स्व. रामकुमार शुक्रवार दोपहर पड़ोसी रमेश के घर के बाहर बैठी थी। तभी करीब 1 बजे उसके छोटे बेटे राजन से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर गुस्से में राजन ने पास पड़ी लोहे की रॉड से मां के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से शांति देवी की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर एएसपी व फॉरेंसिक टीम पहुंची थी।

मृतका के बड़े बेटे राजेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। शनिवार को पुलिस टीम ने आजाद मार्ग पर बदरका चौराहे से मरहला जाने वाले रास्ते पर बाबाकुटी के पास आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर कंजाखेड़ा आजाद मार्ग कट के पास झाड़ियों से आलाकत्ल बरामद किया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह, दरोगा विनोद सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

**शराब के पैसे न देने पर किया था हमला: शुक्लागंज।** पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने मां से शराब के लिये रुपये मांगे थे। मां के इंकार करने पर वह आपा खो बैठा और रॉड से हमला कर दिया।

**पूछताछ में फूटा पछतावा: शुक्लागंज।** पुलिस पूछताछ में आरोपी अपने कृत्य पर पछताता रहा। कहा कि 'गलती हो गई, मां को नहीं मारना चाहिए था,' और रो पड़ा। हालांकि अब उसे अपने किए की सजा भुगतनी होगी।

### कोतवाली के बाहर लटक रही एबीसी लाइन


कोतवाली के बाहर इस तरह लटक रही एबीसी लाइन। अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के बाहर फोरलेन किनारे विद्युत विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है। यहां करीब 10 मीटर लंबी एबीसी विद्युत लाइन जगह-जगह खुली है और जमीन से 5 से 6 फीट की ऊंचाई पर लटक रही है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार खुले तारों के कारण राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों, साइकिल सवारों व सिर पर सामान लेकर गुजरने वालों को खतरा बना हुआ है। बारिश में यह स्थिति और अधिक भयावह हो सकती है। क्योंकि खुले तारों में करंट फैलने की आशंका बढ़ जाती है। आसपास फुटपाथ व ठेलों पर सामान बेचने वाले दुकानदारों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार विभागीय कर्मियों से की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोतवाली जैसे संवेदनशील स्थान के बाहर ऐसी लापरवाही से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से तत्काल एबीसी लाइन की मरम्मत कर खुले तारों को सुरक्षित करने और लाइन की ऊंचाई मानक के अनुसार बढ़ाने की मांग की है, ताकि संभावित हादसे को टाला जा सके।

## अलग-अलग स्थानों पर पड़े मिले युवकों के शव

**उन्नाव, अमृत विचार।** सोहरामऊ थाना व बीघापुर कोतवाली क्षेत्र में गावों के बाहर दो युवकों के शव पड़े मिलने से उनके परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के मौत पर शक जताने पर संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने पैनल से पोस्टमार्टम कराकर शव उनके परिजनों को सौंप दिए।

लखनऊ के थाना बंथरा के पहाड़पुर गांव के मजरा हिन्दुखेड़ा निवासी मनीराम साहू (40) पुत्र स्व. भैरो मजदूरी करता था। वह शराब का लती था इससे उसकी शादी नहीं हुई थी। बताते हैं कि गुरुवार को गांव में उसके परिचित की बेटी की बारात आई थी। जिसमें वह पूरी रात वहीं रुका था। शुक्रवार देरशाम उसका शव गांव से 500 मीटर आगे उन्नाव जिले की सीमांतर्गत शराब ठेके के पास तालाब में औंधे मुंह पड़ा मिला। लोगों की सूचना पर पहुंची मां प्रेमावती, भाई जमुना व लक्ष्मी नारायण शव देख बेहाल हो गए। परिजनों व ग्रामीणों ने उसकी मौत पर शक जताया। इस पर सोहरामऊ पुलिस की मांग पर सीएमओ ने पैनल गठित किया। इसके बाद वीडियोग्राफी के बीच डॉ. विकास सचान व डॉ. बृजकुमार ने पोस्टमार्टम किया। जिसमें उसकी मौत हार्टअटैक से होने की पुष्टि हुई। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार करा दिया गया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

## ज्ञान भारतम पोर्टल के लिए पांडुलिपियां उपलब्ध कराये

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिला सूचना पर्यटन अधिकारी संतोष सिंह ने कहा कि संस्कृति विभाग उप्र द्वारा ज्ञान भारतम मिशन के तहत देश भर में उपलब्ध भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी पाण्डुलिपियों व दुर्लभ ग्रन्थों अदि का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जाना है। ताकि यह धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों व आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सकें। कहा है कि विकसित भारत-2047 के अन्तर्गत डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण, विरासत व विकास के राष्ट्रीय संकल्प से आच्छादित है। उन्होंने सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, मठ-मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी व सार्वजनिक पुस्तकालयों व व्यक्तियों आदि के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों, हस्तलिखित ग्रन्थों, ताड़पत्रों भोजपत्रों व अन्य दस्तावेजों की पहचान सर्वेक्षण कैटालांगिंग, संरक्षण व डिजिटलिकरण का कार्य होना है। इसके अनुसार अभिलेख/समाग्री धारक कार्यालय जिला पर्यटन व संस्कृति परिषद कलेक्ट्रेट भवन (कक्ष संख्या 65) में संपर्क कर सकते हैं। जिससे डिजिटाइज्ड पाण्डुलिपियों को ज्ञान भारतम पोर्टल के माध्यम से आमजन को उपलब्ध कराया जा सके।

## भारतीय संस्कृति का आधार है जियो और जीने दो की भावना

**उन्नाव, अमृत विचार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नंदन वन उन्नाव के सभागार में 4 दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम घर बने मंदिर के प्रथम उद्‌घाटन सत्र का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य वक्ता राजयोगिनी बीके डॉ. गीता ने भारत की संस्कृति व मूल्य विषय पर कहा कि भारत की सनातन संस्कृति अक्षुण्य व गौरवमयी है। शायर इकबाल के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि अनेक प्राचीन सभ्यताएं मिट गईं लेकिन भारतीय संस्कृति आज भी जीवित है। बताया कि भारतीय संस्कृति का आधार जियो और जीने दो तथा सर्वभौम विश्व कल्याण की भावना है। कर्म सिद्धांत व पुनर्जन्म की अवधारणा ने भारतीयों को पाप-पुण्य का ध्यान रखकर कर्म करने की प्रेरणा दी। कहा कि विकारों व दुर्व्यसनों के कारण दैवी मूल्यों में गिरावट आई किंतु अब परमात्मा शिव राजयोग की शिक्षा देकर घर, समाज और विश्व में पुनः श्रेष्ठ मूल्यों की स्थापना कर रहे हैं। संचालन बीके रामपाल ने किया व आभार बीके कुसुम ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा, जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्रा व उप कृषि निदेशक ने किया।

### कुर्सी को लेकर गेस्ट हाउस में मारपीट

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में शुक्रवार रात शादी समारोह के दौरान कुर्सी को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। नशे में रहे कुछ बारातियों ने वेटर से कुर्सी मांगी, आरोप है कि वेटर के अनसुना करने पर बाराती गालीगलौज पर उतर आए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट व तोड़फोड़ शुरू हो गई। इसमें एक वेटर घायल हो गया। स्थिति बिगड़ती देख गेस्ट हाउस संचालक ने मुख्य गेट बंद कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि दुल्हन ने शादी से इंकार कर दिया और फेरों के समय दूल्हा भी मंडप से उठ गया। इससे अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और कई लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली लाई। परिजनों व संभ्रांत लोगों के समझाने के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद विधिविधान से सात फेरे संपन्न कराए गए और वर-वधू की विदाई हो सकी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गंगाघाट में 159 हिस्ट्रीशीटरों की सघन जांच शुरू

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों की सघन जांच अभियान शुरू किया है। कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि क्षेत्र में कुल 159 हिस्ट्रीशीटर चिन्हित हैं। जिनका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड, वर्तमान गतिविधियां व सामाजिक बैकग्राउंड खंगाला जा रहा है। कहा कि जो व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त मिलेगा उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीमों को नियमित निगरानी व सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा है। वहीं आम लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत रखना प्राथमिकता है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है।कि श्री विष्णु कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 भगवान दयाल श्रीवास्तव निवासी मोहल्ला पंजाबीटोला बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय में दिनांक 03–02–2025 को अपने प्रार्थना पत्र के साथ अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, शपथ पत्र व अपनी बहनो का सहमति शपथ पत्र प्रस्तुत कर यह मांग की है।कि प्रार्थी के पिता भगवान दयाल श्रीवास्तव पुत्र स्व0 महेशचरन के नाम से मोहल्ला पंजाबीटोला बाँगरमऊ की नगर पालिका कर पंजिका मे भवन नम्बर 254/14 मे नाम दर्ज चला आ रहा है। प्रार्थी के पिता भगवान दयाल श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 20–11–2015 को हो चुकी है। प्रार्थी अपने पिता की मृत्यु के उपरान्त उक्त भवन को अपने पिता का परिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र,शपथ पत्र, अपनी बहनों का सहमति शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति के आधार पर नगर पालिका कर पंजिका मे कर की अदायगी के लिए विष्णु कुमार श्रीवास्तव,प्रशान्त कुमार, सुनील कुमार श्रीवास्तव पुत्रगण स्व0 भगवान दयाल श्रीवास्ताव के नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यो आवेदन पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति,शपथ पत्र व सहमति शपथ पत्र के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बाँगरमऊ उन्नाव**



साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय
सार-सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय

कबीर दास जी कहते हैं, इस संसार में ऐसे सज्जनों की जरूरत है, जैसे अनाज साफ करने वाला सूप होता है। जो सार्थक को बचा लेता है और निरर्थक को उड़ा देता है।



# विपक्ष उत्तरदायी बने, प्रश्न पूछे, विकल्प दे, सुझाव रखे

> यूरोपीय संसदीय राजनीति के विद्वान हेराल्ड लास्की ने विपक्ष के तीन कर्तव्य बताए थे। पहला, टू प्रपोज द गवर्नमेंट-सुझाव देना। दूसरा, टू अपोज द गवर्नमेंट-राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक विरोध करना और तीसरा, विकल्प देने के लिए तैयार रहना-टू डिपोज द गवर्नमेंट। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को 'गवर्नमेंट इन वेटिंग' कहा जाता है, लेकिन यहां शोर और स्थगन ही विपक्ष के हथियार बन गए हैं। संसद के विशेषाधिकार महत्वपूर्ण हैं।

संसद की गरिमा के प्रश्न स्थाई भाव बन रहे हैं। संसद देश काल का दर्पण होती है। यह केवल बजट पास करने या कानून बनाने का ही संवैधानिक निकाय नहीं होती। सदन की गरिमा और मर्यादा बहुधा तार-तार हो रही है। संसद की गरिमा को उच्च स्तर पर बनाए रखने का कर्तव्य सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ही जिम्मेदारी है। उत्तरदायित्व का निर्वाहन शोर-शराबे से नहीं होता। सदन के भीतर शोर शब्दों का विकल्प नहीं होता। कांग्रेस दीर्घकाल तक सत्ता में रही है। देश की संसदीय राजनीतिक संस्कृति को विकसित करने की जिम्मेदारी कांग्रेस की ही रही है, लेकिन विपक्षी दल की भूमिका में कांग्रेस वैचारिक विकल्प नहीं दे पाई। दुनियाभर के संसदीय जनतंत्रों में सत्ता पक्ष का विकल्प देने की जिम्मेदारी विपक्ष की ही होती है। सदन में अचानक किसी मुद्दे पर उबाल आ जाना बड़ी बात नहीं है। तीखी नोक-झोंक भी संभव है, लेकिन योजना बनाकर सदन के भीतर उत्पात करना किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता।

भारतीय संसद में बहुत कुछ अप्रिय घटित हो रहा है। ऐसा उत्पात सदन की मर्यादा का हनन है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि 'कांग्रेस के सांसद किसी अप्रत्याशित घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम देना चाहते थे।' बिरला ने कहा कि उन्होंने नेता सदन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सतर्क किया था कि ऐसी कोई बड़ी घटना संभव थी। बिरला ने यह भी कहा कि अभी बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने जैसा व्यवहार किया वैसा लोकसभा की शुरुआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ। यद्यपि कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष के दावे को झूठ बताया है, लेकिन मूलभूत प्रश्न है कि प्रधानमंत्री के आसन के सामने तीन महिला सदस्यों का खड़े होना किस दृष्टि से संसदीय है। लोकसभा अध्यक्ष के अनुसार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया था कि वे सदन में न आएं।

18वीं संसद में प्रेरक घटनाएं नहीं दिखाई पड़ती। विपक्ष अपने संसदीय दायित्वों के निर्वाहन में सफल नहीं रहा। व्यवधान और शोर बार-बार के स्थगन और संसदीय शब्दों का प्रयोग लगातार हो रहा है। राष्ट्रीय विमर्श के प्रश्न बहस का मुद्दा नहीं बन पाए। वैकल्पिक विषयों पर सदन के पटल पर विकल्प देना, विकल्प के क्रियान्वयन के लिए सुझाव देना विपक्ष की जिम्मेदारी है।

यूरोपीय संसदीय राजनीति के विद्वान हेराल्ड लास्की ने विपक्ष के तीन कर्तव्य बताए थे। पहला, टू प्रपोज द गवर्नमेंट-सुझाव देना। दूसरा, टू अपोज द गवर्नमेंट-राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक विरोध करना और तीसरा, विकल्प देने के लिए तैयार रहना-टू डिपोज द गवर्नमेंट। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को 'गवर्नमेंट इन वेटिंग' कहा जाता है, लेकिन यहां शोर और स्थगन ही विपक्ष के हथियार बन गए हैं। संसद के विशेषाधिकार महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री सदन का नेता होता है। नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी कम नहीं होती। सदन की गरिमा को बनाए रखते हुए उसे सरकार की नीतियों की आलोचना करनी चाहिए। उस आलोचना का आधार होना चाहिए। सदन में प्रयुक्त की जाने वाली भाषा संसदीय व्यवहार का प्रमुख हिस्सा है। अपशब्द विचार प्रकट करने का सही माध्यम नहीं होते। अपशब्दों का प्रयोग संसदीय कर्तव्य के आदर्श निर्वाहन का विकल्प नहीं होता, लेकिन यहां प्रधानमंत्री के आसन के समक्ष खड़े होकर शोर मचाना, महिला सांसदों का आसन को घेर कर खड़े होना जैसे प्रसंग रोजमर्रा की कार्यवाही का हिस्सा बन रहे हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

प्रधानमंत्री के विरुद्ध किसी अनहोनी के संबंध में बिरला का रहस्योद्घाटन गंभीर प्रकृति का है। यह छोटी-मोटी घटना नहीं है। योजना बनाकर संसद की कार्यवाही को किसी भी रूप में प्रभावित करने की इच्छा भी खतरनाक है। यह सदन के विशेषाधिकार का भी उल्लंघन है। लोकसभा अध्यक्ष को घटना के सभी तथ्यों की जानकारी है, इसलिए ऐसे गंभीर मुद्दे पर विशेषाधिकार के अवमानना की कार्यवाही होनी चाहिए।

यद्यपि ब्रिटिश संसद को संसदीय मामलों में लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, लेकिन ब्रिटिश संसद के जन्म के बहुत पहले भारत में लोकतांत्रिक संस्थाएं थीं। लुडविग जैसे विद्वानों ने वैदिक काल में ही भारत की संसदीय संस्थाओं का उल्लेख किया है। सभा और समितियां ऋग्वेद में हैं। अथर्ववेद में हैं। महाभारत में हैं। वैदिक साहित्य में सभा के सदस्य सभासद कहलाते थे, जो सभेय थे, सभा में सुंदर बोलते थे, वे सभ्य कहे जाते थे। उत्तर वैदिक काल और पुराणों के समय भिन्न-भिन्न जनहितकारी विषयों पर विचार गोष्ठियां होती थीं। भाषा में मधुरता थी। आचार और विचार मर्यादित थे, लेकिन आधुनिक भारत की संसद तमाम प्रतिभाओं के बावजूद मर्यादित रूप में नहीं चलती। संसदीय कार्यवाही प्रेरित नहीं करती। यह हताश और निराश करती है।

संविधान सभा की कार्यवाही लंबे समय तक चली थी। सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. आंबेडकर, कमलापति त्रिपाठी, विशंभर दयालु त्रिपाठी, मौलाना हसरत मोहानी, हरि विष्णु कामथ, हृदयनाथ कुंजरू, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे विद्वान सदस्य थे।

इस लंबी कार्यवाही में कहीं कोई कटुता नहीं दिखाई पड़ी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभा की अध्यक्षता कर रहे थे। संविधान सभा ने देश को एक राज व्यवस्था दी। राष्ट्रवादी मूल और आदर्श दिए, लेकिन आश्चर्य है कि ऐसी परंपराओं के उत्तराधिकारी होकर भी हम अपनी संसद को सुव्यवस्थित नहीं चला पा रहे हैं। दुर्भाग्य का विषय है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास नीतियों के स्तर पर कोई विकल्प नहीं है। शोर स्थाई भाव है।

सदन राष्ट्रीय विमर्श के संवैधानिक मंच हैं। विपक्ष को तथ्य और तर्क सहित चर्चा करनी चाहिए। मूलभूत प्रश्न है कि प्रश्नों का उद्देश्य क्या है? क्या लोकतंत्र की मजबूती हंगामे से ही संभव है। क्या शोर-शराबा और हंगामा ही बहस का उपकरण हो सकते हैं। लोकसभा के मंच से लगातार विपक्ष द्वारा यही कहा जा रहा है कि हंगामा हथियार हो गया है। विपक्ष के पास तथ्य नहीं हैं। विपक्ष को लगता है कि विपक्ष के पास तथ्य व तर्क से ज्यादा हंगामा और नारेबाजी के उपकरण ही हैं।

विपक्ष सरकार को घेरने के अलावा और किसी लक्ष्य से प्रेरित नहीं है। वह राष्ट्रीय आवश्यकता की रणनीति पर कम और हंगामा द्वारा राजनीतिक बढ़त लेने का हथियार ज्यादा है। सदन में अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर कम से कम विपक्ष से अपेक्षा की जा सकती है कि वह उत्तरदायी बने। प्रश्न पूछे। विकल्प दे। सुझाव रखे। सरकार को जवाबदेह बनाए। विपक्ष का यह भी कर्तव्य है कि वह सदन को हंगामे का मंच न बनाए। वैकल्पिक विचार दे और संसदीय कार्यवाही को राष्ट्रहितैषी बनाए।

संप्रभुता अभद्र नहीं होती। संसद सर्वोच्च संप्रभु संस्था है। विधि निर्मात्री है, संविधान संशोधन के अधिकार से भी लैस है। राज्यों के विधानमंडल इसी की प्रतिछाया हैं, लेकिन संसद और विधानमंडल स्वयं अपनी बनाई कार्य संचालन नियमावली का अनुपालन नहीं करा पाते। राष्ट्र क्षुब्ध है।

# नई पीढ़ी में गेमिंग की लत छुड़वाने की चुनौती

पिछले ही सप्ताह भोपाल की छत्रसाल कॉलोनी के एक व्यवसायी के 8वीं क्लास में पढ़ने वाले इकलौते बेटे ने गेमिंग में फंसकर आत्महत्या की थी। घटना चर्चाओं में थी कि वैसा ही एक और मामला गाजियाबाद में घट गया। सिलसिलेवार तरीके से इस तरीके के केस रोजाना प्रकाश में आ ही रहे हैं। बीते 24 महीनों में करीब 180 घटनाएं देशभर में रिपोर्ट की गई हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों में जिस हिसाब से पांच सालों में उछाल आया है, वह निश्चित रूप से रोंगटे खड़े करता है। कौन सी तरकीब अपनाई जाए, जिससे बच्चे फिर से गेमिंग के चुंगल से निकलकर अपने पारंपरिक देशी किस्म के खेलकूदों की ओर मुड़ जाएं। दरअसल, ऐसी जरूरत गाजियाबाद में तीन बहनों के सुसाइड के बाद और ज्यादा महसूस होने लगी है।



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

क्यों मॉडर्न बच्चे मैदानी खेलों को छोड़कर मोबाइल गेमिंग जैसी आफतों में घुसते जा रहे हैं? ऐसे सवालों का उत्तर बिना देर किए सामुहिक स्तर पर समाज के प्रत्येक वर्गों को खोजना चाहिए। टीनएजर्स में गेमिंग की लत जानलेवा बीमारी जैसी हो गई है, जिसका ताजातरीन उदाहरण सामने है। कोरियन गेमिंग की आड़ में गाजियाबाद की तीन सगी नाबालिग बहनों ने 'लवर गेम टास्क' में खुद को फंसाकर मौत को गले लगाना पड़ा। उनके सुसाइड की खबर समाज में आग की तरह फैली हुई है। दरअसल तीनों बहनों ने मौत को जिस अंदाज से अपनाया उसने अभिभावकों को सबसे ज्यादा झकझोरा है। बच्चियों ने पिता के नाम चिट्ठी लिखकर मौत की वजह भी बताई। आठ पन्नों के सुसाइड नोट में उन्होंने अपनी अधूरी चाहत की पूरी दास्तां को विस्तार से लिखी है। ऐसी-ऐसी वजहें लिखीं, जिन्हें पढ़-सुनकर समाज सोचने पर विवश हुआ है।

> बीते 24 महीनों में करीब 180 बच्चों के खुदकुशी के मामले देशभर में रिपोर्ट हुए हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों में जिस हिसाब से पांच सालों में उछाल आया है, वह निश्चित रूप से रोंगटे खड़े करता है।

घटना की शुरुआती पड़तालें बताती हैं कि गेम की गिरफत में तीनों बहनें ऐसी जकड़ीं कि निकल ही नहीं पाईं, निकलने की तमाम नाकाम कोशिशें जरूर कीं, लेकिन दलदल में इतनी फंस चुकी थीं, वहां से निकला उनके लिए नामुकिन हो गया। अंत में तीनों ने नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त करना ही मुनासिब समझा। पुलिस घटना की तफ्तीश में है। मामला जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, नई-नई अचंभित करने वाली बातें सामने आ रही हैं। कुछ ऐसी भी बातें, जिन पर एकाएक विश्वास करना मुश्किल है।

पुलिस थ्योरी और पड़ोसियों की मानें तो तीनों लड़कियां लगातार गेम खेलती रहती थीं। ये बात अब तथ्यात्मक हो चुकी है कि ज्यादातर गेम साइको टाइप लत परोसने लगे हैं। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा अपनेपन का एहसास कराने की जरूरत है। एक बार जो इसकी गिरफ्त में फंसा, तो आसानी से छुटकारा नहीं पा सकता। इस झकझोर देने वाली घटना को ध्यान में रखकर ये समझना होगा कि आखिर कोरियाई कल्चर टीनएजर्स को क्यों लुभा रहा है? दरअसल, कोरियाई कल्चर की कुछ खासियतें हैं। उनका आधुनिक ड्रामा और के-पॉप प्यार और पारिवारिक भावनाएं लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। उनके अपनेपन से लोग आसानी से उनसे जुड़ जाते हैं।

# आत्म विश्वास और विधि ही मुख्य है

मानव-प्रतिभा का विकास साधन सुविधाओं पर ही आधरित है यह सत्य नहीं है। मानव-प्रतिभा के विकास के लिए आत्म विश्वास और कार्य करने की सम्यक् विधि ये ही मुख्य आवश्यकता है। साधन सुविधाओं की आवश्यकता इनके बाद आती है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं कि अनेक साधन-सुविधाओं के उपरांत भी कई व्यक्ति अपना विकास नहीं कर पाते हैं और जिनके पास पर्याप्त साधन नहीं है फिर भी ये अपनी प्रतिभा का प्रर्याप्त विकास कर पाए और इतिहास बनाकर चले गए। इससे स्पष्ट हो गया कि साधन ही मुख्य नहीं है। आज देश में भारतीय प्रतिभा का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है, तो इसके लिये अधिकतर व्यक्ति साधनों के अभाव को दोष दे रहे हैं, किन्तु यह पूर्ण सत्य नहीं है।

मूल बात तो यह है कि भारतीय जन जीवन में जो विकृतियां इन दिनों व्याप्त हो रही हैं, उनमें ही एक विकृति अपनी विचार विपन्नता की है। अक्सर सुना जाता है कि हम भी बहुत कुछ कर लेते, किंतु हमारे पास साधन नहीं हैं। आलस्य और प्रमाद एक बहाना चाहता है। साधन के अभाव का बहाना आसानी से मिल जाता है। अतः उसे दुहराते रहेंगे और अपने विकास को कुंठित करते रहेंगे।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

देश-विदेश के आविष्कारों और श्रेष्ठ आदर्शों का अध्ययन करें, तो यही स्पष्ट होता है कि जितने भी आविष्कार हुए या जो महत्वपूर्ण कार्य हुए, वे अभावों के बीच हुए। साधन संपन्नता से नव सर्जन के द्वार बंद ही हुए हैं खुले नहीं, हां अभावों में अवश्य विकास की किरण जगती हुई दिखाई दी है।

मानव के पास अपना मस्तिष्क और अपनी देह है। ये ही अनमोल सिद्धियां हैं। ये उपलब्ध हैं तो फिर अन्य साधनों का क्या? वे तो मिले या न मिले। मस्तिष्क स्वस्तः मानव के विकास का मार्ग प्रशस्त कर देता है। करोड़ों का घन भी जो सफलता नहीं दे सकता, मस्तिष्क वह सफलता प्रदान कर ही देता है। अपने मस्तिष्क में विकृत विचार न हों और सम्यक् कार्य विधि हों तो बढ़ते हुए प्रगति चरण कोई नहीं रोक सकता। आत्मविश्वास बड़ी चीज है। धैर्य और दक्षता के साथ अपने कदम बढ़ाएं तो साधन अनायास ही सामने उपस्थित रहेंगे।

हम जो मन में आया उसे तत्काल पूर्णता पूर्वक पा लेना चाहते हैं। भावनाओं का तीव्र ज्वार उमड़ता है अभिष्ट को पा लेने को, किंतु क्या उसी समय वह सब कुछ मिल पाता है? स्पष्ट है अभिष्ट तो उपलब्ध नहीं होता, किंतु निराशाएं अवश्य हाथ लगती हैं। वह निराशा जीवन को उत्साह हीन और भंद बना देती है।

आज अनेक व्यक्ति असफलता की कुंठा से ग्रस्त हैं। वे निराश हैं उन्हें कुछ करना सूझता नहीं। उन्हें चाहिए कि वे अपने कार्यों में ढूंढे कि कमी कहां रही। वह देखें और अपना प्रयास फिर शुरू करें। सारी कमियों को दूर कर उत्साहपूर्वक अपने प्रयास करते रहें। सफलता आपके चरण चूमने लगेगी। निराशा और पैर्यहीनता जीवन के सबसे बड़े दोष हैं। ये मानव को भीतर से पंगु बना देते हैं। अतः इन दोषों से अपने आप को बचा लेना चाहिए। कठिन से कठिन प्रसंग में भी हम धैर्य रख सकें यह एक महान बात होगी।

# बलूचिस्तान के विद्रोह में महिला फिदायीन

> 21 साल की हवा बलोच और 24 साल की आसिफ मेंगल ने सुरक्षा बलों से जंग में लोहा लेते हुए अनेक सैन्यकर्मियों के चीथड़े उड़ा दिए। हवा ने सुरक्षाकर्मियों से सीधा मुकाबला किया, वहीं आसिफा ने नोशकी में आईएसआई के मुख्यालय पर वाहन बम में सवार होकर फिदायीन हमला किया।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अब महिलाओं ने भी कंधे से कंधा मिलाकर बलूच नागरिकों के दमन चक्र के विरुद्ध मोर्चा खोल लिया है। बलूचिस्तान लिबरेशन अर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ 31 जनवरी से शुरू किए गए हेरोफ फेज-2 में 200 से अधिक पाक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और 17 को कब्जे में भी ले लिया है। इस आपरेशन की मुख्य उपलब्धि दो आत्मघाती विद्रोही बालाओं की हैरतअंगेज कहानी सामने आई है। इनमें 21 साल की हवा बलोच और 24 साल की आसिफ मेंगल ने सुरक्षा बलों से जंग में लोहा लेते हुए अनेक सैन्यकर्मियों के चीथड़े उड़ा दिए। हवा ने जहां सुरक्षाकर्मियों से सीधा मुकाबला किया, वहीं आसिफा ने नोशकी में स्थित आईएसआई के मुख्यालय पर वाहन बम में सवार होकर फिदायीन हमला किया। इसे बलूचिस्तान में दो दशकों का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। बीएलए ने इस घटनाक्रम के सत्यापन के लिए हवा बलोच का एक वीडियो भी जारी किया है, जो उनके द्वारा किए हमले से ठीक 12 घंटे पहले का बताया गया है। पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने इन हमलों में महिला लड़ाकों की उपस्थिति की पुष्टि की है।

बलूचिस्तान में यह संकट खुद पाकिस्तान की नाकामियों का नतीजा है। महिला आत्मघाती हमले जता रहे हैं कि अब विद्रोहियों ने मर-मिटने की कसम खा ली है। चूंकि पाकिस्तान के पास इन विद्रोहियों से मुकाबला करने का पर्याप्त साहस नहीं है, इसलिए वे हमलों के पीछे भारत का हाथ बताकर भारत विरोधी झूठा नैरेटिव पाकिस्तान से लेकर विदेशी मंचों पर भी गढ़ रहा है। यह खीज उसकी असहायता दर्शाती है। पाकिस्तान के इस झूठ के दुराचरण से दुनिया परिचित है, इसलिए सब जानते हैं कि पाक के ये षड़यंत्रकारी प्रपंच और नापाक इरादे हैं, इसलिए उसे कहीं से भी समर्थन नहीं मिल पा रहा है। पाकिस्तान इस तरह के आडंबर इसलिए भी रचता है, क्योंकि वह अनेक आंतरिक चुनौतियों से झूझ रहा है। अर्थव्यवस्था चौपट है और गरीबी सुरसामुख की तरह बढ़ रही है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

अफगानिस्तान भी सीमाई क्षेत्रों में पाक के लिए संकट का सबब बना हुआ है, जबकि वह इस्लामिक देश है। अफगानिस्तान पाक के विरुद्ध इसलिए है, क्योंकि अफगानिस्तान पर सैन्य हमलों के लिए अमेरिका के लिए जगह पाकिस्तान ही देता रहा है। अतएव अफगानियों के साथ-साथ बलूच पाक के लिए जानलेवा नासूर साबित हो रहे हैं, इसलिए विश्व मंचों पर उठाए सवालों के प्रतिउत्तर में भारत ने कह दिया है कि पाक अपनी आंतरिक विफलताओं को भारत पर न थोपे। उसे अब लंबे समय से चली आ रही अपने नागरिकों की मांगों का समाधान करना होगा। भारत को किसी भी स्तर पर उसकी नापाक इच्छा कभी भी पूरी नहीं होगी।


दरअसल पाकिस्तान अपने गिरेबान में झांकने के बजाय भारत पर आरोप मढ़ने में लगा रहता है, जबकि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लश्कर-ए-तैयबा और आईएसकेपी जैसे आतंकी संगठनों को बीएलए के खिलाफ खड़ा किया गया है। लश्कर-ए-तैयबा भारत पर भी अनेक आतंकी हमलों में शामिल रहा है, लेकिन भारत तो छोड़िए बलूच में भी पाक सेना बलूच विद्रोहियों के विरुद्ध कमजोर पड़ रही है। इस कारण सरकार और सेना दोनों ही हताश है। विदेशी मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि बीएलए वास्तव में अब एक जन आंदोलन के रूप में दिखाई दे रहा है, जिससे मुकाबला करना सरकार और सेना के लिए कठिन हो रहा है।

बलूचिस्तान के सामाजिक कार्यकर्ता जिब्रान नासिर ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा करके पाक सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा है कि 'बलूचिस्तान जल रहा है और पाक जिम्मेदारी से बचने की मानसिकता के चलते यहां हालात और खराब कर रहा है। पाक को बलपूर्वक शांति स्थापित करने की बजाय बातचीत पर जोर देना चाहिए।' पाक की इस बर्बरतापूर्ण मानसिकता के चलते प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के अनुसार पाकिस्तान में इस साल 28 प्रतिशत आतंकी हमले बढ़े हैं और इस साल जनवरी माह में ही इन हमलों से होने वाली मौतों का प्रतिशत 43 बढ़ गया है।

पाक की पीआईसीएसएस रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी में कुल 361 लोग मारे गए हैं, जिनमें 242 आतंकवादी, 73 नागरिक और 46 सेना के जवान हैं। जबकि बीएलए का दावा है कि आपरेशन हेरोफ के दूसरे चरण में बलूच विद्रोहियों ने पाक सेना के 310 सैनिक मार दिए हैं।

# जब मृत्यु शैया पर लेटे भीष्म पितामह के ज्ञान देने पर हंस पड़ीं द्रौपदी

जीवन में कभी-कभी ऐसी स्थिति आ जाती है, जब यह तय करने में कठिनाई होती है कि क्या किया जाए, क्या न किया जाए? इसे असमंजस का भाव कहा जाएगा। महाभारत में दो नाम ऐसे आते हैं, जिन्हें असमंजस की स्थिति से गुजरना पड़ा था। पहला नाम भीष्म पितामह का लिया जाता है। भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण दुर्योधन कर रहा था, लेकिन भीष्म पितामह इस अपमानजनक घटना पर बोल नहीं पा रहे थे।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

असमंजस की हालत का बयान तब उन्होंने किया जब वे शरशय्या पर लेटे थे और श्रीकृष्ण के साथ पांचों पांडव तथा द्रौपदी उनके पास पहुंचे और भीष्म ज्ञान देने लगे, तो द्रौपदी हंस पड़ी। इस पर भीष्म ने हंसने का कारण पूछा तो द्रौपदी ने कहा, 'जब चीरहरण हो रहा था, तब आपका ज्ञान कहां चला गया था?' इस पर भीष्म ने उत्तर दिया, 'द्रौपदी उन दिनों मैं दुर्योधन का अन्न खाता रहा, जिससे दूषित रक्त बन रहा था। जब अर्जुन ने अपने वाणों से उस रक्त को बाहर कर दिया, तब मैं यह ज्ञान दे रहा हूं।

इसी तरह असमंजस युद्ध के मैदान में अर्जुन को भी हो गया था। अपने ही परिवार का वध करने से अर्जुन बचना चाह रहे थे, लेकिन अर्जुन के इस असमंजस की स्थिति को श्रीकृष्ण ने अपने उपदेशों के जरिए खत्म किया और युद्ध के लिए तैयार किया।

इन घटनाओं को लौकिक जीवन में भी देखने को मिलता है। भीष्म पितामह की तरह बड़े-बड़े ओहदे पर बैठे लोग अपने स्वार्थ में गलत को भी सही मानने के लिए मजबूर हो जाते हैं और जब कभी संकट में पड़ते हैं तब अपने बचाव में यही कहते हैं कि उन पर बहुत प्रेशर पड़ रहा था कि गलत को भी सही कहा जाए। यह स्थिति स्वीकार करने योग्य नहीं होती कि प्रेशर में 'हां में हां' मिलाना पड़ रहा था। सचाई तो यह है कि जब कभी अंतरात्मा से आवाज़ उठे कि क्या गलत है और क्या सही, तभी निर्णय लेकर अलग हो जाना चाहिए।

इसी तरह अर्जुन का असमंजस में पड़ना उचित इसलिए नहीं था, क्योंकि यदि अर्जुन युद्ध के मैदान से अलग हो जाते तो समाज व्याप्त दुर्योधन की बुराई समाप्त न होती। लौकिक जीवन में भी यदि कोई अपराध करता है तो उसे अपना समझ कर छोड़ा नहीं जा सकता। उसे दंड देना ही पड़ता है।

# सेब से खेजड़ी तक: विकास बनाम पर्यावरण की एक सी लड़ाई

केंद्र सरकार ने हाल ही में कश्मीर में प्रस्तावित तीन रेलवे परियोजनाओं पर रोक लगाकर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। यह फैसला सेब के बागों को बचाने के लिए लिया गया है, जिन पर इन रेल लाइनों के निर्माण से सीधा खतरा मंडरा रहा था। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय है, बल्कि उन किसानों के लिए भी बड़ी राहत है, जिनकी आजीविका सेब के बागों पर निर्भर है।



प्रस्तावित रेलवे लाइनों के कारण पुलवामा, शोपिया और अनंतनाग जैसे इलाकों में सेब के हजारों पेड़ों के कटने की आशंका थी। ये इलाके कश्मीर के सेब उत्पादन का केंद्र हैं और वहां की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। बीते एक साल से किसान इस डर में जी रहे थे कि विकास के नाम पर उनकी जमीन और रोजगार छिन जाएगा। इसी आशंका के चलते किसानों ने विरोध प्रदर्शन भी किए और सरकार से इन परियोजनाओं को रद्द करने की मांग की। रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर सरकार और राज्य के सांसदों की सिफारिश पर इन परियोजनाओं को रोका गया है, ताकि बागों को नुकसान से बचाया जा सके। यह निर्णय इस बात की मिसाल है कि यदि सरकार चाहे, तो वह विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना सकती है। पर बड़ा सवाल यह है कि क्या यही संवेदनशीलता देश के अन्य हिस्सों में भी दिखाई जा रही है?



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

इस सवाल के जवाब में राजस्थान के बीकानेर में चल रहा 'खेजड़ी बचाओ-प्रकृति बचाओ' आंदोलन ध्यान खींचता है। यह आंदोलन राजस्थान में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के नाम पर हो रही पर्यावरणीय क्षति के विरोध में खड़ा हुआ है। इस आंदोलन के तहत पर्यावरण संघर्ष समिति ने बीकानेर में तीन दिन पहले महापड़ाव डाला है। महापड़ाव स्थल पर आमरण अनशन पर पहले 363 पर्यावरण प्रेमी बैठे, जिनकी संख्या बाद में 450 हो गई। इनमें 29 संत, एक साध्वी और 68 महिलाएं हैं। अनशन पर 18 के युवा से लेकर 80 साल तक के बुजुर्ग बैठे हुए हैं। तीसरे दिन आमरण अनशन पर बैठे 17 अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ गई। तीन को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती करवाना पड़ा। अब अनशन स्थल पर 75 बेड के दो अस्थायी अस्पताल बनाए गए हैं। यह आंदोलन राजस्थान में खेजड़ी बचाने किया जा रहा है। अनशनकारियों की बिगड़ती तबीयत और अस्थाई अस्पतालों की व्यवस्था इस आंदोलन की गंभीरता को दर्शाती है।

राजस्थान आज देश में सौर ऊर्जा का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और जोधपुर जैसे जिलों में बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा रहे हैं। सरकार और कंपनियों का दावा है कि इससे भविष्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी होंगी और देश का ऊर्जा परिदृश्य बदलेगा, लेकिन इस विकास की कीमत क्या है, इस पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए राजस्थान में पिछले एक दशक में लाखों पेड़ काटे गए हैं। इनमें खेजड़ी जैसे पारंपरिक और जीवनदायी वृक्ष भी शामिल हैं। खेजड़ी को राजस्थान में 'कल्प वृक्ष' का दर्जा प्राप्त है। यह न केवल मरुस्थलीय पर्यावरण को संतुलन देता है, बल्कि इससे सांगरी जैसी सब्जी, पशुओं के लिए चारा और ग्रामीण समुदाय की आजीविका भी जुड़ी हुई है। जन्म से मृत्यु तक के सामाजिक संस्कारों में भी खेजड़ी की मौजूदगी अपरिहार्य है।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के प्रो. अनिल छंगाणी की स्टडी में यह तथ्य उजागर हुआ है कि सोलर लगाने के लिए 10 साल में 50 लाख पेड़ काटे जा चुके हैं। इनमें खेजड़ी, बेर, केर, रोहिड़ा, बबूल आदि शामिल हैं। अध्ययनों में यह भी सामने आया है कि सौर प्लांटों के आसपास का तापमान औसतन 4-5 डिग्री तक बढ़ जाता है। पेड़ों की कटाई से कीट-पतंगों, मधुमक्खियों, पक्षियों और अन्य जीवों के आवास नष्ट हो रहे हैं। गोंद और चारे की उपलब्धता घट रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ रहा है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

न्यूज ब्रीफ

### छेड़खानी के आरोप में युवक को धुना

**महोबा।** थाना अजनर क्षेत्र के बेरी गांव में हो रहे एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए एक युवक को छेड़खानी के आरोप में बेरहमी से पीटा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि गांव विजयपुर निवासी गोकुल प्रसार (36) बेरी गांव में हो रहे शादी समारोह में आया था। आरोप है कि जब वह शौच के लिए गया, तभी गांव की एक महिला ने उस पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसे बिना किसी कारण आरोप लगाकर पीटा गया। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई और घायल गोकुल प्रसाद को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### तमंचा सहित युवक हुआ गिरफ्तार

**महोबा।** चरखारी पुलिस ने अवैध तमंचा सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम के उपनिरीक्षक सूरज कुमार पांडेय, हेड कांस्टेबल बृजेन्द्र सिंह भदौरिया व राजाराम क्षेत्र, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सूपा गांव की सड़क पर चेकिंग कर रहे थे, तभी संदिग्ध होने पर पुलिस ने एक युवक को पकड़कर उसकी तलाशी, जिसके कब्जे से एक 315 अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्त ने पूछताछ दौरान अपना नाम ऋषिपाल (30) पुत्र अनारीलाल, निवासी ग्राम टोलासोयम चरखारी बताया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### बाइक, कार की टक्कर में मां-बेटा घायल

**कुलपहाड़(महोबा)।** नगर के टोरियापूरा निवासी अनिल कुशवाहा अपनी मां एवं छोटी बच्ची के साथ महोबा से बाइक द्वारा कुलपहाड़ आ रहा था, तभी महोबा मार्ग पर नगर के नन्ना ढाबा के पास सामने से आ रहे एक चार पहिया वाहन से टक्कर हो गई, जिसमें अनिल व उसकी मां को गंभीर चोटें आई हैं। अनिल कुशवाहा के पैर में फ्रैक्चर हो गया, जबकि मां के सिर में गंभीर चोट है। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ से महोबा बाद में झांसी रिफर किया गया है। बताया जा रहा कि बाइक चालक हेलमेट नहीं पहने था।

### तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत निकाली रैली

**बेलाताल (महोबा)।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ. पवन राजपूत की देखरेख में विकासखंड जैतपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बघवाहा में एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत तम्बाकू मुक्त युवा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दौरान स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को तम्बाकू का सेवन न कराने और दूसरों को प्रेरित करने के प्रति प्रेरित किया। विद्यालय में स्वास्थ्य टीम ने तम्बाकू के सेवन से होने वाली बीमारियो व उपचार के बावत जानकारी दी। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बगवाहा के विद्यार्थियों, शिक्षकों व स्वास्थ्य टीम के लोगों ने गांव में रैली निकाली, जो गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस विद्यालय में आकर समाप्त हुई। रैली में तंबाकू को ना कहें, जीवन को हां कहें, धूम्रपान छोड़ें, जीना शुरू करें, स्वस्थ फेफड़े, सुखी जीवन जैसे लगाए जा रहे नारे ग्रामीणों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। जागरूकता रैली के बाद विद्यालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. पीएन शर्मा ने कहा कि तंबाकू दुनिया भर के समाजों के लिए एक अभिशाप है, जो जिंदगियों और परिवारों को तबाह करता है और स्वास्थ्य एवं सार्वजनिक सेवाओं पर बोझ डालता है। उन्होंने कहा कि चाहे विकसित देश हो या विकासशील देश तंबाकू अमीर गरीब, शिक्षित अशिक्षित में कोई भेद नहीं करता, यदि आप इसके चंगुल में फंस जाते हैं, तो कभी कभी इससे बाहर निकलने का कोई रास्ता नज़र नहीं आता। इस मौके पर स्वास्थ्य टीम ने तंबाकू से होने वाली बीमारियों और इलाज के बावत जानकारी दी। इस मौके पर एफएचडब्ल्यू संगीता, प्रभारी प्रधानाध्यापक मथुरा राजपूत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को तम्बाखू के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है।

## कैबिनेट मंत्री का रास्ता रोकने से विधायक की बढ़ीं मुश्किलें, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने जारी किया नोटिस

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** एक सप्ताह पहले महोबा आगमन पर जल शक्ति मंत्री का चरखारी विधायक द्वारा घेराव किए जाने से अब भाजपा विधायक की मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। अपनी ही सरकार के मंत्री का भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत और उनके समर्थकों ने कैबिनेट मंत्री का रास्ता रोककर मांगें रखी थी। जिस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने चरखारी विधायक को नोटिस जारी कर दिया है, जिससे अब विधायक नोटिस का जवाब देने की तैयारी में जुट गए है।

गौरतलब है कि 30 जनवरी को भाजपा सरकार के कद्दावर नेता और कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रामश्री महाविद्यालय में छात्रों के एक कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे। कार्यक्रम के बाद जाते समय चरखारी के भाजपा विधायक ने करीब आधा सैकड़ा क्षेत्र के प्रधानों और अपने समर्थकों के साथ कैबिनेट मंत्री का रास्ते में काफिला रोककर उन्हें नमामि गंगे योजना के तहत गांव गांव में बिछाई गई पाइप लाइनों से तमाम गांव में पानी न पहुंचने और सड़कें खोदने के बाद उनकी मरम्मत न कराने से ग्रामीणों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया था। जिस पर मंत्री और विधायक के बीच रास्ते में ही नोकझोंक हो गई थी। कैबिनेट मंत्री के काफिले को इस तरह से सरेआम रोककर घेराव करने के मामले को पार्टी हाईकमान ने गंभीरता से लेते हुए चरखारी विधायक के खिलाफ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। पहले से ही बयान बाजी कर सुर्खियों में रहने वाले भाजपा विधायक की अब मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। विधानसभा चुनाव से करीब एक साल पहले कैबिनेट मंत्री और भाजपा विधायक के बीच हुए विवाद से तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। मामले में विधायक वृजभूषण राजपूत ने कहा,नोटिस अभीतक मिला तो नहीं है, फिरभी प्रदेशाध्यक्ष से मिलकर बात करूंगा।

## डूब क्षेत्र में आने के बाद भी मुआवजा नहीं

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड कबरई के गंज गांव के ग्रामीणों में अर्जुन सहायक परियोजना के तहत गांव को डूब क्षेत्र घोषित करने के बाद भी सिर्फ 260 परिवारों को ही मुआवजा दिया जा रहा है, जिससे अन्य ग्रामीणों में खासा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जल्द से जल्द मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई है।

जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि सिंचाई विभाग उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है, जिससे जिले की यह महत्वाकांक्षी परियोजना उनके लिए मुसीबत का सबब बन गई है। बताया कि यह मामला वर्ष 2009 से जुड़ा है, जब विभाग ने गंज गांव में बोर्ड लगाकर किसी भी नए निर्माण पर रोक लगा दी थी और पूरे गांव को डूब क्षेत्र में घोषित किया था और अब जब मुआवजे और विस्थापन की बारी आई तो विभाग ने अपने रुख में बदलाव कर दिया है। बताया कि पड़ोसी गांव गुगौरा झिर और सहेवा को पूरी तरह डूब क्षेत्र में शामिल कर लाभ दिया गया, लेकिन गंज गांव के केवल 260 परिवारों को ही पात्र माना गया।



कलेक्ट्रेट में खड़े ग्रामीण। अमृत विचार

ज्ञापन में बताया कि विभाग ने एक ही रास्ते के एक तरफ के मकानों को डूब क्षेत्र में लिया, जबकि दूसरी तरफ के मकानों को छोड़ दिया। बताया कि वर्ष 2016-17 में हुई पैमाइश में पूरे गांव को शामिल किया गया था, लेकिन अब विभाग किसानों के साथ धोखा कर रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि पुनः पैमाइश कर पूरे गांव को परियोजना का लाभ और मुआवजा नहीं दिया गया, तो वे आंदोलन करेंगे। ज्ञापन लेने के बाद जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। ज्ञापन देने वालों में संतराम त्रिपाठी, जयप्रकाश द्विवेदी सहित अन्य शामिल शामिल हैं। इस समस्या को लेकर पूर्व में भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया था।

## 93 फरियादी पहुंचे शिकायतें लेकर तीन का मौके पर हुआ निस्तारण

### अपर जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों को समय सीमा के अंदर निस्तारित करने के दिए निर्देश

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील कुलपहाड़ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ. प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने आए हुए फरियादियों के शिकायती पत्र लेकर उनकी समस्याओं को सुना। इस मौके पर आई 93 शिकायतों में से अधिकारियों ने तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया और शेष शिकायतों को संबन्धित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के लिए सौंपा।




फरियादियों की शिकायत सुनते अधिकारी। अमृत विचार

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए और यदि शिकायत निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है, इसलिए शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए, जिससे फरियादियों को इधर उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच की जायेगी, यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब डुग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें। यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं। इस मौके सुबह से ही शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर पहुंच गए, जिससे तहसील परिसर लोगों से गुलजार नजर आया।

### सदर व चरखारी में 5 शिकायतों का निस्तारण

- सदर तहसील में उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे की अध्यक्षता में शिकायतें सुनी गईं। यहां आईं 18 शिकायतों में 3 का मौके पर निस्तारण हुआ। चरखारी में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता की अध्यक्षता शिकायतें सुनी गईं। यहां 48 में से 2 का निस्तारण किया गया।

## रामकथा: महादेव-सती विवाह का भक्तों को कराया रसपान

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के धार्मिक स्थल श्रीरामकुंड धाम में 5 फरवरी से रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। जहां पर प्रयागराज से आ रहे कथा व्यास प्रभाशंकर महाराज रामभक्तों को महादेव सती का विवाह सहित अन्य कथाओं का रसपान कराया। कथा सुनने के लिए आसपास क्षेत्र के अलावा अन्य मोहल्लों के श्रद्धालु राम कथा सुनने के लिए पहुंच रहे हैं और कथा सुनकर भक्त राम भक्ति में डूबकर प्रभु के जयकारे लगा रहे हैं।

कथा व्यास ने बताया कि महादेव का सती से विवाह एक प्रमुख पौराणिक कथा है, जिसमें आदिशक्ति सती ने राजा दक्ष की पुत्री के रूप में जन्म लिया और कठिन तपस्या के बाद भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया। दक्ष की अनिच्छा के बावजूद वे परिणय सूत्र में बंधे। कहा कि यह विवाह जगत कल्याण के लिए आवश्यक था और यह विवाह वैवाहिक सुख और प्रेम का प्रतीक बना। कथा व्यास ने सती का राम पर ब्रह्म अवतार होने में संदेह करना, सती द्वारा राम की परीक्षा लेने, सीता



कथा सुनाते व्यास प्रभाशंकर।

का रूप धारण करने पर महादेव का सती का त्याग करने, दक्ष के किये जा रहे यज्ञ में निमंत्रित न कर महादेव का आदि घटना क्रम का विस्तार से वर्णन किया। कहा कि भगवान राम की कथा हमारे समाज को अनुशासन और प्रेम और सदभाव का संदेश देती है। जिन घरों में भगवान श्रीराम सहित हमारे देवी देवताओं एवं महापुरुषों की कथाओं का गुणगान होता है उन परिवारों में हमेशा सुख शांति बरसती है। कहा कि यदि हमारे समाज के लोग श्रीराम चरित मानस का अनुकरण करते हुए जीवन निर्वाह करने की कला सीख ले तो समाज की सभी प्रकार की समस्याओं का निस्तारण अपने आप हो जाएगा। उमंगेश्वर ज्योतिलिंग महादेव की कृपा से रामकुंड धाम में 16 फरवरी तक चल रही श्रीराम कथा में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

## मम्मी-पापा और बच्चे साथ में देंगे टेट

**महोबा।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को अब टीईटी की परीक्षा पास करने की अनिवार्यता कर दिए जाने से इस दफा टेट की तैयारी कर रहे बच्चों के साथ अब उनके मम्मी पापा भी सीटेट की परीक्षा देंगे। यह पहला मौका है, जब बेटे और बेटियों को ठीक तरह से परीक्षा की तैयारी करने के लिए अभिभावक जोर देते थे, अब अपने ही बच्चों के साथ शिक्षक माता-पिता एक साथ सीटेट की परीक्षा में बैठने जा रहे हैं।

रविवार को होने वाली सीटेट की परीक्षा में 40 साल से 55 साल के बीच के अध्यापक भी इस परीक्षा शामिल हो रहे हैं। वहीं तमाम मृतक आश्रित के रूप में नौकरी पाने वाले अप्रशिक्षित शिक्षक इस परीक्षा में शामिल नहीं हो पा रहे हैं, जिससे उन्हें पिता के बदले मिली नौकरी जाने का भी डर सता रहा है। वहीं अधिकांश शिक्षक महीनों से सीटेट और टीईटी परीक्षा की तैयारी में जुटे रहे। अब 8 फरवरी को झांसी में होने वाली सीटेट परीक्षा में जिले से भारी संख्या में शिक्षक और नवयुवक पहुंच रहे हैं। सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली में 2:30 से शाम 5 बजे तक सीटेट की परीक्षा संपन्न होगी। हालांकि परीक्षार्थियों को दो घंटे पहले से परीक्षा केंद्र में बुलाया गया।

## ट्रकों से वसूली मामले में कार सीज

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** सिमराशेखपुर बालू घाट से निकले ट्रकों से क्षेत्र के एक अधिकारी के चालक के नाम से वसूली की कोशिश का मामला सुर्खियों में चल रहा है।

शासन ने इसबार यमुना में खनन के पट्टे दिए हैं, जिसके क्रम में महेवा ब्लॉक 11 हेक्टेयर भूमि पर सोनभद्र की एक कम्पनी को भी खनन का पट्टा मिला हुआ है, जो गत एक माह से खनन कर रही है। शुरुआत में ही यह खदान विवादों में और आलम यह है कि उस क्षेत्र के युवाओं ने भी बहती गंगा में हाथ धोना शुरू कर दिया है। जानकारों की माने तो गत सप्ताह कार सवार युवकों ने उक्त खदान से बालू लेकर आ रहे ट्रकों को रोका था और कहा था कि वह क्षेत्र के एक बड़े अधिकारी के चालक हैं और वह उनसे खनिजों के प्रपत्र लेकर चले गए थे। हांलाकि ट्रक चालकों ने मामले की जानकारी पुलिस को लूट के रूप में दी थी, जिसके चलते पुलिस सक्रिय हो गई थी और आनन फानन घेराबंदी भी कर चार पहिया वाहन के साथ युवक को हिरासत में लिया था। युवक को शान्ति भंग करने के आरोप में निरूद्ध कर दिया था। न्यामतपुर चौकी इंचार्ज चेतराम बुन्देला के अनुसार 28 जनवरी को कार सवार युवकों ने ट्रक चालकों से क्षेत्र के एक जिम्मेदार अधिकारी का चालक बताकर कागज छीनकर धन उगाही की कोशिश की थी। लेकिन मामले की जांच हुई तो कार और युवक क्षेत्र के ही निकले थे। वहीं क्षेत्रीय लोगों की माने तो यह मामला कानपुर क्षेत्र के एक दबंग से जुड़ा है जो घाट संचालक पर दबाव बनाना चाह रहा है, जिसके चलते क्षेत्र में अराजकता हो रही है।

## सम्मेलन में हिन्दू समाज को एकजुट रहने का दिया संदेश

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचार।** कस्बा अजनर के एक पैलेस में विराठ हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां पर हिन्दू समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया गया।

सम्मेलन में टिहरका धाम के महंत सत्यनाथ महाराज ने हिंदू समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए कहा कि हिंदू समाज संगठित होगा, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा और संगठित समाज ही देश और संस्कृति की रक्षा कर सकता है। ऐसी संस्कृति में भी यदि महिलाओं और कन्यओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की आवश्यकता पड़ती तो समाज को आत्ममंथन कर सुधार की दिशा में




सम्मेलन को संबोधित करते महाराज।

आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में जिला प्रचारक सौरभ ने भारत माता की जय के जयकारों के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत की और उपस्थित जनसमूह को हिंदुत्व का पाठ पढ़ाते हुए राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। टिकरिया धाम के संत रामपाल महाराज ने भी विचार रखे। इस अवसर पर सह जिला कार्यवाहक बृजेंद्र सिंह, जिला बौद्धिक प्रमुख प्रदीप, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जैतपुर बृजेंद्र द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन राजपूत, महामंत्री लालचंद्र सागर, अंकित दुबे, प्रवेश राजपूत, सहकारी समिति अजनर के अध्यक्ष राकेश दुबे सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

- अजनर में आयोजित हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

## दौरिया टीम ने बघौरा क्लब को 15 रनों से हराकर जीता टूर्नामेंट

संवाददाता, अजनर (महोबा)

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के बघौरा गांव में पिछले एक सप्ताह से चल रहे बजरंग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच दौरिया स्टार और बघौरा क्लब के बीच खेला गया, जिसमें मेजवान टीम बघौरा को 15 रनों से हराकर टूर्नामेंट अपने नाम किया। बघौरा में आयोजित बजरंग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला टास के साथ शुरू हुआ, जिसे दौरिया स्टार के कप्तान ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी कर रही टीम के खिलाड़ियों ने निर्धारित 15 ओवर में नौ विकेट खोकर 135 रन बनाए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी बघौरा क्लब के शुरूआती बल्लेबाजों के अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन इसके बाद अन्य बल्लेबाज गेंदबाजों का सामना तो कर सके, लेकिन लक्ष्य का हासिल नहीं कर सके और 11.4 ओवर में ही 120 रनों पर आल आउट हो गई, जिससे दौरिया टीम ने 15 रनों से मैच जीतकर टूर्नामेंट की ट्राफी अपने नाम कर ली। मैच दौरान अंपायर की भूमिका सोनू, अंकित ने निभाई, जबकि कमेंट्री के जरिए मैच का आंखो देखा हाल जितेंद्र और पंकज ने सुनाते हुए दर्शकों का मनोरंजन किया, जबकि स्कोरर की जिम्मेदारी जितेंद्र सेन ने संभाली। मुख्य अतिथि समाजसेवी संदीप राजपूत ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंटों के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपना खेल दिखाने का मौका मिलता है, जिससे वह आगे चलते अच्छे खिलाड़ी बनते हैं।

परखी व्यवस्था | बंदियों की समस्याएं सुनकर जेलर को निस्तारण के दिए निर्देश

## प्रभारी सचिव ने उपकारागार का किया निरीक्षण

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राम नगीना यादव के निर्देश पर शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव पूजा ने टीम के साथ जिला उपकारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रभारी सचिव ने बंदियों की समस्याओं को सुना उनका निस्तारण कराए जाने के जेलर को आवश्यक निदेश दिए।

इस मौके पर तत्पश्चात रसोईघर, बैरकों के अलावा उपकारागार परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निरंतर स्वच्छता बनाये रखने के लिए निर्देशित किया साथ ही जेलर से बंदियों की संख्या व नाश्ते व भोजना में पकने वाली सामग्री के बावत भी जानकारी हासिल की।

निरीक्षण दौरान विधिक सेवा प्राधिकरा की प्रभारी सचिव ने कहा




बंदियों की समस्याएं सुनतीं प्रभारी सचिव। अमृत विचार

कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पात्र बंदियों के विधिक सहायता प्रदान किये जाने के लिए सदैव तत्पर हैं, जिसके तहत उन्होंने कुछ बन्दियां के जमानत प्रार्थना पत्र न्यायालयों मे प्रस्तुत करने के अलावा जो बन्दी अत्यन्त गरीब है तथा अपना निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते उन्हे निःशुल्क लीगल एड डिफेंस काउन्सिल नियुक्त करने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान प्रभारी सचिव ने जेल मे बंदियों की समस्याओं को सुना, जहां पर बंदी राजू पुत्र नारायण दास, अरविंद यादव पुत्र वासुदेव यादव, अमर सिंह पुत्र हरिदास, दीपू सिंह पुत्र फूल सिंह, अभय सिंह पुत्र रामसिंह ने अपनी समस्यायें बताई, जिस पर प्रभारी सचिव ने जेल प्रशासन को जल्द से जल्द समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया।


अपर सचिव ने रसोई बैरकों का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता बनाए जाने की बात कही। उन्होंने अस्पताल मे उपस्थित बंदियों का हालचाल जाना और स्वास्थ्य टीम को समय पर दवा उपलब्ध करने के अलावा बेहतर सेवाओं देने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान जेलर ने बताया गया कि उपकारागार मे कुल 318 बंदी निरूद्ध है और उन्हें प्रातकाल नास्ते मे चाय, गुड़, बिस्कुट दिया गया और सुबह के भोजन के लिए उरद चना की मिक्स दाल, आलू पालक की सब्जी और रोटी तैयार की गयी है। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी चीफ रामनरेश नरेश यादव, असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा, असिस्टेंट योगेन्द्र सिंह व जेलर प्रिय कुमार मिश्र सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नई व्यवस्था : बैलेंस शून्य होते ही ठप हो जायेगी विद्युत आपूर्ति

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए एक बुरी खबर है। अब मार्च माह से बैलेंस शून्य होते ही वे विद्युत का उपभोग नहीं कर पाएंगे। विभाग ने जनवरी माह से ही इसकी तैयारी शुरू कर दी है, जिसके चलते मीटरों का बैलेंस ऋण में चल रहा है।

विद्युत विभाग ने वसूली और बिलिंग आदि प्रक्रियाओं से बचने के लिए गत वर्ष ही मीटर प्रीपेड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसके चलते नगर में आधे से अधिक मीटर बदले जा चुके हैं और बाकी के बदले जाने की कवायद भी चल रही है। उपखंड अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह सचान के अनुसार नगर में लगभग आठ हजार उपभोक्ता है अभी तक सभी की बिलिंग पोस्ट पेड तरीके से चल रही थी। लेकिन अब बिल बनना बन्द हो रहे हैं और मार्च माह के बाद प्रीपेड मीटरों से बिल आना




बंद हो सकता है। इसलिए सभी उपभोक्ताओं को ऋण मे चल रहे बिल के साथ एक माह का अतिरिक्त बिल भी जमा करना होगा। उनके मुताबिक मीटर में बैलेंस शून्य हुआ तो संयोजन विच्छेदित हो जाएगा। अवर अभियन्ता सत्यप्रकाश के मुताबिक उपभोक्ताओं को विभाग का स्मार्ट एप डाउनलोड करना होगा। संयोजन की सभी जानकारी इस ऐप पर उपलब्ध रहेगी। हांलाकि उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि बैलेंस को जीरो न होने दें अन्यथा की स्थिति में अंधेरे में रहना पड़ सकता है।

## एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

**कालपी (जालौन)।** शनिवार को एसडीएम की अगुवाई में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें महज13 शिकायतें दर्ज हुईं।

तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां पर ज्यादातर मामले भूमि विवाद से सम्बन्धित रहे, जिसके चलते एसडीएम ने मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग तथा पुलिस की टीम गठित करने और निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए । इस दौरान सीओ अवधेश कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदार चन्द्र मोहन शुक्ल, उपखंड अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह सचान, ए डी ओ पंचायत हरेन्द्र सिंह सेंगर, जे ई जल संस्थान वासित अली, वन दरोगा मन्ना सिंह, न्यामतपुर चौकी इंचार्ज चेतराम, कालपी शैलेष कुमार सहित अन्य विभागो के जिम्मेदार मौजूद रहे।

**समावेशी वृद्धि को दिशा देने वाला बजट : नीति आयोग**

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने कहा कि केंद्रीय बजट कौशल विकास पर जोर देते हुए निरंतर, तेज और समावेशी वृद्धि को दिशा देगा। विरमानी ने जोर दिया कि भविष्य में कौशल विकास और सेवा क्षेत्र देश की तस्वीर बदल देंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में विनिर्माण को बढ़ावा देने के उपाय, वैश्विक डेटा केंद्रों के लिए दीर्घकालिक कर प्रोत्साहन और कृषि व पर्यटन के लिए समर्थन की घोषणा की गई थी।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 8 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### आरसीपीएल ने जीजीजी में हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया स्थित गुडनेस ग्रुप ग्लोबल (जीजीजी) में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की। इस सौदे में बेटर-फॉर-यू पेय व्यवसाय शामिल है, जिसके जरिये आरसीपीएल को ऑस्ट्रेलियाई बाजार में प्रवेश करने और विदेशी उपस्थिति का विस्तार करने में मदद मिलेगी। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत, आरसीपीएल भारत सहित नए बाजारों में गुडनेस ग्रुप के प्रमुख स्वास्थ्यवर्धक पेय ब्रांड जैसे नेक्सबा और पेस को बढ़ावा देने में मदद करेगी। कंपनी ने इस अधिग्रहण की राशि और हिस्सेदारी के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया है। यह स्वास्थ्य आधारित पेय पोर्टफोलियो विकसित करने के आरसीपीएल के प्रयासों को और मजबूत करती है।

### एसबीआई का लाभ रिकॉर्ड 21,028 करोड़

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शनिवार को तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी किए, जिसके अनुसार बैंक का एकल लाभ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच कर 21,028 करोड़ रहा। शेयर बाजार के मुताबिक एकीकृत आधार पर सार्वजनिक बैंक का लाभ 13.06 प्रतिशत बढ़ा है। एकल ब्याज आय (एनआईआई) सालाना आधार पर 9.04 प्रतिशत बढ़कर 45,190 करोड़ रहा। ऋण में 15.14 प्रतिशत की वृद्धि से इसे समर्थन मिला, हालांकि घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 0.03 प्रतिशत घटकर 3.12 प्रतिशत रह गया। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की गैर-ब्याज आय 15.65 प्रतिशत बढ़कर 8,404 करोड़ रुपये रही।

### फिक्स्ड नेटवर्क को नोकिया का केंद्र शुरू

**चेन्नई।** नोकिया ने तमिलनाडु में फिक्स्ड नेटवर्क के लिए दुनिया का अपना सबसे बड़ा अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र खोला है, जो दूरसंचार क्षेत्र में राज्य के नेतृत्व को और मजबूत करता है। राज्य के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने बताया कि फिनलैंड की दिग्गज दूरसंचार कंपनी का यह विस्तार अगस्त 2024 में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अमेरिका यात्रा के दौरान तमिलनाडु सरकार के साथ हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का परिणाम है। राजा ने पोस्ट कर बताया कि फिक्स्ड नेटवर्क के लिए नोकिया के दुनिया के सबसे बड़े आरएंडडी केंद्र का स्वागत करें।

# 44 अरब डॉलर के अमेरिकी निर्यात पर लगेगा शून्य शुल्क

## द्विपक्षीय समझौते के पहले चरण पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद

- **दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर करेंगे आयात शुल्क कम**
- **केंद्रीय उद्योग मंत्री ने कहा- शुल्क में कमी से श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को तत्काल बढ़ावा मिलेगा**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के तहत अमेरिका को होने वाले लगभग 44 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर शून्य जवाबी शुल्क लगेगा। इस समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत और अमेरिका ने घोषणा की है कि वे एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमत हो गए हैं, जिसके तहत दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। इसके तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को मौजूदा 50 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, वहीं भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं।

गोयल ने कहा कि 44 अरब डॉलर मूल्य का भारतीय निर्यात अमेरिका को शून्य जवाबी शुल्क पर जाएगा। जहां 30 अरब डॉलर मूल्य की भारतीय वस्तुओं पर 18 प्रतिशत शुल्क लगता रहेगा (जिसमें श्रम-प्रधान क्षेत्रों की वस्तुएं शामिल हैं), वहीं 12 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं (इस्पात, तांबा और कुछ वाहन घटक सहित) के शुल्क में कोई बदलाव नहीं होगा। इस्पात, एल्युमीनियम, तांबा और वाहन घटक पर ये शुल्क सभी देशों पर समान रूप से लागू होते हैं। इसलिए ये केवल भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित नहीं करते हैं। इन उत्पादों पर अमेरिका में 50 प्रतिशत शुल्क लगता है।



भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की जानकारी देते केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, साथ में अन्य लोग।

### अंतरिम को जल्द बदलेंगे बीटीए में

गोयल ने कहा कि शुल्क में कमी से कपड़ा, परिधान, चमड़ा और जूते-चप्पल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को तत्काल बढ़ावा मिलेगा। जिस अंतरिम समझौते को अंतिम रूप दिया गया है, उसे जल्द ही हमारे संभावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त में बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश एक बहुत ही निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित समझौते पर पहुंचे हैं, जो भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। एक कार्यकारी आदेश के जरिये अमेरिका द्वारा 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा। यह आदेश जल्द ही आ सकता है।

### कई भारतीय उत्पादों पर शून्य शुल्क

गोयल ने कहा कि जेनेरिक दवा, विमान के पुर्जों, वाहन घटक आदि जैसे कई भारतीय उत्पादों पर शून्य शुल्क दिया जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में भारतीय निर्यात के लिए व्यापक संभावनाएं खुलेंगी। यह समझौता एमएसएमई, किसानों, मछुआरों, युवाओं, महिलाओं और भारत के प्रतिभाशाली लोगों के लिए अवसर प्रदान करेगा। इससे किसानों और मछुआरों को अमेरिकी बाजार में अपनी उपज की बेहतर कीमत पाने में मदद मिलेगी और भविष्य में कपड़ा और परिधान, रत्न और आभूषण, मशीनरी के पुर्जे, खिलौने, चमड़ा और जूते-चप्पल, घरेलू सजावट, स्मार्टफोन और कृषि के कई क्षेत्रों में भारी वृद्धि होगी।

### अमेरिकी बाइक पर शून्य शुल्क, डेविडसन को होगा लाभ

भारत समझौते के तहत 800-1,600 सीसी और उससे अधिक इंजन क्षमता वाली अमेरिकी बाइकों के लिए शून्य-शुल्क पहुंच देगा। एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम से प्रतिष्ठित अमेरिकी ब्रांड हार्ले-डेविडसन को फायदा होगा। पिछले साल सरकार ने पूरी तरह से निर्मित इकाइयों (सीबीयू) के रूप में आयातित 1,600 सीसी तक क्षमता वाली बाइकों पर आयात शुल्क को 50 से घटाकर 40% किया था। दूसरी ओर 1,600 सीसी से अधिक क्षमता वाली बाइकों के लिए शुल्क 50 से घटाकर 30% किया गया था। अधिकारी ने कहा कि शुल्क समाप्ति समझौते के लागू होने के दिन से प्रभावी होगी। भारत हाई-एंड प्रीमियम बाइक के लिए छोटा बाजार है और इस खंड में अमेरिका की हिस्सेदारी बहुत कम है। हीरो मोटोकॉर्प और हार्ले-डेविडसन ने अक्टूबर 2020 में भारतीय बाजार के लिए साझेदारी की घोषणा की थी। इस सौदे के तहत हीरो मोटोकॉर्प को देश में हार्ले-डेविडसन ब्रांड के तहत प्रीमियम बाइकों की श्रृंखला विकसित करने और बेचने की जिम्मेदारी दी गई थी। उसे सर्विस और पुर्जों का ध्यान रखने का भी काम सौंपा गया है।

### बोइंग भारत से विमान के कलपुर्जों का बड़ा खरीदार, समझौते से उत्साहित

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका स्थित बोइंग भारत से विमान के कलपुर्जों की बड़ी खरीदार है। अमेरिकी कंपनी भारत को घटकों के लिए सबसे बड़े विदेशी मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) आधार के रूप में देख रही है। भारत के साथ समझौते के तहत अमेरिका कुछ विमानों और विमान के कलपुर्जों पर शुल्क हटाने पर सहमत है। गोयल ने कहा, बोइंग और एयरबस पहले से ही भारत से विमान के कलपुर्जों के बड़े खरीदार हैं, दोनों कंपनियां साझेदारी से उत्साहित है। भारत विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग के लिए प्रमुख बाजार है और देश में इसके 265 से अधिक वाणिज्यिक और सैन्य विमान हैं। कंपनी के पास 325 से अधिक आपूर्तिकर्ता हैं और देश से इसकी वार्षिक खरीद 1.25 अरब डॉलर की है। इस राशि में कलपुर्जे और सेवाएं शामिल हैं। इसी तरह, एयरबस का लक्ष्य भी 2030 तक भारत से घटकों और सेवाओं की अपनी खरीद को बढ़ाकर दो अरब डॉलर करना है। वर्तमान में यह लगभग 1.4 अरब डॉलर है।

#### भारत-अमेरिका का समझौता अवसर पैदा करेगा: बोइंग

विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने कहा कि भारत-अमेरिका समझौता कई अवसर पैदा करेगा। कंपनी ने हमेशा एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए जीरो-फॉर-जीरो शुल्क दृष्टिकोण की वकालत की है। बोइंग इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा कि यह समझौता कई गुना अवसर खोलता है। यह सौदा उस सिद्धांत को विस्तार देने को गति प्रदान करता है, जिससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होगी और दोनों देशों के लिए लाभ की स्थिति पैदा होगी। बोइंग ने एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए शून्य टैरिफ का समर्थन किया है क्योंकि यात्रा, कनेक्टिविटी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ता है।

### संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों पर अमेरिका को रियायत नहीं

भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों के मामले में अमेरिका को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है और इन क्षेत्रों को पूरी तरह संरक्षण दिया गया है। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा पर सहमत होने की घोषणा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर कहा कि यह समझौता किसानों के हितों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को बनाए रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों को संरक्षित किया गया है। इन वस्तुओं का संबंध भारत के छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका से जुड़ा होने से इन्हें संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।



उन्होंने कहा कि सभी व्यापार वार्ताओं में किसानों के हित सर्वोपरि हैं और मोदी सरकार किसानों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एफटीए में भी कृषि और डेयरी उत्पादों पर आयात शुल्क रियायत नहीं

गोयल ने कहा कि रूपरेखा के माध्यम से भारतीय वस्तुओं के लिए तरजीही पहुंच सुनिश्चित करते हुए, अनाज, फल, सब्जी, मसाले, तिलहन, डेयरी, मुर्गी पालन और मांस सहित कई अन्य संवेदनशील कृषि क्षेत्र को लेकर कोई रियायत नहीं दी गई है। भारत ने अन्य मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में भी संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों पर किसी तरह की आयात शुल्क रियायत नहीं दी है। हाल ही में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। ऐसे व्यापार समझौतों के तहत, कुछ क्षेत्रों में आयात शुल्क को समझौता लागू होने के दिन ही समाप्त कर दिया जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में इसे धीरे-धीरे कम किया जाता है। कुछ क्षेत्रों में शुल्क घटाया जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में कोटा आधारित रियायतें प्रदान की जाती हैं। भारत ने हमेशा से ही डेयरी, चावल, गेहूं, मांस, पॉल्ट्री, अनाज, आनुवंशिक रूप से संशोधित खाद्य पदार्थ, सोयामील और मक्का जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को अपने व्यापार समझौतों के दायरे से बाहर रखा है। कृषि और पशुपालन जैसी संबद्ध गतिविधियां भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो 70 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं। विकसित अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत, जहां कृषि अत्यधिक मशीनीकृत और कॉरपोरेट क्षेत्र के रूप में है, भारत में यह एक बड़ी आबादी की आजीविका का साधन है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स, आईपी के लिए अमेरिका के साथ काम कर रहा भारत : वैष्णव

**बेंगलुरु, एजेंसी**

अमेरिका और भारत के बीच शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स और बौद्धिक संपदा (आईपी) से संबंधित मामलों पर अमेरिका के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने का आह्वान किया गया है। इसमें विशेष रूप से अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) वस्तुओं के व्यापार से जुड़ी बाधाओं का उल्लेख है।



- **अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और आईसीटी वस्तुओं के व्यापार की बाधाओं को दूर करने का आह्वान**

बयान के प्रभाव और इसके अपेक्षित असर पर वैष्णव ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय इस पर विवरण साझा करने वाला नोडल निकाय है, लेकिन जहां तक इलेक्ट्रॉनिक्स का सवाल है, भारत चर्चा में गहराई से शामिल है। मंत्री ने कहा कि हम इलेक्ट्रॉनिक्स और आईपी के मोर्चे पर जुड़े हुए हैं। हम सह-विकास और सह-निर्माण में विश्वास करते हैं। हम आईपी का सम्मान करने में विश्वास करते हैं। हमारा मानना है कि नए उत्पादों, नए विचारों और नई प्रौद्योगिकियों के मामले में भारत के पास पूरी दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है और यह यात्रा बहुत तेज गति से आगे बढ़ रही है। समझौते के लागू होने के छह महीने के भीतर इस बात पर सकारात्मक परिणाम के लिए काम किया जाएगा कि क्या अमेरिकी मानकों या अंतर्राष्ट्रीय मानकों (परीक्षण आवश्यकताओं सहित) को भारतीय बाजार में अमेरिकी निर्यात के उद्देश्यों के लिए स्वीकार किया जा सकता है। भारत और अमेरिका ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) और डेटा सेंटर में उपयोग होने वाली वस्तुओं सहित प्रौद्योगिकी उत्पादों के व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि करेंगे।



# भारत-अमेरिका समझौते पर भाजपा-कांग्रेस में ठनी

## देश की आर्थिक वृद्धि के खिलाफ रहती है कांग्रेस : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता देश के लिए काफी लाभकारी होगा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह हमेशा देश की आर्थिक वृद्धि के खिलाफ रहती है। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस के बयान के बाद आई है।



- **जयराम रमेश की टिप्पणी पर किया पलटवार**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने जयराम रमेश की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक स्तर पर समझौता करने वाले के रूप में उभरते देखकर कांग्रेस असहज है। भंडारी ने एक्स पर सवाल किया कि कांग्रेस भारत के लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), किसानों और अर्थव्यवस्था के विकास का हमेशा विरोध क्यों करती है? कांग्रेस यह पचा नहीं पा रही है कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने यूरोपीय संघ और अब अमेरिका के साथ बड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे हमारे किसानों, निर्यातकों और एमएसएमई के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक अवसर पैदा हुआ है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि यह समझौता देश की महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने अमेरिका के साथ एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा तैयार की है। ये कदम भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा को मजबूत करते हैं, मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हैं और वस्त्र एवं चमड़ा से लेकर रसायन, मशीनरी और हस्तशिल्प उत्पादों तक के क्षेत्रों के लिए अवसरों का विस्तार करते हैं। भारत के संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्रों को दी सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वैश्विक व्यापार के बावजूद किसानों के हितों और ग्रामीण आजीविका की रक्षा हो।

## समझौता दबाव में, मोदी ने कर दिया समर्पण : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार दावा किया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते से भारत को फायदा नहीं हुआ, बल्कि अमेरिका का लाभ हुआ है क्योंकि यह समझौता दबाव में किया गया और प्रधानमंत्री मोदी ने समर्पण कर दिया।



- **कांग्रेस का दावा- व्यापार समझौते से भारत को फायदा नहीं**

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि नमस्ते ट्रंप, हाउडी मोदी पर भारी पड़ गया है। नमस्ते ट्रंप और हाउडी मोदी ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान भारत एवं अमेरिका के रिश्तों से जुड़े दो बड़े राजनीतिक-कूटनीतिक कार्यक्रम थे, जिनका आयोजन क्रमशः अहमदाबाद और ह्यूस्टन में हुआ था। रमेश ने कहा कि अभी तक इस समझौते के विवरण घोषित नहीं किए गए हैं, उनके बारे में शायद आने वाले कुछ महीनों में बताया जाए। लेकिन जो संयुक्त बयान जारी हुआ है, उससे कुछ बातें बिल्कुल साफ़ हैं। पहली, हम अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क को खत्म करेंगे या कम करेंगे। यह साफ़ तौर पर अमेरिकी किसानों के लिए फ़ायदे की बात है, भारतीय किसानों के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि दूसरी बात, जो बिल्कुल स्पष्ट है, वह यह है कि हम रूसी तेल का आयात बंद करने जा रहे हैं और अलग से अमेरिकी सरकार ने यह भी ऐलान कर दिया है कि अगर हम रूस से सीधे या परोक्ष रूप से तेल आयात करते हैं, तब भी हम पर 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क लगाया जाएगा। रमेश ने एक्स पर व्हाइट हाउस के एक बयान का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए पोस्ट किया, अमेरिका अब इस पर नजर रखेगा कि भारत रूस से तेल आयात कर रहा है या नहीं।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका के समक्ष समर्पण कर दिया है। भारत अमेरिका के टाइम जोन के हिसाब से चल रही है, क्योंकि सारे निर्णय अमेरिका के हिसाब से हो रहे हैं।

## संघ सत्ता की इच्छा नहीं रखता : भागवत

**मुंबई, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि संघ किसी के खिलाफ नहीं है और ना ही वह सत्ता या लोकप्रियता चाहता है। भागवत ने जनसभा को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उभरी विभिन्न विचारधाराओं का उल्लेख किया, जिनका प्रतिनिधित्व राजा राम मोहन रॉय, स्वामी विवेकानंद और दयानंद सरस्वती सहित सुधारकों और नेताओं ने किया।

उन्होंने कहा कि हालांकि यह देखा जा रहा है कि समाज को दिशा देने और अनुकूल वातावरण बनाने का काम नहीं हो रहा है। भागवत ने कहा कि आरएसएस का मुख्य उद्देश्य देश में जारी सकारात्मक प्रयासों का समर्थन और उन्हें मजबूत करना है। संघ कोई अर्धसैनिक बल नहीं है, भले ही वह नियमित पथ संचलन करता है और उसके स्वयंसेवक लाठी चलाते हैं, लेकिन इसे एक अखाड़े के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए।



- **आरएसएस प्रमुख बोले- संघ का उद्देश्य सकारात्मक प्रयासों का समर्थन और उन्हें मजबूत करना**

आरएसएस राजनीति में भी शामिल नहीं है, हालांकि संघ से जुड़े कुछ लोग राजनीतिक जीवन में सक्रिय हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 1925 में आरएसएस की स्थापना से पहले के देश की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को एक सुरक्षा वाल्व के रूप में स्थापित किया, लेकिन भारतीयों ने इसे स्वतंत्रता संग्राम का शक्तिशाली साधन बना दिया। भागवत ने आरएसएस के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार का उल्लेख करते हुए उनके बचपन की कठिन परिस्थितियों का वर्णन किया, जिसमें 13 वर्ष की उम्र में प्लेग से माता-पिता का निधन और उसके बाद हुई आर्थिक कठिनाइयां शामिल थीं। भागवत ने कहा कि हेडगेवार ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें उनके स्कूल के दिनों में वंदे मातरम् आंदोलन भी शामिल था। भागवत ने कहा कि जब उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की, तो नागपुर के कुछ लोगों ने उन्हें मेडिकल की पढ़ाई के लिए कोलकाता भेजने हेतु धन जुटाया, जहां वह क्रांतिकारी समूहों के सम्पर्क में आये।

भागवत ने कहा कि हेडगेवार ने कोकेन नाम के कोडनेम से काम किया, जो कोकेनचंद्र नामक व्यक्ति से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि एक बार पुलिस की टीम, जो कोकेनचंद्र को गिरफ्तार करने आई थी, गलतफहमी में हेडगेवार को ही हिरासत में ले गई और यह घटना रास बिहारी बोस की किताब में दर्ज है।

## केंद्र विकसित-समृद्ध जम्मू कश्मीर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध : शाह

**जम्मू, एजेंसी**

- **जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने की दी सलाह**
- **केंद्रीय गृह मंत्री ने जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, और केंद्र शासित प्रदेश में जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता का उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। लोक भवन में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एक विकसित और समृद्ध जम्मू कश्मीर के निर्माण के दृष्टिकोण के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।

अधिकारियों ने बताया कि दो घंटे की बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव अटल दुल्लू और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात शामिल थे। गृह मंत्री ने कहा कि विकास को गति देने के लिए केंद्र के निरंतर और समर्पित प्रयासों से, जम्मू-कश्मीर में विकास परियोजनाओं ने अभूतपूर्व प्रगति की है। जम्मू-कश्मीर को अपनी जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता विकसित करने की जरूरत है। शाह बृहस्पतिवार देर रात जम्मू पहुंचे और शुक्रवार को उन्होंने कठुआ जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गुरनाम एवं बोबियान में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की अग्रिम चौकियों का दौरा किया। कठुआ से लौटने पर शाह ने सुरक्षा समीक्षा बैठक की, जिसमें अन्य लोगों के अलावा सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी थे और बैठक का उद्देश्य जम्मू कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त करना था। परियोजनाओं पर बैठक के दौरान, शाह ने सड़क बुनियादी ढांचे, बिजली, उद्योग, पर्यटन, 4जी और ऑप्टिकल-फाइबर कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों की व्यापक समीक्षा की।

## बाइक सवार की मौत के मामले में उप-ठेकेदार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत के मामले में एक उप-ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि उप-ठेकेदार राजेश प्रजापति को दुर्घटना की सूचना कई घंटे पहले दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की।

- **डीजेबी के खोदे गड्ढे में गिरकर गई युवक की जान, दिल्ली पुलिस ने की कार्रवाई**

जांच के अनुसार, उसी दरमियानी रात को इलाके से गुजर रहे परिवार ने देखा कि कमल (25) संभवतः गड्ढे में गिरा है। उन्होंने घटनास्थल पर तैनात सुरक्षा गार्ड और पास के तंबू में रहने वाले व्यक्ति को सूचना दी। प्रजापति द्वारा नियुक्त सुरक्षा गार्ड ने उसी रात कनिष्ठ कर्मचारी को सूचित किया कि एक व्यक्ति गड्ढे में गिरा है। कनिष्ठ कर्मचारी ने प्रजापति को मौके पर बुलाया। प्रजापति ने गड्ढे में बाइक और व्यक्ति को देखा, लेकिन उसने किसी को सूचित नहीं किया और घर चला गया। कैलाशपुरी निवासी और निजी बैंक के कर्मचारी कमल ध्यानी जब घर लौट रहे थे तभी वह सीवर पाइपलाइन परियोजना के लिए खोदे गए 15 फुट गहरे गड्ढे में गिर गए और मौत हो गई।

## संसद को मर्यादित ढंग से चलाने में विश्वास रखती है सरकार : रीजीजू

**पटना, एजेंसी**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि सरकार डरने वाली नहीं है, लेकिन वह टकराव और हंगामे की राजनीति भी नहीं चाहती। सरकार संसद को शांतिपूर्ण और मर्यादित ढंग से चलाने में विश्वास रखती है। रीजीजू ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में यह टिप्पणी की।

लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी को नहीं बोलने देने से जुड़े सवाल पर रीजीजू ने कहा कि सरकार चाहती तो मार्शलों के जरिये सदन से सदस्यों को बाहर कराकर प्रस्ताव पारित करवा सकती थी, लेकिन वह सभी का सम्मान करती है। हम टकराव नहीं, बल्कि संवाद और मर्यादा के साथ संसद की कार्यवाही चलाना चाहते हैं।



केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में कांग्रेस के 40-50 सांसद पहुंचे थे और वहां अनर्गल बातें कही थीं। रीजीजू ने बताया कि वह स्वयं वहां मौजूद थे, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई, क्योंकि सरकार शांति की पक्षधर है। कांग्रेस सांसदों की टिप्पणियों के बाद लोस अध्यक्ष ने एहतियाती कदम उठाया और प्रधानमंत्री से लोस की बजाय रास में बोलने का अनुरोध किया गया।

### बहस लोकतंत्र का हिस्सा, मर्यादा बनी रहनी चाहिए : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि बहस और चर्चा लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन सदन की मर्यादा हर हाल में बनाए रखी जानी चाहिए। बिहार विधानसभा के स्थापना दिवस पर विधानमंडल के केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह में बिरला ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को सदन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। विधानसभा और संसद के सदस्यों को अपने विचार व्यक्त करने का विशेषाधिकार है। उन्हें अपने विचार साझा करने चाहिए, लेकिन ऐसा करते समय गरिमा बनाए रखनी होगी।

## कर्नल सोफिया पर टिप्पणियों के लिए मंत्री शाह ने फिर मांगी माफी

**इंदौर।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के विवाद से घिरे मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री विजय शाह ने शनिवार को एक बार फिर माफी मांगी और कहा कि विवादास्पद बयान के पीछे उनका मकसद किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज के किसी भी वर्ग के अपमान का कतई नहीं था।

शाह ने कहा कि मैंने कई बार कहा है और आज फिर दोहरा रहा हूं कि मेरे बयान के पीछे ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था कि इससे किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज के किसी भी वर्ग का अपमान हो। निस्संदेह मेरे शब्द मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे। ये शब्द देशभक्ति के उत्साह, उत्तेजना और आवेश में निकले थे।

# रूस से तेल की खरीद पर भारत अपने पहले के रुख पर कायम

- देशवासियों की ऊर्जा जरूरतें पूरी करना सरकार की प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के बार-बार किए जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

भारत का यह बयान अमेरिका द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में उस पर लगाये गये 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क को हटाने के बाद आया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है, सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### तेल क्रय बंद करने का अमेरिकी दावा

उल्लेखनीय है कि भारत के साथ अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद से अमेरिका कहता रहा है कि भारत ने रूस से तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क शनिवार को हटा लिया। ट्रंप ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि भारत ने रूसी संघ से तेल का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## मौत के मुहाने पर बैठे हैं नागरिक

# हर तरफ खूनी गड्ढे



दिल्ली और उससे सटे हाई-टेक शहर नोएडा में पिछले कुछ दिनों में हुई दो घटनाओं ने विकास की चमक के पीछे छिपे मौत के अंधेरे को उजागर कर दिया है। नोएडा में एक होनहार सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जलभराव वाले गड्ढे में डूबने से मौत हो गई, तो वहीं दिल्ली के जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा खोदे गए एक खुले गड्ढे ने बाइक सवार बैंक कर्मचारी की जान ले ली। जनकपुरी की घटना में ठेकेदार की ओर से सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे। ये मौतें महज दुर्घटना नहीं हैं, बल्कि प्रशासनिक क्रूरता का परिणाम हैं जो नियम तो बनाती है, लेकिन उनके पालन में विफल साबित होती है। विडंबना यह है कि जब कोई हादसा होता है, तो विभाग एक-दूसरे पर दोषारोपण शुरू कर देते हैं, लेकिन कोई यह नहीं बताता कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन क्यों नहीं किया गया।

### खुदाई और सुरक्षा के नियम

- निर्धारित मानक : सरकारी विभागों (जैसे जीजेबी, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई) के लिए खुदाई के दौरान सुरक्षा के कड़े नियम भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) द्वारा निर्धारित किए गए हैं।
- कठोर बैरिकेडिंग : नियम के अनुसार, 1.5 मीटर से गहरे गड्ढे के चारों ओर लोहे की चादर या कंक्रीट के अवरोधक होने चाहिए। साधारण प्लास्टिक टेप या रस्सी पर्याप्त नहीं है।
- साइनबोर्ड और रिफ्लेक्टर : कार्यस्थल से कम से कम 50 से 100 मीटर पहले 'काम चल रहा है' के बड़े बोर्ड होने चाहिए। रात के समय रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप और ब्लिंकर लाइट्स अनिवार्य हैं।
- सेफ्टी गार्ड की तैनाती : भीड़भाड़ वाले इलाकों में खुदाई स्थल पर 24 घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात होना चाहिए जो यातायात को निर्देशित कर सके।

### सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के निर्देश

- सुप्रीम कोर्ट का रुख : उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने स्पष्ट किया है कि सड़कों को गड्ढा मुक्त रखना और सुरक्षा सुनिश्चित करना अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) के तहत मौलिक अधिकार है। हाल ही में न्यायालय ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे सड़क सुरक्षा ऑडिट के लिए जवाबदेह तंत्र बनाएं।
- एनजीटी के निर्देश : नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने प्रदूषक भुगतान सिद्धांत को विस्तारित करते हुए लापरवाही किए जाने पर भुगतान लागू किया है। यदि गड्ढे से पर्यावरण या जनहानि होती है, तो संबंधित विभाग पर करोड़ों का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### लापरवाही पर क्या है कानून

- बीएनएस धारा 106 (पुराना आईपीसी 304ए) : लापरवाही के कारण मृत्यु। इसमें 5 साल तक की सजा का प्रावधान है।
- बीएनएस धारा 198/199 : लोक सेवक द्वारा कानून की अवज्ञा करना।
- मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2019 (धारा 198ए) : यदि सड़क के दोषपूर्ण डिजाइन या रखरखाव के कारण दुर्घटना होती है, तो संबंधित प्राधिकरण/ठेकेदार पर 1 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### सजा का सच

- ज्यादातर मामलों में अधिकारियों को केवल निलंबन मिलता है, जो कि वास्तविक सजा नहीं है। कानूनी लड़ाई लंबी होने के कारण दोषी को जेल भेजने की दर बहुत कम है। अदालतों ने अब अधिकारियों के वेतन से मुआवजे की कटौती करने का सुझाव देना शुरू किया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूसी गतिविधियों पर पोलैंड के विमान अलर्ट

**वारसॉ।** यूक्रेन में युद्ध के संबंध में रूस की लंबी दूरी की हवाई गतिविधि का हवाला देते हुए पोलैंड ने शनिवार को सैन्य विमानों को सतर्क किया और हवाई रक्षा प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा। देश की सशस्त्र सेना परिचालन कमान ने यह जानकारी दी। कमान ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि यूक्रेन में लक्ष्यों पर किए गए हमलों के संबंध में संचालित रूस की लंबी दूरी की विमानन गतिविधि के कारण, पोलैंड के और सहयोगी विमानों ने पोलिश हवाई क्षेत्र में परिचालन शुरू कर दिया है। कहा गया है कि जमीनी हवाई रक्षा इकाइयों और रडार टोही प्रणालियों को अलर्ट पर रखा गया था।

### अय्यावास्का पेय के नए केंद्र बने स्पेन, पुर्तगाल

**बार्सिलोना/मैड्रिड।** अमेजन के घने जंगलों में तैयार होने वाला अय्यावास्का पेय अब यूरोप के आलीशान होटलों तक पहुंच गया है और खासकर स्पेन, यूरोप के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जहां कानूनी अस्पष्टता के कारण इसके सेवन संबंधी रिट्रीट बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे हैं। यूरोप के देशों में हाल के वर्षों में अय्यावास्का पेय का सेवन एक वेलनेस प्रैक्टिस के रूप में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। अय्यावास्का पेय दक्षिण अमेरिका के अमेज़न बेसिन में मिलने वाली औषधियों का विशेष काढ़ा है।

### सूडान में ड्रोन हमले में 24 लोगों की मौत

**काहिरा।** मध्य सूडान में शनिवार को एक कुख्यात अर्धसैनिक समूह द्वारा विस्थापित परिवारों को ले जा रहे एक वाहन पर ड्रोन से किए गए हमले में आठ बच्चों सहित 24 लोगों की मौत हो गई। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने बताया कि रैपिड सपोर्ट फोर्सेज द्वारा किया गया यह हमला उत्तरी कोरदोफान प्रांत के राहाद शहर के पास हुआ। वाहन में विस्थापित लोग सवार थे, जो डुबेइकर क्षेत्र में जारी लड़ाई के दौरान भागकर आए थे। मृतकों में दो नवजात शिशु भी शामिल हैं। कई अन्य घायलों को राहाद में इलाज के लिए ले जाया गया।

### अमेरिका में हथियार ट्रांसफर की नई नीति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अमेरिका फर्स्ट आर्म्स ट्रांसफर स्ट्रेटेजी की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य विदेशी सैन्य बिक्री में अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देना और घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व बनाए रखने के लिए अब समय आ गया है कि हथियार हस्तांतरण रणनीति को स्थापित, लागू किया जाए।

# भारत विकास का भरोसेमंद साझेदार

## मलेशिया में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-हाल के ट्रेड डील्स में दिखा यह भाव

- भारतीय समुदाय के स्नेह के लिए प्रधानमंत्री ने जताया आभार

कुआलालंपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है और यह बात ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ समेत विभिन्न देशों के साथ हाल में हुए व्यापार समझौतों में परिलक्षित होती है। मोदी ने यहां भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय प्रवासी भारत और मलेशिया के बीच एक मजबूत सेतु का काम करते हैं।

विभिन्न देशों के साथ भारत द्वारा किए गए व्यापार समझौतों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हुए हैं और विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है।

मोदी ने कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह समझते हैं, इसका कारण हमारी भाषाओं और मलय भाषा में बड़ी संख्या में मौजूद समान शब्द ही होंगे। उन्होंने कहा, कुआलालंपुर में भारतीय प्रवासियों के स्नेह के लिए मैं आभारी हूं। हमारा प्रवासी समुदाय भारत और मलेशिया के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता आ रहा है। मोदी ने कहा कि उन्हें मलेशिया में आकर बहुत खुशी हो रही है, जो 2026 में उनकी पहली विदेश यात्रा है। उन्होंने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और मैं उनके प्रधानमंत्री बनने से पहले से ही दोस्त हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मलेशिया में रहने वाले तमिल प्रवासी विभिन्न क्षेत्रों में समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल, तमिल प्रवासी यहां कई सदियों से रह रहे हैं। इस इतिहास से प्रेरित होकर, हमने मलय विश्वविद्यालय में तिरुवल्लुवर चेयर की स्थापना की है। अब हम साझा विरासत को मजबूत करने को तिरुवल्लुवर केंद्र स्थापित करेंगे।



प्रवासी भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में एक ही कार से पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम।

### भारतीय नृत्य की प्रस्तुति देकर बनाया रिकॉर्ड

इससे पहले मोदी और अनवर इब्राहिम का कार्यक्रम में जबरदस्त स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 800 से अधिक प्रतिभागियों ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इन नर्तकों ने भरतनाट्यम, कथक, कथकली, कुचिपुड़ी, लावणी और ओडिसी समेत भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया। मोदी और इब्राहिम एक ही कार में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। मोदी भारत माता की जय और मोदी, मोदी के नारों के बीच मंच पर पहुंचे। यह घोषणा की गई कि भारतीय नृत्य प्रदर्शन में सबसे अधिक कलाकारों के भाग लेने के लिए इस नृत्य प्रदर्शन ने मलेशियाई रिकॉर्ड पुस्तिका में अपना नाम दर्ज करा लिया है। इब्राहिम ने इस मौके पर कहा, भारत से एक अच्छे मित्र के मलेशिया में हमारे साथ शामिल होने से मैं व्यक्तिगत रूप से उत्साहित हूं। उन्होंने दोनों देशों के बीच प्राचीन संबंधों को याद किया। इब्राहिम ने कहा कि भारत, मलेशिया के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से एक है।

### पीएम मोदी का किया गया भव्य स्वागत

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। मलेशिया के मानव संसाधन मंत्री रामानन रामकृष्णन और उप विदेश मंत्री लुकानिस्मान बिन अवांग सौनी ने इब्राहिम के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान कलाकारों ने पारंपरिक संगीत और नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जो दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हैं। मोदी ने एक्स पर कहा, हवाई अड्डे पर मेरे मित्र, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम द्वारा किए गए हार्दिक स्वागत से मैं बहुत अभिभूत हूं। मुझे हमारी वार्ता का इंतजार है और भारत और मलेशिया के बीच दोस्ती के बंधन को और मजबूत करने की उम्मीद है। मोदी रविवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री के साथ व्यापक वार्ता करेंगे।

# ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएगा अमेरिका

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान संबंधी एक खास कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आदेश अमेरिका को उन देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की अनुमति देता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवाएं खरीदते हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है, लेकिन अधिकारियों को बदलती परिस्थितियों के आधार पर उन्हें तय करने और समायोजित करने के लिए अधिकृत करता है।

इस आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर हालात बदलते हैं, जवाबी कार्रवाई होती है, या यदि ईरान अथवा कोई प्रभावित देश राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति एवं आर्थिक मामलों पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तालमेल बिठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति इस आदेश में संशोधन कर सकते हैं। यह आदेश विदेश मंत्री, वाणिज्य मंत्री और व्यापार प्रतिनिधि को टैरिफ प्रणाली एवं संबंधित उपायों को लागू करने के लिए नियम और दिशा-निर्देश जारी करने सहित सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करता है। इसका उद्देश्य ईरान के ऐसे कदमों का सामना करना है, जिसमें उसकी परमाणु क्षमता हासिल करने की कोशिश, आतंकवाद का समर्थन, बैलिस्टिक मिसाइल विकास और क्षेत्रीय अस्थिरता शामिल है। व्हाइट हाउस के अनुसार, ये सभी कारक अमेरिकी सुरक्षा, उनके सहयोगियों और अमेरिकी हितों के लिए खतरा हैं। बयान में आरोप लगाते हुए कहा गया, ईरान पूरे मध्य पूर्व में प्रॉक्सी समूहों और मिलिशिया को समर्थन प्रदान करता है। इनमें वे संगठन भी शामिल हैं जो अमेरिकी सेना, क्षेत्रीय भागीदारों एवं सहयोगियों को सक्रिय रूप से निशाना बनाने में संलिप्त हैं। यह भी कहा कि ईरानी शासन द्वारा संसाधनों का कुप्रबंधन स्पष्ट है। वह अपने बुनियादी ढांचे और नागरिकों की भलाई के बजाय परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को प्राथमिकता देता है।

### ट्रंप ने ईरान से बातचीत को अच्छा बताया



मस्कट। ईरान और अमेरिका ने शुक्रवार को ओमान में अप्रत्यक्ष वार्ता की। यह बातचीत तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा के तरीके को लेकर फिर शुरुआती बिंदु पर लौटती दिखी लेकिन पहली बार अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने शीर्ष सैन्य कमांडर को भी इसमें शामिल किया। ओमान की राजधानी मस्कट में वार्ता के दौरान अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख नौसेना एडमिरल ब्रैड कूपर की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन और अन्य युद्धपोत अब ईरान के तट के पास अरब सागर में तैनात हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान पर बहुत अच्छी बातचीत हुई है और अगले सप्ताह फिर वार्ता होगी। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि यदि परमाणु समझौता नहीं हुआ तो परिणाम बेहद गंभीर होंगे। ट्रंप ने शुक्रवार देर रात एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ऐसा लगता है कि ईरान यह समझौता करना चाहता है जैसा कि होना चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि ईरान पहले की वार्ताओं से ज्यादा करने को तैयार लग रहा है, हालांकि उन्होंने विस्तार से कुछ नहीं बताया।

# एपस्टीन फाइल से यूरोप में भूचाल जांच के घेरे में कई कद्दावर हस्तियां

- कई नामचीन हस्तियों का करियर असमय हुआ खत्म

लंदन, एजेंसी

एपस्टीन फाइल जारी होने के बाद यूरोप के विभिन्न देशों की कई नामचीन हस्तियां जांच के घेरे में हैं। इनमें एक प्रिंस, कई राजनेता, राजदूत और विभिन्न क्षेत्रों के नामी गिरामी चेहरे शामिल हैं। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा बड़ी संख्या में जारी एपस्टीन फाइल ने यूरोप के राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अभिजात्य वर्ग को स्तब्ध कर दिया है।

कई लोग अचानक नकारात्मक कारणों से सुर्खियों में आ गए हैं, कई का करियर असमय खत्म हो गया और कुछ के खिलाफ आपराधिक, राजनीतिक जांच में तेजी आई है। वाशिंगटन में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को बर्खास्त कर दिया गया और उन्हें जेल जाना पड़ सकता है। मैंडेलसन की नियुक्ति पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर को नेतृत्व संकट का सामना करना पड़ रहा है। नॉर्वे, स्वीडन और स्लोवाकिया में कई कद्दावर हस्तियों की साख को धक्का लगा है।

नवीनतम फाइल से पहले ही, महाराजा चार्ल्स तृतीय के भाई एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर ने अपना सम्मान, राजसी पदवी और करदाताओं द्वारा वित्त पोषित हवेली खो दी। पूर्व प्रिंस एंड्रयू के अलावा, उनमें से किसी पर भी यौन उत्पीड़न का दावा नहीं किया गया है। यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध के कारण उन्हें हटा दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र में स्वीडिश अधिकारी जोआना रुबिनस्टीन ने 2012 में एप्सटीन के कैरेबियाई द्वीप की यात्रा के खुलासे के बाद पद छोड़ दिया। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मिरोस्लाव लाजकैक ने एपस्टीन के साथ अपने संवाद को लेकर इस्तीफा दे दिया। लातविया, लिथुआनिया और पोलैंड ने दस्तावेजों की व्यापक आधिकारिक जांच शुरू की है। नॉर्वे जैसे कुछ देश एपस्टीन के खुलासों से काफी प्रभावित हुए हैं। देश की आर्थिक अपराध इकाई ने एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री थोरबजर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच शुरू कर दी है।

### मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने एक सुनियोजित समुद्री-हवाई समन्वित अभियान के जरिए अंतर्राष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दो दिनी इस अभियान से संघर्षरत क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले भारी मात्रा में तेल और तेल-आधारित कार्गो के अवैध कारोबार में शामिल एक जटिल नेटवर्क ध्वस्त हुआ है। गुरुवार को मुंबई से लगभग 100 समुद्री मील पश्चिम में तटरक्षक बल के जहाजों ने तीन संदिग्ध जहाजों को रोका। टीमों ने जहाजों की तलाशी, बरामद इलेक्ट्रॉनिक डेटा की पुष्टि, दस्तावेजों का सत्यापन और चालक दल से पूछताछ के द्वारा पूरी जानकारी जुटाने और आपराधिक कार्यप्रणाली की पुष्टि कर पाई।

# यूक्रेन-रूस समझौते को जून तक दी समय सीमा

- अमेरिका ने युद्ध की समाप्ति के लिए बनाया दबाव

कीव, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अमेरिका ने यूक्रेन और रूस को लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौते पर पहुंचने के वास्ते जून की समय सीमा दी है। जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि यदि जून की समयसीमा पूरी नहीं होती है, तो ट्रंप प्रशासन संभवतः दोनों पक्षों पर इसे पूरा करने के लिए दबाव बनाएगा।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष इस गर्मी की शुरुआत तक युद्ध समाप्त करने का प्रस्ताव दे रहा है और संभवतः इसी कार्यक्रम के अनुसार सभी पक्षों पर दबाव डालेगा। जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप कहते हैं कि वे जून तक सबकुछ ककरना चाहते हैं। वे युद्ध समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। वे सभी घटनाओं का एक स्पष्ट विवरण चाहते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका ने अगले सप्ताह त्रिपक्षीय वार्ता का अगला दौर पहली बार अपने देश में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है, जो संभवतः मियामी में होगा। उन्होंने कहा कि हमने अपनी भागीदारी की पुष्टि की। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने अमेरिका को 12 हजार अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक प्रस्ताव पेश किया है, जिसे उन्होंने रूसी दूत किरिल दिमित्रीव के नाम पर दिमित्रीव पैकेज नाम दिया है।

### भारतीय छात्र ने लंदन में शुरू की थॉमस टूर सेवा


**लंदन।** लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) से हाल ही में मैक्रो-इकोनॉमिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने वाले केरल के एक छात्र ने रोजी-रोटी कमाने और ब्रिटेन में नौकरी की तलाश में जुटे स्नातकों का मनोबल बढ़ाने के लिए थॉमस टूर्स नाम की अनूठी टूर गाइड सेवा शुरू की है। तिरुवल्ला के मल्लापल्ली गांव के जेम थॉमस मैथ्यू (23) ने अपने दादा के नाम पर थॉमस टूर सेवा शुरू की है, जो उन्हीं की तरह नौकरी की तलाश में जुटे युवाओं को अंशकालिक आधार पर रोजगार हासिल करने का मौका देती है। थॉमस टूर के तहत जेम ने ऐसे यात्रा पैकेज तैयार किए हैं, जो आगंतुकों को कम खर्च में लंदन के विभिन्न स्थलों का दौरा करने का अवसर प्रदान करेंगे।

## आज का भविष्यफल

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 9 फरवरी 05.01 तक तत्पश्चात अष्टमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।

**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**-स्वाती 9 फरवरी 05.02 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** — आज आप कई लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे। प्रेम संबंध अत्यंत मधुर रहने वाले हैं। आपके सामाजिक संपर्क में वृद्धि होगी। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा।

**वृष** — आज आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं। एक साथ अनेक काम संभालने पड़ेंगे। विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** — आज अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें। मित्रों को मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध और भी घनिष्ठ और मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने महत्वपूर्ण काम न छोड़ें।

**कर्क** — आज अपशब्दों का बिल्कुल प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे वो आपको काफी परेशान कर सकते हैं।

**सिंह** — आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में सहयोगियों का साथ मिलेगा। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**कन्या** — आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निभा सकते हैं। महिलाओं को अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** — आज पुराने रुके हुए कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम सिद्ध होगा।

**वृश्चिक** — आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा। आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है।

**धनु** — आज आर्थिक मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके खर्चों में कमी आएगी। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। विवादित मामलों में विजय हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**मकर** — आज रुचिपूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होने से मन प्रसन्न रहेगा। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**कुंभ** — आज बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर विचार कर सकते हैं। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। आपको सकारात्मक बने रहना चाहिए। अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ाएं। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

**मीन** — आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं।

## सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 2 | 9 | | | 6 | | 3 | | |
| | 3 | | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | | | 4 | | 3 |
| | 6 | | | | | 8 | 9 | |
| | | 9 | | 4 | | | | |
| 8 | | 1 | | | | | 3 | 4 |
| 7 | | | 2 | | | | | |

### सुडोकू - 54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 |



“चैंपियंस! इस युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व है। कोच और सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी। इस पल का आनंद लें! जब आपके पास एक सूर्यवंशी हो, तो एक टाइमलेस ब्लॉकबस्टर की उम्मीद होती है! शाबाश, वैभव!
–सचिन तेंदुलकर

स्टेडियम
कानपुर नगर, रविवार, 8 फरवरी 2026
अमृत विचार
www.amritvichar.com

## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| अफगानिस्तान–इंग्लैंड | सुबह 11 बजे |
| इंग्लैंड–नेपाल | दोपहर 3 बजे |
| श्रीलंका–आयरलैंड | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट



अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर और आईसीसी के चेयरमैन जयशाह। एजेंसी

### अमेरिकी राजदूत रहे स्टेडियम में मौजूद

**मुंबई।** भारत के अमेरिका के राजदूत और दक्षिण एवं मध्य एशिया के विशेष दूत सर्जियो गोर शनिवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में भारत और अमेरिका के बीच टी20 विश्व कप मुकाबले के दौरान मौजूद रहे। गोर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अध्यक्ष जय शाह के साथ मुकाबले से पहले आयोजित शानदार उद्घाटन समारोह और आतिशबाजी का लुत्फ उठाया। इस मौके पर भारत के पूर्व कप्तान और इस टी20 विश्व कप के इस सत्र के ब्रांड दूत रोहित शर्मा भी मौजूद थे। गोर ने इससे पहले ‘एक्स’ पर लिखा टी20 विश्व कप मैच के लिए मुंबई पहुंचा हूं। अमेरिका की टीम के लिए बड़ा दिन। अमेरिका की टीम को शुभकामनाएं।

### अधिक टीमों का खेलना अच्छा है : राशिद

**चेन्नई।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टी20 विश्व कप के मौजूदा चरण से 20 टीम के विस्तार का स्वागत करते हुए शनिवार को कहा कि इससे और अधिक देशों के खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। आईसीसी टी20 विश्व कप का 2026 चरण टीम की संख्या के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर राशिद ने कहा विश्व कप में ज्यादा टीम का होना हमेशा अच्छा है। इससे कई देश इसमें शामिल होगें और आपको बहुत नयी प्रतिभाएं देखने को मिलेंगी। अलग–अलग टीमें आती हैं। मुझे लगता है कि इसी तरह विश्व कप और बड़ा बनता जाता है।

### इलावेनिल को एयर राइफल में स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** ओलंपियन इलावेनिल वलारिवन ने दबाव में शानदार संयम दिखाते हुए जापान की मिसाकी नोबाटा की कड़ी चुनौती को पछाड़कर शनिवार को यहां एशियन चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में मेघना सज्जनर ने कांस्य पदक हासिल किया। इलावेनिल, आर्या बोर्से और मेघना सज्जनर की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर कर्णी सिंह परिसर में भारत की महिला राइफल निशानेबाजों के लिए दिन को यादगार बना दिया।

# भारत का टी-20 विश्व कप में विजयी आगाज, अमेरिका को 29 रनों से धोया

## कप्तान सूर्यकुमार यादव ने खेली शानदार पारी, मोहम्मद सिराज ने चटकाए तीन विकेट

**मुंबई, एजेंसी**

गत चैंपियन भारत ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की दबाव में खेली गई 84 रन की नाबाद पारी के बाद मोहम्मद सिराज (29 रन देकर तीन विकेट) की अगुआई में अनुशासित गेंदबाजी से शनिवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के शुरूआती मैच में अमेरिका को 29 रन से हराकर अभियान शुरू किया।

भारतीय टीम अब ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में 12 फरवरी को नामीबिया से भिड़ेगी। खिताब के प्रबल दावेदार भारत के लिए सूर्यकुमार अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में दबाव भरी परिस्थिति में संभलकर खेलते हुए अंत तक डटे रहे। उन्होंने 49 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके और चार छक्के जड़े। इससे शीर्ष और मध्यक्रम में सामूहिक बल्लेबाजी नाकामी के बावजूद भारत नौ विकेट पर 161 रन बनाने में कामयाब रहा क्योंकि विकेटों के गिरने से एक समय ऐसा लग रहा था कि पारी बहुत जल्दी खत्म हो जाएगी। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 132 रन ही बना सकी। उसके लिए संजय कृष्णमूर्ति और शुभम रंजने ने 37-37 रन तथा मिलिंद कुमार ने 34 रन बनाए।

भारत के नई गेंद के गेंदबाज अर्शदीप सिंह (18 रन देकर दो विकेट) और सिराज ने अच्छी शुरुआत की जिससे अमेरिका की टीम 10 ओवर में तीन विकेट पर 49 रन ही बना सकी। भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अस्वस्थ होने के कारण सिराज को अंतिम एकादश में शामिल किया गया, वह दोनों गेंदबाजों में सबसे ज्यादा खतरनाक थे।

इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सूर्यकुमार के अलावा मेजबान टीम के केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके जिसमें तिलक वर्मा ने 25 रन और ईशान किशन ने 20 रन का योगदान दिया। 13वें ओवर में भारत का स्कोर छह विकेट पर 77 रन हो गया था और टीम बुरी तरह लड़खड़ा गई थी लेकिन सूर्यकुमार ने अकेले दम पर पारी को संभाला। दक्षिण अफ्रीका में जन्में शैडली वान शाल्कविक ने चार ओवर में 25 रन देकर चार विकेट झटके। सूर्यकुमार को छोड़कर भारत का मशहूर बल्लेबाजी लाइन-अप पूरी तरह नाकाम रहा और एक समय टीम बहुत कम स्कोर पर सिमटने की ओर बढ़ती दिख रही थी। संकेत शुरुआत में ही मिल गया था जब भारत पहली चार गेंद पर कोई रन नहीं बना सका।

अमेरिकी गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का बिल्कुल भी मौका नहीं दिया। ईशान ने पांचवीं गेंद पर छक्का जड़कर खाता खोला, लेकिन दूसरे ओवर में अभिषेक शर्मा के पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट होने से भारत को पहला झटका लगा। अमेरिकी कप्तान मोनांक पटेल की बेहद सटीक तरीके से क्षेत्ररक्षकों के सजाया हुआ था।



जीत दर्ज करने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव। एजेंसी

### भारत

**161/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ईशान किशन का मिलिंद बो वान | 20 |
| अभिषेक का कृष्णमूर्ति बो अली | 00 |
| तिलक वर्मा का पटेल बो वान | 25 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 84 |
| शिवम दुबे का नेत्रवलकर बो वान | 00 |
| रिंकू सिंह का मिलिंद बो मोहसिन | 06 |
| हार्दिक का साईतेजा बो हरमीत | 05 |
| अक्षर का मोहसिन बो हरमीत | 14 |
| अर्शदीप सिह का मिलिंद बो वान | 04 |
| वरुण चक्रवर्ती रन आउट | 00 |

गेंदबाजी : सौरभ नेत्रवलकर 4-0-65-0, अली खान 2-0-13-1, शैडली वान शाल्कविक 4-0-25-4, मोहम्मद मोहसिन 4-0-16-1, शुभम रंजने 2-0-16-0, हरमीत सिंह 4-0-26-2

### अमेरिका

**132/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| एंड्रीस गॉस का तिलक बो सिराज | 06 |
| मुक्कमल्ला का वरुण बो सिराज | 02 |
| मोनांक पटेल का दुबे बो अर्शदीप | 00 |
| मिलिंद स्ट ईशान किशन बो वरुण | 34 |
| संजय कृष्णमूर्ति का रिंकू बो अक्षर | 37 |
| शुभम रंजने पगबाधा बो सिराज | 37 |
| हरमीत सिंह का सिराज बो अक्षर | 00 |
| मोहसिन का तिलक बो अर्शदीप | 08 |
| शैडली वान शाल्कविक नाबाद | 02 |

गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 4-0-18-2, मोहम्मद सिराज 4-0-29-3, वरुण चक्रवर्ती 4-0-24-1, अक्षर पटेल 4-0-24-2, हार्दिक 4-0-34-0

# युवा ब्रिगेड के हर सदस्य ने बखूबी निभाई अपनी भूमिका

**मुंबई, एजेंसी**

क्रिकेट के दीवाने देश के नूरे नजर बने वैभव सूर्यवंशी ने अपना सर्वश्रेष्ठ फाइनल के लिये बचा रखा था जबकि कप्तान आयुष म्हात्रे जरूरत के समय संकटमोचक साबित हुए और उनकी युवा ब्रिगेड के हर सदस्य ने अपनी भूमिका बखूबी निभाते हुए इंग्लैंड को सौ रन से हराकर भारत को छठी बार अंडर 19 विश्व कप दिलाया।

आईपीएल में अपनी प्रतिभा की बानगी पहले ही दे चुके चौदह वर्ष के सूर्यवंशी में भारत के महान खिलाड़ियों की लीग में शामिल होने का माद्दा है। मुंबई के एक और बल्लेबाज ने दृढता और आत्मविश्वास की नई कहानी लिखी और वह है कप्तान म्हात्रे जिन्होंने खराब फॉर्म को अलविदा कहकर नॉकआउट में अहम भूमिका निभाई।

वैभव सूर्यवंशी : फाइनल में 80 गेंद में 15 चौकों और 15 छक्कों के साथ 175 रन बनाने वाले सूर्यवंशी की सफलता ने भारतीय क्रिकेट के बेहतरीन ढांचे का भी परिचय दिया है जो युवा प्रतिभाओं को तलाशता और तराशता है। पिछले साल आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले बिहार के समस्तीपुर के इस 14 वर्षीय युवक का नाम आज फिर पूरे भारत की जबां पर है।

आयुष म्हात्रे : सेमीफाइनल से पहले छह मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक लगा सके मुंबई के इस खिलाड़ी की आलोचना होने लगी थी। पाकिस्तान के खिलाफ खाता नहीं खोल सके लेकिन 21 रन देकर तीन विकेट लिये और भारत की जीत के सूत्रधार बने।।

आरोन जॉर्ज : हैदराबाद के लिए खेलने वाले केरल के आरोन जॉर्ज को उनकी प्रवाहमय पारियों के लिए जाना जाता है। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने 115 रन बनाए।

**अंडर 19 विश्व कप**

- सूर्यवंशी की आक्रामकता, म्हात्रे की दृढ़ता और जॉर्ज के हौसले से टीम ने रचा इतिहास



वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

### बीसीसीआई ने दिए 7.5 करोड़ रुपये

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर–19 विश्वकप 2026 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के लिए साढ़े सात करोड़ रुपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने छठी बार अंडर–19 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ और जूनियर क्रिकेट कमेटी के लिए साढ़े सात करोड़ रूपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की।

# शेफर्ड की हैट्रिक से वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को परास्त किया

**कोलकाता, एजेंसी**

शिमरोन हेटमायर की तूफानी अर्धशतकीय पारी और रोमारियो शेफर्ड की हैट्रिक सहित पांच विकेट से वेस्टइंडीज ने शनिवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में स्कॉटलैंड को 35 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने हेटमायर के 36 गेंद में 64 रन की आक्रामक पारी के दम पर पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 147 रन पर आउट कर दिया।

शेफर्ड ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 20 रन देकर इस प्रारूप में पहली बार पांच विकेट झटके। उन्होंने इस दौरान पांच गेंद के अंदर चार विकेट लिये जिसमें मैथ्यू क्रॉस, माइकल लीस्क और ओलिवर डेविडसन के विकेटों के साथ हैट्रिक पूरी की। यह शेफर्ड की चार महीने में दूसरी टी20 अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक है। उन्होंने इससे पहले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली थी। बांग्लादेश के हटने के बाद स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में भाग लेने की जानकारी केवल दो सप्ताह पहले मिली थी। उसकी गेंदबाजी अनुशासित दिखी लेकिन लक्ष्य का पीछा करते समय उनकी तैयारी की कमी साफ नजर आयी।

वेस्टइंडीज ने इसके साथ ही 2022-23 में इस टीम से मिली हार का बदला भी चुकता किया। टीम को कुछ दिनों पहले नेपाल से भी हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में टी20 में यह वेस्टइंडीज की एसोसिएट देश पर पहली जीत है। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंग्टन ने 24 गेंदों में 42 रन की तेज पारी खेली, जबकि टॉम ब्रूस ने 28 गेंदों में 35 रन बनाए। इन दोनों की चौथे विकेट के लिए 47 गेंद में 78 रन की साझेदारी टूटने के बाद लगातार विकेट गिरने के कारण टीम काफी पीछे रह गयी।

जेसन होल्डर बेरिंगटन को धीमी गेंद पर आउट कर 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले वेस्टइंडीज के पहले गेंदबाज बने। हेटमायर ने भी शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए कवर पर जॉर्ज मन्सी एक हाथ से कैच लपका।



पांच विकेट का जश्न मनाते वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड (बीच में)। एजेंसी

### आईसीसी ने पाकिस्तानी बोर्ड से मांगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान से यह स्पष्ट करने को कहा है कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच खेलने से इनकार को सही ठहराने के लिए ‘फोर्स मेज्योर (अप्रत्याशित या नियंत्रण से बाहर की स्थिति)’ प्रावधान कैसे लागू किया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस मामले में सरकार पर जिम्मेदारी डालते हुए खुद को स्थिति से अलग करने की कोशिश की थी।

पीसीबी ने हालांकि आईसीसी से बातचीत शुरू कर दी है जिससे अब उम्मीद की एक किरण नजर आ रही है। आईसीसी के एक निदेशक ने उम्मीद जताई कि 15 फरवरी को होने वाला यह महत्वपूर्ण मुकाबला होगा। उन्होंने कहा बातचीत शुरू हो गई है। आईसीसी ने पीसीबी से पूछा है जब टीम सरकार के निर्देशों के तहत पूरे टूर्नामेंट में बाकी मैच खेलने को तैयार है, तो सिर्फ एक मुकाबले से हटने का फैसला कैसे जायज ठहराया जा सकता है। पीसीबी ने कुछ दिन पहले आईसीसी को ‘फोर्स मेज्योर’ प्रावधान लागू करने की मांग की थी।

# अशरफ की पारी से पाकिस्तान ने नीदरलैंड्स को तीन विकेट से हराया

**कोलंबो, एजेंसी**

- 148 रनों के लक्ष्य को अंतिम ओवर में हासिल किया

निचले क्रम के बल्लेबाज फहीम अशरफ के 11 गेंद में 29 रन की मदद से पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के पहले मैच में शनिवार को नीदरलैंड को तीन विकेट से हराया। जीत के लिए 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान का स्कोर दस ओवर के बाद दो विकेट पर 90 रन था लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए। एक समय 16.1 ओवर में सात विकेट पर स्कोर 114 रन था और उसे जीत के लिये 34 रन की जरूरत थी। आखिरी दो ओवर में पाकिस्तान को 29 रन चाहिए थे। अशरफ ने लोगान वान बीक की गेंद पर तीन छक्के और एक चौका लगाया और आखिरी ओवर में चौका जड़कर मैच तीन गेंद बाकी रहते पाकिस्तान के नाम किया।

इससे पहले ओडाउड ने अशरफ का कैच 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर छोड़ा था जब वह सात रन पर थे। नीदरलैंड को इस कैच के छूटने की भारी कीमत चुकानी पड़ी। टी20 विश्व कप से पहले मैदान के बाहर की सुर्खियों ने पाकिस्तान की तैयारी को प्रभावित किया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने का फैसला किया है। पाकिस्तान के लिये साहिबजादा फरहान ने 31 गेंद में सर्वाधिक 47 रन बनाये जबकि सलामी बल्लेबाज सईम अयूब ने 13 गेंद में 24 रन का योगदान दिया। बाबर आजम 18 गेंद में 15 रन ही बना सके। पॉल वान मीकेरेन ने 12वें ओवर में फरहान और उस्मान खान (0) को आउट किया और 13वें ओवर में बाबर भी चले गए। पाकिस्तान का स्कोर इस समय पांच विकेट पर 100 रन था। आखिरी पांच ओवर में पाकिस्तान को 37 रन चाहिये थे लेकिन अनुभवी काइल क्लेन ने 16वें ओवर में मोहम्मद नवाज (छह) को पवेलियन भेजा। आखिरी चार ओवर में पाकिस्तान को 34 रन की जरूरत थी जब शादाब खान भी अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद अशरफ ने टीम को संकट से निकाला। इससे पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई नीदरलैंड टीम ने छठे ओवर में 14 रन निकालकर पावरप्ले के छह ओवरों में दो विकेट पर 50 रन बना लिये थे लेकिन आखिर में पूरी टीम 19.5 ओवर में 147 रन पर आउट हो गई।



शॉट लगाते फहीम अशरफ। एजेंसी

# न्यूजीलैंड को अफगानिस्तान के खिलाफ करना होगा बेहतर प्रदर्शन

**चेन्नई, एजेंसी**

उलटफेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के पहले मैच में रविवार को खेल के हर विभाग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। विश्व कप से पहले इस प्रारूप में न्यूजीलैंड का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है और भारत ने उसे सीरीज में 4.1 से हराया।

टिम सीफर्ट और फिन एलेन के आने से शीर्षक्रम मजबूत लग रहा है लेकिन रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेवोन कोंवे को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ मध्यक्रम की नाकामी न्यूजीलैंड को बहुत खली है। ऐसे में कोई कोताही महंगी पड़ सकती है क्योंकि इस ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका भी है। न्यूजीलैंड को अपने गेंदबाजों के भी फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए थे। लॉकी फर्ग्युसन ने भारत के खिलाफ एक ही मैच खेला लेकिन उनकी गेंदों में अतिरिक्त रफ्तार और विविधता देखी गई। उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ अहम भूमिका निभानी होगी जबकि मिचेल सेंटनेर और लेग स्पिनर ईश सोढी उनका साथ देंगे।



### इंग्लैंड का सामना नेपाल से

**मुंबई।** दो बार की चैम्पियन इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक को उम्मीद है कि टी20 विश्व कप के पहले मैच में रविवार को उनकी टीम जब नेपाल से खेलेगी तो फोकस वेलिंगटन क्लब में हुई घटना की बजाय मैदान में प्रदर्शन पर रहेगा। टी20 प्रारूप में दमदार टीमों में से एक इंग्लैंड की कमान ब्रूक के हाथ में है लेकिन एशेज दौरे से पहले रात को नाइटक्लब में एक बाउंसर से हुई उनकी झड़प को लेकर लगातार वह सुर्खियों में रहे हैं। कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में उनसे उस घटना से जुड़ा सवाल पूछा गया और हरफनमौला विल जैक्स को भी उन सवालों का जवाब देना पड़ा। जैक्स ने कहा मैं उस समय न्यूजीलैंड में नहीं था तो मुझे जानकारी नहीं है।

### खराब फॉर्म से जूझ रहे श्रीलंका का सामना आयरलैंड से

**कोलंबो।** खराब दौर से गुजर रही श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अपने पहले मैच में रविवार को आयरलैंड से खेलेगी तो पिछली निराशाओं को भुलाकर अपने घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने का मौका देने का इरादा होगा।भारत के साथ टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंका की तैयारी अच्छी नहीं रही है। उसे घरेलू टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया। अब श्रीलंका उन गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा। श्रीलंका की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रही है।
इंग्लैंड के खिलाफ दबाव के हालात में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों नहीं चल सके।बारह साल पहले टी20 विश्व कप जीत चुकी श्रीलंका को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा और कागजों पर उसकी टीम मजबूत भी दिख रही है। श्रीलंका को पेचीदा ग्रुप मिला है जिसमें आस्ट्रेलिया भी है।

**डेविस कप क्वालीफायर**

**नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबला 1–1 से बराबर रहा**

# दक्षिणेश्वर के प्रदर्शन से भारत ने की वापसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत की डेविस कप टीम में अहम खिलाड़ी के रूप में तेजी से उभर रहे दक्षिणेश्वर सुरेश ने शनिवार को यहां क्वालीफायर राउंड एक के मुकाबले में नीदरलैंड के शीर्ष खिलाड़ी जेस्पर डी जोंग को शिकस्त दी। सुमित नागल की दिन के पहले एकल मुकाबले में हार के बाद दक्षिणेश्वर की 6-4, 7-5 से मिली जीत से भारत शुरुआती दिन मुकाबला 1-1 से बराबर करने में सफल रहा।

विश्व रैंकिंग में 465वें स्थान पर काबिज दक्षिणेश्वर ने विश्व नंबर 88 डी जोंग के खिलाफ जोरदार जीत हासिल डेविस कन में भरोसेमंद खिलाड़ी के तौर पर अपनी साख मजबूत की। उन्होंने पिछले साल स्विट्जरलैंड्स के खिलाफ उच्च रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ भी जीत दर्ज की थी।





दक्षिणेश्वर सुरेश और सुमित नागल। एजेंसी

नागल के दो घंटे 28 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में गाए डे ओडेन से 0-6, 6-4, 3-6 से हारने के बाद भारत 0-1 से पिछड़ गया था।

भारत को टूर्नामेंट में बनाए रखने का दबाव दक्षिणेश्वर पर था, और उन्होंने डी जोंग के खिलाफ संयमित प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में जोरदार सर्विस की, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने देर से मिले मौके का फायदा उठाते हुए बढ़त बना ली। दक्षिणेश्वर ने दूसरे सेट में भी ऐसा ही संयम दिखाया, शुरुआत में ही एक ब्रेक प्वाइंट बचाया और निर्णायक क्षण में डी जोंग की लड़खड़ाती सर्विस का फायदा उठाकर सेट अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच बहुत कम अंतर था, दोनों खिलाड़ियों ने जोरदार सर्विस की और लंबी रैलियों से परहेज किया।

### नागल ने छूटे मौकों पर अफसोस जताया

**बेंगलुरु।** सुमित नागल ने स्वीकार किया कि निर्णायक सेट में कुछ महत्वपूर्ण गेम गंवाना उनके लिए महंगा साबित हुआ जिससे वह डेविस कप क्वालीफायर के पहले दौर के एकल मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ हार गए। नागल ने हालांकि कहा कि यह हार उनके लिए एक सीखने का अनुभव था क्योंकि वह चोट से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। गाए डे ओडेन के खिलाफ पहला सेट 0–6 से हराने के बाद नागल ने दूसरे सेट में वापसी की लेकिन तीसरे सेट में अहम मौकों को भुनाने में नाकाम रहे। उन्होंने कहा मैं तीसरे सेट से थोड़ा निराश हूं, खासकर 1–0 और फिर 4–3 के आसपास के गेम से। मुझे लगता है कि वही दो गेम मैच का फैसला कर गए।